e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 257
बुधवार
20.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 I मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
*जैसे उबलते पानी में कभी परछाई नही दिखतीः ठीक उसी प्रकार परेशान मन से समाधान भी नही दिखते.. शांत होकर देखिए सभी समस्याओं का हल मिल जाएगा*

ताजा खबरों के लिए देखें

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

## अलविदा पुरानी संसद, नारी शक्ति वंदन विधेयक से हुआ नई संसद का श्रीगणेश

# इतिहास में अमर होने वाला दिन है 19 सितंबर : पीएम मोदी

### कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में पेश किया विधेयक, कहा- अब महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित होंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नए संसद भवन में पहले कानून को पेश करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश करने जा रही है। पीएम मोदी ने इसके लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि 19 सितंबर का ये दिन इतिहास में अमर होने वाला दिन है। इसके बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में यह विधेयक पेश किया। इसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया। बताया गया है कि लोकसभा में अब महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित होंगी। पीएम ने कहा,महिलाओं को अधिकार देने, उन्हें शक्ति देने जैसे पवित्र कामों के लिए शायद ईश्वर ने मुझे चुना है। एक बार फिर हमारी सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाया है। कल ही कैबिनेट में महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दी गई है। आज 19 सितंबर की यह तारीख इसीलिए इतिहास में अमृत्व को प्राप्त करने जा रही है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, नेतृत्व कर रही हैं तो बहुत आवश्यक है कि नीति निर्धारण में हमारी माताएं-बहनें, हमारी नारी शक्ति अधिकतम योगदान दें। योगदान ही नहीं,महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएं। पीएम मोदी ने कहा,स्पेस हो या स्पोर्ट्स हो, दुनिया महिलाओं की ताकत देख रही है। जी20 में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की चर्चा हुई। दुनिया इसका स्वागत कर रही है,स्वीकार कर रही है। इससे पहले पुरानी संसद में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों का एक साथ फोटो शूट हुआ और फिर पीएम मोदी के साथ सभी सांसद पदयात्रा करते हुए नई संसद पहुंचे। जहां महिला आरक्षण बिल पेश किया गया।



### खड़गे ने बोलना शुरू किया तो मचा हंगामा

राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम राज्यसभा में इस बिल को 2010 में पहले ही पास करा चुके हैं.खड़गे ने कहा कि ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण मिले.राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है और यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है और वे उन लोगों को नहीं चुनते हैं जो शिक्षित हैं और लड़ सकते हैं.मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर राज्यसभा में हंगामा होने लगा. इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण खड़ी हुई और उन्होंने कहा, हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं लेकिन यह व्यापक बयान देना कि सभी पार्टियां ऐसी महिलाओं को चुनती हैं जो प्रभावी नहीं हैं, बिल्कुल अस्वीकार्य है. हम सभी को हमारी पार्टी, पीएम ने सशक्त बनाया है.

### सोनिया गांधी ने कहा- ये अपना है

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी जब संसद पहुंचीं तो उनसे महिला आरक्षण बिल के बारे में सवाल किया गया. इसके जवाब में उन्होंने कहा, ये अपना है. कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक को मोदी कैबिनेट की मंजूरी मिलने का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक में इस पर चर्चा कर आम सहमति बनाई जा सकती थी. कांग्रेस ने कहा कि सरकार का यह फैसला कांग्रेस और यूपीए सरकार में उसके सहयोगी रहे दलों की जीत है, क्योंकि उन्हीं की सरकार के कार्यकाल में यह विधेयक राज्यसभा में पारित हुआ था.

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम में क्या-क्या ?

केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके कानून बनने के बाद सदन में महिलाओं की संख्या बढ़ जाएगी। महिला आरक्षण की अवधि फिलहाल 15 साल रखी गई है। इसकी अवधि बढ़ाने का अधिकार लोकसभा के पास होगा। मेघवाल ने आरोप लगाया कि पहले कई बार विधेयक को जानबूझकर पास नहीं होने दिया गया।

### महिला आरक्षण बिल के विरोध में उठे सुर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश होते ही इसका विरोध भी शुरू हो गया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि महिला आरक्षण के अंदर वंचित, उपेक्षित, खेतिहर एवं मेहनतकश वर्गों की महिलाओं की सीटें आरक्षित हो। महिलाओं की भी जाति है.अन्य वर्गों की तीसरी, चौथी पीढ़ी की बजाय वंचित वर्गों की महिलाओं की अभी पहली पीढ़ी ही शिक्षित हो रही है.इसलिए इनका आरक्षण के अंदर आरक्षण होना अनिवार्य है. मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि के तौर पर लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी अपनी मांग रखी. उनका कहना है कि इस बिल में बड़ी खामी यह है कि इसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए कोई कोटा नहीं है और इसलिए हम इसके खिलाफ हैं. ओवैसी ने इस बिल में मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की मांग की है. सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण में लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए. इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी की महिलाओं का आरक्षण निश्चित प्रतिशत रूप में स्पष्ट होना चाहिए. बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि महिलाओं को 50 फीसद आरक्षण दिया जाता तो हमारी पार्टी इसका भी स्वागत करेगी.उन्होंने महिला आरक्षण में ओबीसी एससी और एसटी का कोटा अलग से निर्धारित करने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी पर आधारित प्रदर्शनी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन वृत्त पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के लोकहित के कार्य को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है।महेंद्र भट्ट का कहना है कि 17 अक्टूबर से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत इस प्रदर्शनी का आयोजन आमजन के लिए किया गया है। मोदी के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए जिला मुख्यालय स्तर पर भी इस तरह की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। समाज के सभी वर्गों को प्रदर्शनी के माध्यम से जोड़ा जाएगा व प्रदेश के प्रबुद्ध जनों को निमंत्रण के माध्यम से बुलाया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे।

### झारखंड कैडर के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी बनाये गये सीबीआई के डीआईजी

**रांची :** झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई का डीआईजी नियुक्त किया गया हैं। कुलदीप द्विवेदी वर्तमान में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में उप डीआईजी के पद पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि कार्मिक मंत्रालय ने 17 जनवरी, 2026 को समाप्त होने वाली पांच साल की अवधि के लिए द्विवेदी को उनके पद डीआईजी आईटीबीपी से डीआईजी सीबीआई के पद पर अधिकृत किया है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गणेश चतुर्थी की दी शुभकामनाएं



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार कहा है। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता गणेश आप सभी को स्वस्थ जीवन, सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें, यही कामना करता हूं। वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु में देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥ गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया।

## देश भर में गणेश उत्सव की धूम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** देश भर में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंगलवार 19 सितंबर को गणेश उत्सव का पहला दिन है। कोलकाता, जयपुर, नागपुर, रांची सहित कई शहरों में मंदिरों और पंडालों को सजाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, गणेश चतुर्थी तिथि से अनंत चतुर्दशी तक 10 दिनों के दौरान गणेश जी की विधि-विधान के साथ उपासना की जाती है। गुरुवार 28 सितंबर को गणेश विसर्जन किया जाएगा। हर साल की तरह महाराष्ट्र में गणपति पूजा को लेकर खास तैयारियां चल रही है। मूर्तिकारों ने श्रद्धालुओं की पंसद के मुताबिक अलग-अलग तरीके की गणपति मूर्तियां बनाई हैं। गणपति के भोग के लिए मिठाइयों की दुकानों में मोदक और लड्डू की डिमांड बढ़ गई है। बाजार में फल-फूल से लेकर साज-सजावट के सामानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।सीएम शिवराज राजधानी भोपाल के प्लेटिनम प्लाजा मार्केट पहुंचे. जहां उन्होंने गणपति प्रतिमा को लिया और ढोल-धमाके के साथ सीएम हाउस पहुंचे. यहां सीएम शिवराज और पत्नी साधना ने विधि-विधान के साथ प्रतिमा की स्थापना कराई.



इस दौरान सीएम शिवराज ने सभी को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा आज से गणपति घर-घर विराजेंगे और सभी पर उनकी कृपा बरसेगी. विघ्न विनाशक संकट हर्ता, विघ्नहर्ता सभी के जीवन के विघ्न हरे, सभी सुखी, निरोग रहे और सबका कल्याण हो. देश और प्रदेश हमेशा प्रगति के मार्ग पर बढ़ता रहे. जनता हमेशा सुखी रहे. यही उनके चरणों में प्रार्थना है.

## हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पेयजल समस्या पर मांगा एक्शन प्लान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्रोतों के अतिक्रमण को लेकर स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस वर्ष मानसून में अब तक कम वर्षा हुई है। रांची के लोगों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए क्या एक्शन प्लान है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की।कोर्ट ने रांची नगर निगम को शहर के जल स्रोतों कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के आसपास से अतिक्रमण हटाने



एवं इन जल स्रोतों में सॉलिड एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने के संबंध में जवाब मांगा है।इससे पहले एमिकस क्यूरी इंद्रजीत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मानसून में इस साल अबतक रांची में 27 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। इस वर्ष दिसंबर के बाद से पेयजल की समस्या रांची में होने लगेगी। ऐसे में सरकार कैसे इस समस्या से कैसे लड़ेगी, इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएम सहदेव ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था, अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी। रांची के जल स्रोतों यथा कांके डैम, धुर्वा डैम एवं गेतलसूद डैम की जमीन का अतिक्रमण किए जाने मामले में भी कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

### हाई कोर्ट ने सीबीआई को सौंपा जमशेदपुर के विवेकानंद ट्रस्ट में 42 लाख गबन की जांच का जिम्मा

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने जमशेदपुर स्थित स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट को वर्ष 2002-03 में केंद्रीय जनजाति विकास मंत्रालय से दिए गए 42 लाख के गबन मामले की जांच सीबीआई को सौंपा है। स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने यह आदेश दिया।इससे पहले इस मामले की जांच जमशेदपुर पुलिस ने की थी लेकिन अब हाई कोर्ट ने इस मामले की नए सिरे से जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया है।

## हरे-भरे झारखंड में दिख रहा जलवायु परिवर्तन का असर : संजय श्रीवास्तव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के 33 प्रतिशत से अधिक हरा-भरा होने के बाद भी यहां जलवायु परिवर्तन का असर दिखने लगा है। उत्तरी-पश्चिमी जिलों गढ़वा, लातेहार व पलामू में औसत तापमान का बढ़ना, बारिश घटना, जंगलों में आग को इसके परिणाम के तौर पर देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है 7 ये बातें प्रधान मुख्य वन




संरक्षक (पीसीसीएफ) संजय श्रीवास्तव ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संयुक्त तत्वावधान में हुए अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में कही। जलवायु उत्तरदायी कार्यों, नीतियों व विधानों पर झारखंड में हो रहे कार्यों पर विचार साझा करने के लिए देश में भारतीय वन सेवा के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया था । उन्होंने सम्मेलन में कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों - ग्रीन हाउस प्रभाव, कृषि जीवाश्म ईंधन का प्रयोग, जंगलों की कटाई, कारखाने और अन्य प्रकार के प्रदूषण को मद्देनजर रखते हुए झारखंड में हरित हाइड्रोजन, जैव इंधन व नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में सराहनीय पहल की गई है।

## तालाब में डूबने से 4 की मौत

पप्पु कुमार वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** मंगलवार की अहले सुबह गिरिडीह के पचम्बा थाना इलाके के हंडाडीह में कर्म पूजा की मिट्टी लाने गई चार बच्चियों की मौत तालाब में डूबने से हो गई. मृतकों में ओमप्रकाश राणा की 17 साल की बेटी संध्या कुमारी और 15 साल की दिव्या कुमारी समेत दो और शामिल है. जबकि एक बच्ची पूजा कुमारी खुद को किसी तरह बचने में सफल रही. जानकारी के अनुसार हंडादीह की पांच बच्ची पचम्बा के बुढ़वा तलाब में कर्मा पूजा की पूजन साम्रगी बहाने और स्नान करने गई हुई थी. तलाब पानी से लबाबाब भरा था. इसी क्रम में पांचों बच्चियां गहरे पानी में डूबने लगी।और सहयोग के लिए आवाज लगाने लगी. तब तक चार बच्ची डूब चुकी थी. इस दौरान किसी तरह स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिली। स्थानीय लोगों समेत परिजन भी तालाब पहुंचे और पांचों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चार बच्ची को इलाज के क्रम में मृत घोषित कर दिया गया.जबकि पांचवे को लेकर उनके परिजन भी घर पहुंचे. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी संजय राणा, पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह, जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह समेत कई नेता भी सदर अस्पताल पहुंचे. इधर गिरिडीह विधायक घटना को लेकर चिन्ता जताई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर पोस्टमार्टम के लिए मनाया। ताकि परिजनों को आपदा कोष से 4-4 लाख रुपये की मदद दिलाने में सहूलियत हो.

## ट्रेन की चपेट में आया हाथी, मौत

एजेंसी

**हरिद्वार :** हरिद्वार के ज्वालापुर सीतापुर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।हादसा बीती देर रात हरिद्वार रेंज में सीतापुर फाटक के पास हुआ, जब एक हाथी उपासना एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। नर हाथी की ट्रेन से कटकर मौत की सूचना से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।बताया जा रहा है कि हाथियों का झुंड जंगल से निकलकर रिहायशी क्षेत्र में आया था। इसी दौरान पटरी पार करते हुए वह ट्रेन की चपेट में आ गया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चपेट में आए हाथी का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकता है। गौरतलब है कि इस इलाके में हाथी भोजन और पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्रों का रुख करते हैं। रेल लाइन पर अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं, और वन्यजीवों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

### न्यायिक हिरासत में भेजे गए कांग्रेसी विधायक मामन

**चंडीगढ़ :** नूंह हिंसा मामले में आरोपों का सामना कर रहे हैं कांग्रेस विधायक मामन खान को अदालत से थोड़ी राहत मिल गई है. हरियाणा पुलिस ने रिमांड अवधि बढ़ाने की अर्जी थी लेकिन अदालत ने पुलिस की अर्जी को ठुकरा दिया और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. सवाल यह है कि नूंह हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक मामन खान का नाम कैसे सामने आया.

### हत्या के आठ दोषियों को उम्रकैद

**रांची :** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को हत्या के एक मामले में एक महिला सहित आठ लोगों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इनमें मो साबिर, उसकी पत्नी निखत परवीन, बेटा साजिद उर्फ माचिस, आसिफ उर्फ मबो, छोटका, दानिश, विक्की और मो. इरशाद उर्फ रैडर शामिल हैं। यह मामला लोअर बाजार थाना क्षेत्र से जुड़ा है। दोषियों ने कलाल टोली के रहने वाले जैफ आलम की सात दिसम्बर, 2018 को कर्बला चौक के नजदीक सामूहिक हत्या कर दी थी। यह जानकारी अधिवक्ता परमानंद यादव ने दी।

## अनंतनाग मुठभेड़ : सेना ने कर्नल, मेजर व डीएसपी की शहादत का लिया बदला, मारा गया उजैर खान

एजेंसी

**श्रीनगर :** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में बीते बुधवार से जारी मुठभेड़ खत्म हो गई। जिले के कोकरनाग के गडूल के घने जंगल और पहाड़ी इलाके में सात दिन तक चला एनकाउंटर मंगलवार को पूरा हुआ। हालांकि तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षाबलों ने यहां दो आतंकियों को मार गिराया है। इन में लश्कर कमांडर उजैर खान भी शामिल है। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि लश्कर कमांडर उजैर खान को मार दिया गया है। उसके पास से हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक और आतंकवादी का शव मिला है। ऑपरेशन के दौरान दो अन्य शव बरामद हुए हैं। इनमें से एक शव उजैर खान का है। जबकि दूसरे आतंकी की पहचान अभी का जा रही है। गडूल ऑपरेशन घाटी में आतंकवाद के विरोध में चले लंबे ऑपरेशन की सूची में शामिल हो गया है। बता दें कि कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक और पूर्व डीआईजी कश्मीर गुलाम मोहम्मद भट के बेटे डीएसपी हुमायूं भट नक्सलियों के साथ गोलीबारी में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। वहीं, एक जवान प्रदीप सिंह लापता हो गए थे, जिनका पार्थिव शरीर 18 सितंबर की शाम को मिला। इसी घटना के प्रतिशोध में सेना ने ऑपरेशन चलाया था।

### कौन था आतंकी उजैर खान

कोकरनाग में हुई मुठभेड़ में तीन सुरक्षा अधिकारी और एक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए। इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा टीआरएफ ने ली थी। हमले को अंजाम देने में 10 लाख का इनामी आतंकी उजैर खान शामिल था। उजैर खान स्थानीय आतंकवादी था, जो कोकरनाग के नौगाम गांव का रहने वाला था। जून 2022 से उजैर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ गया।



## सांसद आवास पर हुआ श्री गणेश पूजनोत्सव

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद संजय सेठ के आवास पर श्री गणेश पूजन उत्सव आरंभ हुआ। 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में आज सांसद सेठ की पत्नी नीता सेठ व अन्य स्वजनों ने पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश का आह्वान किया। संसद के विशेष सत्र के कारण सेठ अभी दिल्ली में है। उन्होंने बताया कि 10 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के कई लोगों को हमने आमंत्रित भी किया है। सांसद ने रांची लोकसभा क्षेत्र के लोगों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी।भगवान गणेश से सबके लिए मंगलकामना की है। आवास पर आयोजित उत्सव में कार्यकर्ताओं, नागरिकों और अन्य सभी स्वजनों को उन्होंने आमंत्रित किया है। सायंकाल की आरती में संगठन और शहर के कई प्रतिष्ठित हुआ गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री ने लिया ऐतिहासिक निर्णय : आशा लकड़ा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद मंगलवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया। इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। मंगलवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कही। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। कहा, कांग्रेस ने लंबे काल तक शासन किया, लेकिन महिलाओं को उनके अधिकार से हमेशा वंचित रखा। इस बिल के कानून बनने के बाद हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। लोकसभा और देश की अन्य विधानसभाओं में हर तीसरी सांसद महिला होगी। प्रधानमंत्री के इस निर्णय से स्पष्ट हो चुका है कि महिलाओं में नेतृत्व क्षमता की कमी नहीं है, उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

## अवधेश पर गोली चलवाने वाले चितरंजन को बेउर जेल से रांची लाया जायेगा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते गुरुवार को कांके थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश पर गोलियां बरसाने वाले आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस के लिए इसके लिए केस आईओ ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी में आवेदन दिया है। इस आवेदन को स्वीकृत करते हुए सीजेएम ने बेउर जेल के जेल अधीक्षक को पत्राचार कर दिया है। चितरंजन फिलहाल एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद है। उसपर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा रांची के गोंदा थाना में और कांके थाना में पहले से ही तीन केस दर्ज हैं। इसके अलावा कृष्णा फरार है और करीब पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में रखा है।

## शिवगंज मंदिर परिसर में भव्य तरीके से हरितालिका व्रत की पूजा की गई

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवगंज मंदिर परिसर में भव्य तरीके से हरितालिका व्रत की पूजा मनाई गई। महिलाओं द्वारा की गई हरितालिका व्रत अपने पति की लंबी आयु के लिए की जाती है । इस दिन शिव पार्वती की पूजा की जाती है । ऐसा मान्यता है कि पार्वती जी के पिता हिमवान ने उनका विवाह नारद जी के कहने पर विष्णु भगवान के साथ तय कर दिया था। इस कारण पार्वती जी अपने सखियों के साथ वन चली गई थी। क्योंकि वह शिवजी के साथ विवाह करना चाहती थी। जब हिमवान को यह पता चला तब वे अपनी पुत्री के पास जाकर उनका विवाह शिव जी के साथ करने को तैयार हो गए, इस दिन सुबह से निर्जला उपवास रहकर व्रत किया जाता है। दूसरे दिन सुबह पूजा करने के बाद पारन किया जाता है । उनकी सखियों द्वारा पार्वती जी को हर के जंगल ले जाया गया था, इस कारण इस व्रत का नाम हरितालिका पड़ा। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाओं ने पूजा की।

## एनटीपीसी कोयला खनन में राजभाषा प्रश्नोत्तरी व हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची 14 से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा मना रहा है। हिंदी पखवाड़ा के हिस्से के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपने कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों (गृहिणियों और बच्चों) के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में, हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, 18.09.2023 को सामान्य ज्ञान हिंदी के साथ राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और 19.09.2023 को कर्मचारियों द्वारा हिंदी प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों ने अपने संबंधित विभाग के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी, जिसका मूल्यांकन विभिन्न मानदंड अर्थात विषय, प्रस्तुति कौशल, रचनात्मकता, हिंदी भाषा दक्षता और आत्मविश्वास से किया गया। प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों की अच्छी भागीदारी देखी गई। हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 29 सितम्बर 2023 को आयोजित किया जायेगा।

## झामुमो ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव




एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के जरिये मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को लेकर दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन पर झामुमो ने कड़ी नराजगी जतायी है। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने कहा कि जिस मामले में देवाशीष गुप्ता की कमेटी ने सोरेन परिवार को क्लीन चिट दे दी। हाई कोर्ट के जरिये याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार और जुर्माना लगायी गयी, उसके बाद भी बार-बार वही पेपर की फोटोकॉपी लेकर राज्य एवं देश स्तर पर भ्रम फैलाना उचित नहीं है। राजनीति में विचारधारा की मतांतर और लड़ाई हो सकती है, मगर उसे व्यक्तिगत रूप से लाने की शुरू हुई नयी परंपरा उचित नहीं है। जब से हेमंत सोरेन को आईएनडीआईए गठबंधन समन्वय समिति का राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया है, तब से भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है। यही कारण है कि लगातार विभिन्न माध्यमों से भ्रम फैलाने का काम भाजपा की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्व दुखा भगत की ओर से 2002 में सोरेन परिवार के खिलाफ जमीन संबंधी मामले को लाया गया था। बाद में इसी पेपर को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सामने लाया। उन्होंने ही एसआईटी का गठन किया, इसके बाद एसआईटी ने क्लीन चिट दे दी। यहां तक कि एसआईटी की रिपोर्ट में भाजपा नेताओं का भी नाम आ गया। अब जो मामला खत्म हो गया है, उसे बार-बार लाकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

## बीआईटी मेसरा में अंगदान जागरुकता सत्र का हुआ आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड एसओटीटीओ के तत्वावधान में मंगलवार को बीआईटी मेसरा में अंगदान को लेकर जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में बीआईटी मेसरा के 2023 बैच के लगभग एक हजार छात्रों के साथ अलग-अलग विभागों के प्रोफेसर मौजूद थे।छात्रों को संबोधित करते हुए एसओटीटीओ के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने अंगदान के विषय में जानकारी दी। साथ ही अंगदान की आवश्यकता और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मृत्यु उपरांत यदि अंग किसी जरूरतमंद के काम आ जाये तो इस से बड़ा दान कोई नहीं है। क्योंकि, अंगदान महादान है। एसओटीटीओ आईईसी परामर्शी सालविया शार्ली ने अंगदान का संकल्प कैसे लें इसकी जानकारी दी और कहा कि सभी को अंग प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे मरीजों की जान बचाने के लिए अंगदान का संकल्प लेना चाहिए। बीआईटी मेसरा से प्रो. संजय कुमार, प्रो. विशाल शाह, प्रो. कीर्ति अभिषेक ने इस जागरूकता सत्र के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई।

# रेल चक्का जाम को लेकर उपायुक्त व एसएसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कुड़मी विकास मोर्चा द्वारा रेल टेका (रेल चक्का जाम) के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा संयुक्तादेश जारी किया गया है।प्राप्त सूचनानुसार आंदोलन के तहत मुरी रेलवे स्टेशन, गोमो रेलवे स्टेशन, नीमडीह रेलवे स्टेशन, घाघरा रेलवे स्टेशन सहित ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में रेल टेका आंदोलन किया जायेगा। मुरी रेलवे स्टेशन (रांची) में अनिश्चितकालीन धरना दिये जाने एवं उक्त कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से अत्याधिक संख्या में लोगों के शामिल होने के लिए एक दिन पूर्व से ही अपने अपने क्षेत्रों से धरनास्थल पर पहुँचने हेतु प्रस्थान किये जाने की सूचना है। इस आलोक में अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, राँची के आदेश (ज्ञापांक-3235 दिनांक 18.09.2023) द्वारा दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वर्णित प्रतिनियुक्ति के अतिरिक्त विधि-व्यवस्था एवं लोक परिशांति बनाये रखने हेतु सिंहपुर चौक, झारखण्ड मोड़, झारखण्ड-बंगाल सीमा, बरजो पुल के पास, यूनियन बैंक के पास बड़ा मुरी, रेलवे हॉस्पिटल के पास, धरनास्थल, मुरी रेलवे स्टेशन, सिल्ली थाना के सामने सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी प्रतिनियुक्तियां दिनांक 19.09.2023 के अपराह्न 06:00 बजे से रेल टेका आंदोलन के शांतिपूर्ण समाप्ति तक प्रभावी रहेंगी। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिल्ली, अंचल अधिकारी सिल्ली एवं पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए भ्रमणशील रहकर सम्पूर्ण क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।रांची के सभी संबंधित थाना प्रभारी को रेल चक्का जाम के मद्देनजर आसूचना संकलन कर अपने-अपने क्षेत्र के वैसे स्थानों को भी चिन्हित करने का आदेश दिया गया है, जहाँ धरना-प्रदर्शन समर्थक एकत्रित होकर विधि-व्यवस्था प्रभावित कर सकते हैं। एसे स्थलों पर आवश्यकतानुसार पुलिस पदाधिकारी/बल की अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति का भी आदेश दिया गया है। सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र के वैसे असामाजिक तत्वों को भी चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है, जो धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर तोड़-फोड़ कर शांति व्यवस्था भंग कर सकते हैं। अग्निशाम पदाधिकारी, रांची को मुरी रेलवे स्टेशन, धरनास्थल, मुरी ओ0पी0, सिल्ली थाना एवं सिल्ली रेलवे स्टेशन के पास दिनांक 19.09.2023 के अपराह्न 06:00 बजे तक अग्निशमन वाहन कर्मियों सहित प्रतिनियुक्ति करने का आदेश दिया गया है। उपरोक्त स्थल पर सिविल सर्जन, रांची को चिकित्सक दल, आवश्यक उपकरण तथा जीवन रक्षक दवाओं के साथ एक-एक एम्बुलेंस प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया गया है। जारी संयुक्तादेश में सभी थाना मोबाईल को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सघन गश्ती करने तथा प्राप्त सूचना पर अपने वरीय प्रभारी को सूचना देते हुए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। वीडियोग्राफी, यातायात आदि को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, राँची एवं पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, रांची हैं। जिन्हें आवश्यकतानुसार अपने स्तर से अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करते हुए विधि-व्यवस्था संधारण हेतु सभी आवश्यक प्रबंध करने का निदेश दिया गया है।

# श्री गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सहजयोग केन्द्र रांची के तत्वावधान में अटल स्मृति वेंडर मार्केट स्थित दि रॉयल हाईट बैंक्वेट में श्री गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया । सहजयोग परम पूजनीय श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा अधिष्ठापित एवं क्रियान्वित ध्यान की एक ऐसी सरल विधि है जिसमें मानव ध्यान के माध्यम से अपने ही शरीर के अन्दर विद्यमान परमात्मा की सर्वव्यापी शक्ति से साक्षात्कार प्राप्त कर लेता है । जिसके पश्चात् हम अपने स्थूल शरीर तक ही सीमित न रहकर परमात्मा द्वारा रचित सूक्ष्म शरीर को भी जान जाते हैं । हमें यह ज्ञात हो जाता है कि यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड हमारे ही शरीर में निहित है । सभी देवी-देवताओं की शक्तियाँ भी हमारे सूक्ष्म शरीर में निहित चक्रों में समाहित हैं । इन्हीं चक्रों में से प्रथम चक्र का नाम है मूलाधार चक्र । इस चक्र के स्वामी श्री गणेश जी हैं । श्री गणेश जी को गणपति भी कहा जाता है, अर्थात वे सभी गणों के अधिपति (राजा) हैं । अटल स्मृति वेंडर मार्केट स्थित दि रॉयल हाईट बैंक्वेट में श्री गणेश पूजा का शुभारंभ जय गणपति वन्दन गणनायक भजनों से किया गया । माल्यार्पण और आरती की गई।तत्पश्चात् प्रसाद वितरण हुआ। पूजा को सफल बनाने में ब्रिज मिश्रा ,गोकुल मोहता , विकाश ठाकुर, आकाश आदि ने योगदान दिया ।

## शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा को सफल बनाने के लिए हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री महावीर मंडल राँची की महत्वपूर्ण बैठक विश्व हिन्दू परिषद - बजरंग दल झारखंड द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में मुख्यरूप से विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह , प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित , महावीर मंडल राँची के मंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, चैती दुर्गापूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह , वार्ड पार्षद नकुल तिर्की एवं सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन राम उपस्थित थे । बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री महावीर मंडल राँची विश्व हिन्दू परिषद - बजरंग दल झारखंड के द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा (08 अक्टूबर 2023) में हज़ारों की संख्या में महावीरी पताका एवं गाजे बाजे के साथ शामिल होंगे । बैठक में डॉ जीवाधन प्रसाद , उपेंद्र रजक , राहुल सिन्हा चंकी , आदि थे।

## सभी तबको के विकास से ही राज्य का विकास संभव : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हेमंत सरकार की गलत नीतियों की वजह से आज राज्य का युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस अव्यवस्था को बदलने और राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वर्ग के युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा।उक्त बातें हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कही। इस दौरान उमेश सिंह भोक्ता ने अपने हजारों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा। हरमू मैदान में हजारों समर्थक जुटे एवं रैली के रूप में हरमू स्थित आजसू पार्टी कार्यालय अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे। झारखण्ड के विभिन्न जिलों जैसे रांची, लातेहार, चतरा, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद से सैकड़ों कार्यकर्ता और



समर्थक मौजूद थे। राजीनीतिक पटल पर राज्य के हर समाज, हर वर्ग का नेतृत्व हो इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं, जिसके लिए आजसू पार्टी ऐसे सभी नेतृत्वकर्ताओं को मंच दे रही है ताकि राज्य के विकास में समाज के हर वर्ग की सभागिता तय हो। समाज के सभी तबके को नेतृत्व देने से ही राज्य का विकास संभव है। राजनीति एकल नहीं सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने निजी हित के लिए फैसले लेने वाली इस सरकार ने लोगों के हित को कभी समझा ही नहीं। निजी हित के चलते ही गलत नीतियों का निर्माण हुआ जिससे समाज के कुछ वर्ग पीछे छूट गए हैं। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

**इन्होंने ने ली पार्टी की सदयस्ता :** रांची से रामजीत गंझू, संजय गंझू, संजय प्रधान, धनेश्वर गंझू, देवानंद भोगता, प्रकाश गंझू, भीम महतो, गणेश महतो, हर्षनाथ भोगता, मनोरंजन भोगता, सेवाराम भोगता, संदीप गंझू, चंचला भोगता, संदीप भोगता, संतोष बेदिया, मोहित बेदिया, उमेश भोगता, रामगढ़ से चंद्रमणि देवी, लखन भोगता, उदय तुरी, बिनोद भोगता, अमित भोगता, उमेश गंझू, लोकनाथ गंझू, रामकुमार गंझू, संजय गंझू, प्रीतम गंझू, रवि भुइयां, कमलेश गंझू, पूरण गंझू, मंजीत सिंह भोगता, रंजीत सिंह भोगता, लातेहार से सत्यनारायण गंझू, प्रकाश गंझू, अमृत गंझू, संजय गंझू, चंद्रदेव गंझू, फूलचंद गंझू, समृत गंझू, अमृत खरवार, सोमनाथ गंझू, जगमोहन गंझू, जागेश्वर गंझू, दीपू गंझू, बबलू गंझू, संजय गंझू, रविन्द्र यादव, बीरेंद्र यादव, प्रमोद गंझू, सिमडेगा से संकर सिंह, कमला देवी, दिनेश प्रधान, खूंटी जिला से शूकर प्रधान,धीरज प्रधान,हजारीबाग से बलदेव गंझू, जागेश्वर गंझू, विशाल गंझू, संदीप गंझू, जिला गुमला से मंगल सिंह भोगता, भरत प्रधान, हीरा प्रधान, जीतू प्रधान, बोकारो से भोला भोगता, संजीत भोगता, सोहन भोगता, चतरा से धनेश्वर गंझू, जुगेश्वर सिंह भोगता, छोटू सिंह भोगता।

### जेजेए द्वारा जादूगोड़ा में हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## राष्ट्र निर्माण के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता जरूरी : बन्ना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड राज्य इकाई झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा पूर्वी सिंहभूम जादूगोड़ा स्थित यूसीआईएल सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला राष्ट्र निर्माण में मिडिया की भूमिका को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि मिडिया की भूमिका लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी की होती है जो कमियों को उजागर कर देश एवं समाज हित में पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता करना कठिन जरूर है परंतु राष्ट्र निर्माण के लिए यह आवश्यक भी है। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा पत्रकार स्वास्थ बीमा योजना लागू करने के बाबत उन्होंने कहा कि पत्रकारों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत भी कार्ड बनवाना चाहिए। पत्रकारों के बीमा एवं अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन



यूसीआईएल प्रबंधक संजय शर्मा, घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक, बीएसपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय, राष्ट्रीय सचिव गिरिधर शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरकांत सिंह, प्रदेश महासचिव सिया राम शरण, प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार कौशलेंद्र एवं स्थानीय थाना प्रभारी ने किया। अपने संबोधन में घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक ने कहा कि पत्रकारों का कार्य है कि वे कमियों को उजागर में लाएं ताकी प्रशासनिक अधिकारी उस से अवगत हो सकें। वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि मिडिया लोकतंत्र का पहला स्तंभ है, बाकी अन्य तीन स्तंभ हैं। श्री पांडेय ने कहा कि अखबार की विश्वसनीयता विश्व भर में कल भी थी, आज भी है और कल भी रहेगी। जब कभी कहीं कोई भ्रामक खबर का प्रसारण होता है तो उस ख़बर का सत्यापन आज भी लोग अखबार में पढ़ कर तलाश करते हैं। यूसीआइएल के प्रबंधक संजय शर्मा ने एक पक्षीय पत्रकारिता पर चिंता जताते हुए कहा कि पत्रकार जब तक किसी मामले की पूरी सच्चाई का पता नहीं हो किसी की सुनी सुनाई बातों को प्रकाशित नहीं करना चाहिए।

## पोश मशीन में गड़बड़ी, डीलर व लाभुक दोनों परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अगस्त और सितंबर महीने में बड़ी मुश्किलों से कुछ जगहों पर डीलरों के द्वारा लाभुकों को पूरा राशन भी नहीं मिला है,जितना कि वह हकदार हैं।अगस्त के महीने में तो संभवतः कई ऐसे डीलर हैं जो अपने लाभुकों को राशन भी नहीं दिया और न ही डीलर को राशन ही उपलब्ध कराया गया। सितंबर महीने के पहले सप्ताह में कुछ डीलरों को राशन मिला और लाभुकों को बांटना भी शुरू किया। लेकिन तकनीकी कारणों से लाभुक और डीलर दोनों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जैसे ही डीलर अपने लाभुक का राशन कार्ड नंबर पोश मशीन में डाल रहा है वहीं एक ऑप्शन आ रहा है कि सारा आधार सीड हो गया है यह ऑप्शन देखते ही डीलर और लाभुक दोनों में संशय पैदा हो रहा है । हालांकि आधा घंटा पौन घंटा में यह समस्या भी खुद-ब-खुद निपट जा रहा है। लेकिन एक राशन कार्डधारी



को राशन उपलब्ध कराने के लिए पोस मशीन के माध्यम से करीब आधा से पौन घंटा लग रहा है। जिससे कई राशन कार्ड धारी लागू परेशान है। इस समस्या के निदान के बारे में जब रांची जिला खाद आपूर्ति विभाग से जुड़े एक पदाधिकारी से पूछा गया तो उसने बताया कि थोड़ी दिक्कतें आ रही है। लेकिन अगर किसी का आधार सीड हो गया है, तो वह अपने नजदीकी खाद आपूर्ति कार्यालय में जा कर उसमें सुधार करवा सकते हैं। वह तकनीकी कारण से थोड़ी परेशानी हो रही है। हालांकि ऐसा कुछ नहीं है सभी को राशन मिलेगा और किसी का आधार सीड नहीं हुआ है।

## ललितेश मिश्र का जाना मैथिली साहित्य के लिए बड़ी क्षति : प्रमोद झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर मैथिली के आलोचक, कथाकार, अनुवादक एवं अंग्रेजी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक ललितेश मिश्र एवं ओडिया के प्रमुख साहित्यकार जयंत महापात्र के निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें शहर के कई वरिष्ठ साहित्यकारों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दूरदर्शन के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि ललितेश मिश्र का असमय हम सबके बीच से चले जाना मैथिली साहित्य के लिए एक बड़ी क्षति है। मैथिली पत्रिका भारती मंडन के प्रतिष्ठित संपादक केदार कानन ने कहा कि ललितेश मिश्र लगातार साहित्य सृजन में संलग्न थे और मैथिली के युवा साहित्यकारों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते रहते थे। प्राध्यापक डॉ नरेंद्र झा ने कहा कि ललितेश लोकप्रिय अध्यापक, मिलनसार मित्र एवं सुलझे हुए साहित्यकार थे।

## विहिप का 29 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 156 स्थानों पर होगी सभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत टोली के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रांची के हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम में प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव ने कहा 8 अक्टूबर को रांची के धुर्वा स्थित श्री श्री जगन्नाथ मैदान में होने वाला धर्मसभा ऐतिहासिक एवं भव्य होगा। उन्होंने कहा भगवान श्री रामलला जी का टाटवास अब पूर्ण होने वाला है। आगामी जनवरी माह में भव्य मंदिर में प्रतिष्ठापित होंगे। उन्होंने कहा इस पुण्य काल में सभी कार्यकर्ताओं को समय दान देना होगा। उन्होंने समस्त हिंदू जनमानस



को 8 अक्टूबर को धर्मसभा में उपस्थित होकर भगवान श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा को अर्पण करने का आह्वान किये। प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों से जिलाशः शौर्य जागरण रथ यात्रा व रांची धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथ मैदान में होने वाले विशाल धर्मसभा हेतु तैयारी की समीक्षा की तथा सभी जिलों को लक्ष्य पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन किया। प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा झारखंड के 4 स्थानों से निकलने वाली शौर्य जागरण यात्रा सभी जिलों से होते हुए 8 अक्टूबर को श्री श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा के धर्मसभा में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया चारों मार्ग में 29 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 156 स्थान पर छोटी-छोटी सभाएं होंगी। कई स्थानों पर झांकियां निकाली जाएगी। बैठक में मुख्य से रूप से प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, विशेष संपर्क प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह, सहसेवा प्रांत प्रमुख मनोज चंद्रवंशी, गोरक्षा प्रांत उपाध्यक्ष गिरिजाशंकर पांडेय, हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव, हजारीबाग विभाग गोरक्षा प्रमुख अजय वर्मा, धनबाद विभाग मंत्री विनय कुमार, पलामू विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, गुमला विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, देवघर विभाग संगठन मंत्री कोलेश्वर टुडू, हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री गणेश शंकर विद्यार्थी, रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा एवं चक्रधरपुर जिला मंत्री रौशन गोनू जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## जेएमएम व कांग्रेस के समर्थकों ने एआइएमआइएम का दामन थामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची महानगर डोरंडा प्रखंड में दर्जनों जेएमएम और कांग्रेस के समर्थक ने मजलिस का दामन थामा । रांची जिला महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी के डोरंडा आवास में एआइएमआइएम डोरंडा प्रखंड की एक अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डोरंडा प्रखंड के अध्यक्ष अब्दुल मन्नान एवं महासचिव आदिल कुरैशी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में डोरंडा प्रखंड रांची महानगर समेत पूरे झारखंड में एआईएमआईएम को मजबूत करने और बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के पैगाम को घर-घर तक पहुंचाने की चर्चा हुई और रणनीति बनाई गई । बैठक में रांची महानगर के जन मुद्दों के साथ-साथ झारखंड के ज्वलंत मुद्दों पर रांची महानगर में एक अहम भूमिका रहेगी । मौके पर दर्जनों लोग ने एआइएमआइएम का सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से फैज कुरैशी, वासिफ रजा, दानिश कुरेशी, मासूम कुरैशी, राजन कुरैशी ,रजत कुरैशी ,सद्दाम कुरेशी ,राजू , मो आसिफ , मो कैफी , मो रेहान समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता गण शामिल हुए। इस मौके पर रांची महानगर के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अयूबी ने कहा एआइएमआइएम पिछड़ों समेत राज्य के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों लेकर लगातार महिम चलता रहा है और चलते रहेगा ।

## टूटे नहर का मरम्मत कार्य शुरू

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 19 सितम्बर 2023 को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने नहर मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया । और बताया की सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत के उरांव गड़ा नदी से निकले टूटा नहर का मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। नहर कर्मी कामेश्वर महतो ने बताया कि नहर मरम्मत कार्य अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। और किसानों को धान की खेती की सिंचाई के लिए पानी मिलने लगेगा। इस मौके पर ठाकुर दास मुंडा, रविलाल महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।



## रेल टेका आंदोलन को देखते हुए एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, रेल टेका आज

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी जंक्शन में आज से कुड़मि समाज के द्वारा रेल टेका (रेल चक्का जाम) आंदोलन को मद्देनजर रखते हुए पूर्व संध्या एसपी मनीष टोप्पो के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की व्यवस्था पूरी कर ली गई है तथा सुरक्षा दृष्टिकोण से अतिरिक्त बल भी आंदोलनकारी से निपटने के लिए मंगाया गया है एवं सिल्ली क्षेत्र में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। बताते चले की रेल टेका का मुख्य उद्देश्य कुड़मियों को एस टी में शामिल करने को लेकर है।निरिक्षण करने मे सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, ओपी प्रभारी विपुल ओझा, राजकिय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



## न्यू लाइफ केयर में ओपीडी का किया गया उदघाटन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड के सिकिदिरी रोड आनंदी में न्यू लाईफ केयर हॉस्पिटल में ओपीडी का संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया गया। मौके पर उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर हॉस्पिटल की सुविधा होना बहुत जरुरी है। क्योंकि ग्रामीण इलाकों में गरीबी के कारण ईलाज नही करवा पाते हैं। इसलिए न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल में लोगों को कम खर्च पर अच्छा ईलाज करना ही सबसे बड़ा मानवता है। मौके पर खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हॉस्पिटल का होना अति आवश्यक है। इससे लोगों को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास संभव है। मौके पर अब्दुल गफ्फार अंसारी, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, सुरेश साहू, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो, तुलसी खरवार आदि उपस्थित थे।



## वज्रपात से हुई मौत के बाद परिजनों से मिलने पहुंची विधायक शिल्पी

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ताला पंचायत में तीन दिन पूर्व ग्राम ताला के स्व0 देवचरण महतो, उम्र 47 वर्ष एवं रोल पंचायत के ग्राम गुटवा कदम टोली के स्व0 हकीम अंसारी, उम्र 26 वर्ष की मृत्यु वृजपात के लगने से घटना स्थल पर हो गयी थी। इसकी जानकारी अख़बार एवं पार्टी कार्यकर्ता के माध्यम से मिलने पश्चात विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, आज दिनांक 19/09/2023, मंगलवार को मृतको के परिवार से मिली, इस शौक की घड़ी मे उनके परिवार के बीच शौक व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। विधायक ने आर्थिक मदद के तौर पर कुछ सहयोग राशि दो ही पीड़ित परिवार को दिया, साथ ही आगे किसी भी परिस्थिति मे परिवार के साथ आगे खड़ा रहने का भरोसा भी दिलाया। विधायक ने इस पर सरकारी पदाधिकारी से मुआवजा के बारे मे बात कर उनके परिवार को जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद लाल, इरशाद खान एवं अन्य उपस्थित रहे।



## बुंडू में भाजयुमो ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला के द्वारा भाजपा झारखंड के निर्देश पर भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से महात्मा गांधी जी के जन्मदिन तक सेवा पखवाड़ा के निमित्त रक्तदान शिविर का आयोजन पाराडाइज बैंक्वेट हॉल, खुदिया तालाब के सामने, बुंडू नगर में जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में किया गया,इस रक्तदान शिविर में भाजपा युवा मोर्चा रांची ग्रामीण जिला और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम जनता ने भी बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कुल 57 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा रांची ग्रामीण के जिला प्रभारी विनोद सिंह और भाजपा रांची ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो शामिल हुए इसके अलावा प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश के रंजित लाहिरी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा,भाजपा जिला मंत्री गणेश कुम्हार,बुंडू नगर मंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश उरांव,भाजयुमो महामंत्री उमेश महतो, भाजपा बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास,उपाध्यक्ष दीपक साहू,महामंत्री सुबोध मुखर्जी, कोषाध्यक्ष पंकज चौधरी,जिला कार्यालय मंत्री शुभम चेल, राजीव झा,अमित उपाध्याय,मनोज चौरसिया,संजीत सिंह,सत्यजीत सिंह,राजकुमार महतो,सोमा उरांव,रामसाय मुंडा, अपुल राज, जीतू महतो,महावीर सोनी,शंकर सोनी,विवेक गुप्ता,बिस्वजीत डे,अनिमेष दत्ता,मोहित कुमार,सुमित जायसवाल,हर्षित साहू,शुभम जायसवाल, शिवनारायण दास,नरेश कुमार,प्रदीप महतो, प्रिंस उपाध्याय सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



# कांग्रेस का संगठन सर्वोच्च, आपसी सामंजस्य से चुनौतियों का सामना करें सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, सरकारें आती-जाती रहती है लेकिन कांग्रेस का संगठन हर हाल में सर्वोच्च है क्योंकि इसने न केवल देश को आजादी दिलायी है बल्कि आम लोगों की आधारभूत समस्याओं का समाधान भी किया है. श्री तिर्की ने कहा कि केवल और केवल कांग्रेस ने ही देश को उस स्थिति में पहुँचाया है जहाँ हम पूरी दुनिया में शान से अपना सिर उठाकर अपनी बातों को प्रमुखता के साथ रख सकते हैं साथ ही दुनिया भी हमारी बातों को गंभीरता से सुनती है. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के संगठन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारी आपसी सामंजस्य से सामने आनेवाली किसी भी चुनौती का सामना पूरे उत्साह से करें.उन्होंने कहा कि किसी भी आवश्यकता में ज़मीनी स्थिति की जानकारी न केवल उन्हें या कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व तक पहुँचाया जा सकता है दूसरी ओर कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व भी अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के साथ हर कदम पर खड़ा है एवं आम लोगों की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील और गंभीर है. श्री तिर्की ने कहा कि किसी भी स्थिति में वह कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ खड़े हैं लेकिन उन्हें भी आम लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहिये साथ ही उनकी सहायता करने को तत्पर रहना चाहिये. श्री तिर्की ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से अपील की की जब हमारे नेता राहुल गांधी साढ़े तीन हजार किलोमीटर की पैदल भारत यात्रा कर सकते हैं तो हमें देश की समस्याओं को समझने, आम जनता को अहमियत देने और उसके अनुरूप कदम उठाने में कोई कसर बाकी नहीं रहने देनी चाहिये. आज की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कार्यकर्ताओं से गाँव एवं ग्रामीणों की प्रत्येक छोटी-बड़ी समस्या को उनकी जानकारी में देने और उनका उसके समाधान का उपाय सुझाने की बात करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पूरी राजनीति केवल और केवल आम जनता को केन्द्र में रखकर की है और आम जनता की समस्याओं के समाधान के मामले में वे किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं करेंगे. इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा किये जा रहे दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिये उन्हें हर स्थिति में तैयार रहना चाहिये. उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि सभी ना केवल कांग्रेस पार्टी की मौलिक विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाये बल्कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भी लोगों को दें. श्रीमती तिर्की ने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं की जानकारी देने और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिये वे सभी बेहद सक्रिय भूमिका निभायें. उन्होंने कहा कि बेड़ो प्रखण्ड में जिन योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर कार्यान्वित किया गया है अथवा जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है उन सबकी जानकारी आम लोगों तक पहुँचाना कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है. आज की बैठक में जिला परिषद सदस्य पश्चिमी उप प्रमुख प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष मंच मोर्चा के अध्यक्ष महिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।



## झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सोशल मीडिया प्रभारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आगामी लोकसभा और विधानसभा की लड़ाई के लिए झामुमो सक्रिय हो गया है। पार्टी संगठन को जिले में मजबूत करने के लिए सभी पहलुओं पर विचार विमर्श कर रही है। इसी कड़ी में आज मंगलवार को झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में ज़िला स्तरीय सोशल मीडिया प्रभारी एवं सभी प्रखंडों के मीडिया प्रभारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने बैठक में आए सभी झामुमो कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी पंचायतों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है और उसमे कितने सदस्य सक्रिय हैं उसकी जानकारी लेना है।सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में एक-सोशल मीडिया प्रभारी बनाना है। प्रत्येक महीना में एक दिवसीय प्रखण्ड स्तर और ज़िला स्तरीय बैठक करना,सरकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जनहित तक पहुंचाना, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफ़ॉर्म से सरकार के सभी योजनाओं को लोगों के बीच पहुंचाना है।

इस बैठक में ज़िला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, जिला क्रीड़ा मोर्चा सचिव प्रकाश मुण्डा, सदस्य एन्टोनी कच्छप, विलसन इक्का, किसान मोर्चा कुंवर सिंह मुण्डरी, ज़िला छात्र मोर्चा डेविड हमसोय, ज़िला सदस्य खूँटी प्रखण्ड सचिव 20 सूत्री सदस्य महेंद्र सिंह मुण्डा, खूँटी सोशल मीडिया प्रभारी संदीप तिड़ू, मुरहू प्रखण्ड सोशल मीडिया प्रभारी सहदेव मुण्डू, तोरपा प्रखण्ड सोशल मीडिया प्रभारी फ़िरोज़ अंसारी, कर्रा सोशल मीडिया प्रभारी शम्भु कुमार शर्मा, अड़की प्रखण्ड अध्यक्ष सोनाराम यादव, सचिव पूर्ण चन्द्र प्रमाणिक, रनियाँ प्रखण्ड सोशल मीडिया प्रभारी जस्टीन भेंगरा, सदस्य दीपक भुईयाँ, देव कुमार यादव, अरविंद मुण्डा, अमित कुमार, राजेन नायक, दिलीप तिर्की, प्रितम कुमार सिंह, मोहित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मेले में करीब 200 लोगों ने अपना निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर उन्हें निशुल्क परामर्श तथा स्वास्थ्य संबंधी बहुत सारी बातों को भी बताया गया। स्वास्थ्य मेला में परिवार नियोजन परामर्श, त्वचा जांच, टीवी पर नियंत्रण, मलेरिया और फाइलेरिया की जांच, वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए परामर्श तथा जांच, आंख और मोतियाबिंद जांच, किशोर और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य परामर्श का भी स्टॉल लगाया गया।वहीं जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय विधायक ने कहा कि हमारा पूरा ध्यान दवाई और पढ़ाई में ही है। समाज के निचले पायदान तक के लोगों के घर तक चिकित्सा मुहैया कराने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शीघ्र ही पढ़ाई और दवाई में बदलाव देखने को मिलेगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, गूँज के अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा, सामुदायिक अस्पताल के सभी डॉक्टर तथा नर्स समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ शुरू हुई खलारी में गणपति पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्रीगणेश पूजा समिति नवयुवक संघ खलारी के द्वारा हर्षोल्लास के साथ गणेश पूजा की शुरूआत हुई. पूजा पंडाल का उद्घाटन समाज सेवी संतोष सिंह ने फीता काटकर किया. पुजारी बृजराज दुबे एवं सर्वानंद दुबे के द्वारा पूरे विधि विधान पूर्वक स्वस्तिवाचन के बाद पट खोला गया.इसके बाद विनोद साहू सपत्नीक यजमान द्वारा पंचलोकपाल, नवग्रह, कलश स्थापना के बाद भगवान गणपति की षोडशोपचार पूजन संपन्न किया गया .पूजा सम्पन्न के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

आकर्षक विद्युत रोशनियों से पंडाल व पहाड़ी मंदिर परिसर को सजाया गया है.समिति के द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा 21 सितंबर दिन गुरुवार को नगर भ्रमण के साथ विसर्जन कर दिया जाएगा. इस अवसर पर अजय विश्वकर्मा, रवि गुप्ता, अर्जुन एक्का, संदीप केशरी, मनीष कुमार, रौशन कुमार, आशुतोष कुमार, हर्ष कुमार, संतोष सिंह, पप्पू सिंह, रितेश कुमार, नंदलाल गुप्ता, अभिषेक, गुडडू गिरी, शंकर महतो, बीजू रजक, महावीर सिंह, आनंद सिंह, विजया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, देवंती देवी, पार्वती देवी, जयंती देवी, शीला देवी, रजनी देवी, कमली देवी, बसंती देवी सहित पूजा समिति के कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

## आजसू पार्टी के राज्य महा अधिवेशन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**ओरमांझी :** मंगलवार को आजसू पार्टी प्रखण्ड कमेटी की एक बैठक किया गया। बैठक में आगामी राज्य महाधिवेशन दिनांक 29,30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को मोराबादी मैदान में कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक बैठक टीवीएस शोरूम के बगल हॉल में रखा गया। जिसमें आजसू पार्टी ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो ने बताया कि इस राज्य महाधिवेशन में प्रखंड के सभी पदाधिकारी, पंचायत के पदाधिकारी ग्राम प्रभारी एवं प्रखंड के सभी इकाइयों के पदाधिकारी एवं हर गांव से एक पिलर मेंबर खुला राज्य महाअधिवेशन में शामिल होंगे। साथ ही साथ एक लाख से अधिक पदेन पदाधिकारी राज्य महाधिवेशन में शिरकत करेंगे। इस मौके पर खिजरी पूर्व प्रत्याशी रामधन बेदिया, केंद्रीय सदस्य प्रकाश चौधरी, सचिव संजय तिर्की, विनोद कुमार महतो, रामनंदन महतो, तस्लीम अंसारी, पप्पू सिंह, आनंद महतो, शंकर करमाली, दिलीप महतो, संजय महतो, कुमार सौरव, दीपक कुमार, प्रीतम महतो, राजेश महतो, खिलेश्वर महतो, महेश प्रजापति, एवं अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पांच दिवसीय गणेश उत्सव कलश स्थापना व गौरी गणेश पूजन के साथ शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थानावली महाबीर मंदिर के समीप श्री राधेकृष्ण यूथ संगम द्वारा गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। कलश स्थापना व पूजा अर्चना के बीच मंगलवार की शाम भगवान गणेश पूजा पंडाल के पट दर्शन के लिए खोल दिए गए। पांच दिवसीय गणेश महोत्सव को लेकर काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया गया है। पंडाल के अंदर श्रद्धालु बप्पा के दर्शन करने के बाद मां काली के द्वारा असुरों का वध करने की विधुत चलन झांकी बनायी गई है। बप्पा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को आदिकाल में मानवो का जीवन किस प्रकार से निर्भर था और आदिकाल में मानव के प्रयोग में लाये जाने वाले पारंपरिक शस्त्र एवं कलाकृतियो से पंडाल को सजाया गया है जो श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित कर रही। पूजा19 सितंबर से 24 सितंबर तक होगी। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता ,उत्तम सोनी ,अभिनव गुप्ता, उत्तम कुमार, राकेश साहू,अर्चित गुप्ता, आशीष सोनी, अमित कुमार, शुभम गुप्ता, आशीष महतो, सौरभ खन्ना,आकाश रक्षित, प्रेम गुप्ता, अजय साहू, संकित मंगल, रविंद्र, विकास कुमार, प्रीतम महतो, प्रिंस पांडे, राजन दुबे, गौतम गोप,गोलू ,यशवंत, ऋतिक, रौनक अभिजीत, रवि, तुषार, दीपक सहित सभी सदस्य दिन रात लगे हुए हैं। इधर बिनय बगीचा स्थित द्वारसिनी गणेश मंदिर में की गई पूजा अर्चना की गई. पुजा जितेंद्र पाठक ने कराई वही पुजा कैलाश कुमार, पूर्व विधायक गंगा टाना भगत, पंचस रखी भगत सहित कई लोग थे।



# झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झामुमो का करमा मिलन समारोह 20सितम्बर को मायापुर में मनाया जायेगा. इसको लेकर एक समीक्षा बैठक हुआ. जिसका अध्यक्षता झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने की.बैठक अनिल पासवान ने बताया कि 20 सितंबर को खलारी प्रखंड के मायापुर पंचायत सचिवालय के निकट कांके, बुढ़मू व खलारी तीनों प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन होगा.जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दिशुम गुरु वीर शिबू सोरेन एवं विशेष अतिथि में मंत्री चंपई सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, राज्य सभा सदस्य महुआ माजी, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, अभिषेक प्रसाद पिंटू, एवं रांची जिला के सभी केंद्रीय सदस्य, झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, जिला सचिव डॉक्टर हेमलाल मेहता, जिला समिति के सभी पदाधिकारी, कांके विधानसभा के प्रभारी एवं सह प्रभारी और रांची जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष व सचिव को आमंत्रित किया गया है. इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष जिला संगठन सचिव सह प्रभारी प्रदीप भोक्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अंसारी, बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू के सहित चितरंजन सिंह, राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, कलीम रिजवी, जैनुल खान, शंभू दास, राजकुमार गंझू, हैदरअली खान, रमेश तुरी, अजय मुंडा, शीतल महतो, मुकेश यादव, अरुण यादव, कलमतिया भोगता, रामदेव गंझू, विजय मुंडा, गौतम यादव, बेलासो भोगता, बालदेव गंझू, दिनेश्वर सिंह, विक्की मुंडा आदि उपस्थित थे.

# भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में एसएसबी ने चिकित्सा शिविर लगाया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र में 26वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल के डी समवाय उलिहातु द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थली बिरसा ओड़ा में कमांडेंट एस डी शेरखानी के नेतृत्व में चिकित्सक कमांडेंट ब्रजेश कुमार के द्वारा मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे गांव के 57 ग्रामीणों को मुफ्त ईलाज किया गया एवं संबंधित मरीजों को दवाई दिया गया। चिकत्साक कमांडेंट ब्रजेश कुमार और सशस्त्र सीमा बल के डी समवाय के कंपनी सहायक कमांडेंट श्री निलेश संतोष मासुले के द्वारा ग्रामीण लोगो को नशा नहीं करने और अपने बच्चो को नशा से मुक्त करने उन्हें पढ़ने लिखने के बारे जागरूरत करने की सलाह दिया गया। इस चिकित्सा शिविर में उप निरीक्षक अघनू उराँव एवं सीमा सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे ।



## टीएसएएफ टीम ने मनाली से लेह तक पहला साइकिलिंग अभियान किया पूरा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने मनाली से लेह तक अपना पहला साइकिल अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो 4-14 सितंबर, 2023 तक कुल 490 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली एक उल्लेखनीय यात्रा थी। इस अद्भुत साइक्लिंग एडवेंचर के लिए फ़्लैग-ऑफ़ समारोह 5 सितंबर को मनाली में हुआ।समारोह में सम्मानित अतिथि स्ट्राइडर साइकिल के बिजनेस हेड राहुल गुप्ता और टाटा इंटरनेशनल में स्ट्राइडर साइकिल के मार्केटिंग और स्ट्रेटेजी के हेड अंशुल बत्रा की उपस्थिति रही। टीएसएएफ साइकिलिंग अभियान ने %पेडल फॉर ए पर्पस% थीम के आधार पर दो महत्वपूर्ण सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्य निर्धारित किए, जिनमे शामिल है लक्ष्य 07 - किफायती और स्वच्छ ऊर्जा और लक्ष्य 13 - क्लाइमेट एक्शन। प्रत्येक पैडल स्ट्रोक ने दोहरे प्रभाव का एक शानदार संदेश भेजा- जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का समर्थन करना।

## पत्रकार अनवर पर हमला करने वाले अपराधी पर पुलिस जल्द कारवाई करे : गुरमित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्वी सिंहभूम जिला के पूर्व प्रवक्ता गुरमित सिंह गिल ने सोमवार को पत्रकार अनवर शरीफ पर जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है. उन्होंने बताया कि मीडिया देश का चौथा स्तंभ है. जब पत्रकार ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब आम जनता का क्या होगा. इसलिए जिन आसमाजिक तत्वों ने पत्रकार अनवर शरीफ पर जानलेवा हमला किया है, उन असामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें. गौरतलब हो कि, सोमवार को अहले सुबह मानगो में पत्रकार अनवर शरीफ पर असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया था. इस हमले में अनवर गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे.

## सिदगोड़ा में शारदीय नवरात्र पूजनोत्सव का भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज सार्वजनिक दूर्गा पूजा कमेटी फूड प्लाजा, सिदगोड़ा में शारदीय नवरात्र पूजनोत्सव हेतु भूमि पूजन महासचिव धर्मेश कुमार झा द्वारा पंडित गोविंद झा के मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीति-रिवाज से की गई। ज्ञातव्य हो कि यह पूजा सिदगोड़ा वासी समेत जमशेदपुर के समस्त मिथिलांचल वासियों द्वारा आस्था और विश्वास से भगवती मां दुर्गा की आराधना कलस्थापन से दशमी तक विधि -विधान पूर्वक व निष्ठा पूर्वक मनाया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष मोहन ठाकुर,पूजा संयोजक राजेश कुमार झा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार कर्ण, गणेश झा,एम सी मधुकर, लक्ष्मण झा,जीवछ झा,ललन चौधरी,पूरन झा, शिवजी मिश्र, प्रमोद मिश्रा, प्रवीण कुमार मिश्र,सुदिष्ट मिश्र, रविन्द्र मिश्र, चंद्रभाल झा,सुगनु मिश्र, कैलाश झा,अशोक मिश्र,डी के झा, गोपाल जी चौधरी,पंकज राय,डी डी झा, चन्दन मिश्र, अरुण कुमार झा (जेसीबी), मनोज कुमार दास,निलेश झा, लड्डू झा, रमण कुमार झा,अमित झा, विनोद कुमार झा,मिथिलेश झा, रवि रंजन, गुणानंद झा,राव बाबू,मनु झा,संजय झा, संजीव कुमार झा, श्यामा कांत ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## न्युवोको ने झारखण्ड में लॉन्च किया ड्यूरागार्ड एक्स्ट्रा एफ2एफ

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने व्यापक ड्यूरागार्ड रेंज के उत्पादों में से अपने प्रमुख एवं प्रीमियम कम्पोज़िट सीमेंट ड्यूरागार्ड एक्स्ट्रा एफ2एफ को झारखण्ड में लॉन्च किया हैं। ये सीमेंट काम करने की क्षमता में सुधार करता है, एक बेहतर फिनिश प्रदान करता है, और फाउंडेशन से लेकर फिनिश (एफ2एफ) तक निर्माण को मज़बूत करता है, इस प्रकार इसकी टैगलाइन मज़बूती जो टिके, फिनिशिंग जो दिखे को सही साबित करता है। झारखण्ड में अपने इस प्रीमियम सीमेंट को लॉन्च करने के अवसर पर जयकुमार कृष्णस्वामी, प्रबंध निदेशक, न्युवोको ने कहा कि %हमारे ग्राहक हमें नवोन्मेषी उत्पादों का उत्पादन करने के लिये प्रेरित करते हैं और ड्यूरागार्ड एक्स्ट्रा एफ2एफ एक ऐसा नवोन्मेषी उत्पाद है जो नींव से अंत तक निर्माण के लिए सुरक्षा, मज़बूती और निष्पादन सुनिश्चित करता है।




## विश्वकर्मा पूजा पर सांस्कृतिक मेला का आयोजन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के दुलमीडीह में विश्वकर्मा पूजा के मौके पर मंगलवार को झारखंडी सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन व्यवसायी सह समाजसेवी दुर्गा प्रसाद गुप्ता, झामुमो नेता गुप्तेश्वर महतो, मुखिया प्रतिनिधि राम सिंह मुण्डा आदि ने फीता काटकर किया। मेला में हजारों लोगों ने शिरकत कर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। वहीं मेला संरक्षक गुप्तेश्वर महतो के द्वारा युवाओं के बीच गंजी का वितरण किया गया। मेला में बंगाल के परितोष महतो एवं पार्टी द्वारा झारखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरजा महतो , समजीत महतो व अर्चना महली द्वारा झुमर प्रस्तुत किया गया। मेला में मुर्गा पाड़ा का भी आयोजन किया गया। मौके पर विनय कुमार महतो, पशुपति बागची सहित मेला कमेटी के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एमजीएम में डॉक्टर की पिटाई को ले धरना पर बैठे डॉक्टर, एसडीओ के हस्तक्षेप पर ड्यूटी पर गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर मंगलवार सुबह हड़ताल पर बैठ गए है. उनकी मांग है कि डॉक्टरों को सुरक्षा दी जाये और आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी की जाये. वहीं इस मामले को लेकर धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा ने बताया कि इस मामले को जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर कारवाई का जा रही है. मामला सोमवार की रात की है जब अस्पताल के एनआईसीयू में साकची के देव नगर के रहने वाले व्यक्ति दीपक प्रधान की बच्ची अनु प्रधान की इलाज के दौरान मौत के बाद हंगामा हुआ था। डॉक्टर कमलेश की पिटाई कर दी गई थी। इस घटना से अस्पताल के डॉक्टरों में आक्रोश है। इसी मामले को लेकर अन्य डॉक्टर एमजीएम अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे थे. वहीं ओपीडी का कार्य मंगलवार सुबह से ही बंद था और अन्य सभी डॉक्टर सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे थे. वहीं एसडीओ ने बताया कि घटना पर जल्द से जल्द कार्रवाई होगी. वहीं एसडीओ ने इस बात का आश्वासन दिया है वे आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करेंगे और उस पर कार्रवाई होगी. इसी आश्वासन के साथ अन्य डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म करते हुए कहा है कि अगर 24 घंटे के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे बुधवार से हड़ताल पर रहेंगे.



### डॉक्टर के साथ मारपीट की घटना निंदनीय : गुरमीत सिंह गिल

वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला के पूर्व प्रवक्ता गुरमीत सिंह गिल ने जमशेदपुर एमजीएम हॉस्पिटल में डॉक्टर के साथ मारपीट करने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, कि अगर डॉक्टर से कोई गलती हुई है उसके लिए लिखित शिकायत थाने में देनी चाहिए ना कि कानून को अपने हाथ में लेकर डॉक्टर से मारपीट करना। यह सरासर गलत है।

# टाटा स्टील सुकिंदा क्रोमाइट माइन ने सस्टेनेबल माइनिंग अवार्ड जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की सुकिंदा क्रोमाइट माइन ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (फिमी) अवार्ड्स 2022-23 में सस्टेनेबल माइनिंग के लिए हिंडाल्को-आदित्य बिड़ला पुरस्कार जीता है। क्रोमाइट माइन को यह पुरस्कार जैव विविधता संरक्षण और सस्टेनेबल माइनिंग की दिशा में उसके प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुकिंदा क्रोमाइट माइन के हेड (माइनिंग) शंभु नाथ झा को खदान के उत्कृष्ट प्रदर्शन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। फीमी द्वारा स्थापित, यह पुरस्कार समारोह फिमी की 57वीं वार्षिक आम बैठक के अवसर पर आयोजित किया गया था। टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, %इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने पर हमें गर्व है। मैं हमारे व्यापक सस्टेनेबिलिटी फ्रेमवर्क और जिम्मेदार और सस्टेनेबल माइनिंग की दिशा में दृढ़ प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करने के लिए जूरी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।




## मारवाड़ी महिला मंच के तीन दिवसीय कंज्यूमेक्स मेला का समापन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का कंज्यूमेक्स मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहा हैं। दूसरे दिन मंगलवार को भी मेला प्रदर्शनी में काफी भीड़ हुई। आज मेले में आने वाले 100 से अधिक लोगों का आरोग्यम द्वारा नि:शुल्क आंखों की जांच की गयी। तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं में अधिकतर खून की कमी को देखते हुए एनिमिया की जांच भी नि:शुल्क की जायेगी। मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं सचिव सीमा अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित तीन दिवसीय कंज्यूमेक्स मेला में दुर्गा पूजा एवं दीपावली से संबंधित सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान लोगों को मिल रहे हैं।

## भाई-बहन प्रेम का प्रतीक प्राकृतिक करम परब का हुआ उचरन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदिबासि कुड़मि समाज, हुड़लुंग गाँउ महिला समिति की देखरेख में हुड़लुंग गाँव की बच्चियों ने हुड़लुंग नदी घाट से जाउआ उठान कर नवसृजन और भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक महान प्राकृतिक महापरब करम परब का उचरन किये। आज से शुक्ल पक्ष भादर एकादशी 25 सितंबर को करम डाइर सेंउरन तक प्रत्येक सुबह और शाम जाउआ डाला के संग जाउआ गीत गाकर जाउआ बेड़हा किया जायेगा। अगले दिन करम डाइर और जाउआ डाला का भासान कर एवं उसके बाद पारना कर करम परब का समापन होगा। 25 सितंबर को बिरसानगर स्थित संडे मार्केट में आदिबासि कुड़मि समाज, बिरसानगर-टेल्को नगर समिति की ओर से बिराट करम परब का आयोजन होगा, जिसमें शाम को करम डाइर सेंउरन (पुजा) के बाद झाड़ग्राम के पिंकी महाता झुमइर दँहगि का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। आज के कार्यक्रम में आकुस पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव प्रकाश महतो, उपाध्यक्ष उज्जवल महतो, सक्रिय सदस्य उदित महतो, जुगल मुण्डा,नन्दिनी महतो, पद्मावती महतो, शिल्पा महतो, भवानी महतो,कोयल महतो,पायल महतो, खुशी महतो, बेबी महतो,अनीमा महतो,सुजाता महतो, गुड्डी महतो, रविना महतो,शबनम महतो आदि शामिल थे।



### जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, फसल को रौंदा, किसानों को भारी नुकसान

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के जंगल से सटे कुछ गांव में जंगली हाथियों ने डेरा जमाए हुए है। जंगली हाथियों के झुंड में लगभग 15 से 20 हाथियों का होने का अनुमान लगाया गया है,शाम ढलते ही गावों में घुसकर तांडव मचाना शुरु कर देते है,ऐसे में ग्रामीणों में जान माल की क्षति का भी आशंका जताई जा रही है। दरसल घटना प्रखण्ड के ही गुण्डा पंचायत के सीमा गांव कई किसानों खेत में लगे कई तरह के फसलों को नष्ट कर दिया गया है। जिसमे एक ही किसान जिष्णु महतो,सुसेन महतो, भन्टू महतो, दशमी महतो,गुरुचरण महतो, विनीत देवी इन सभी किसानो का लगभग लाखो रुपया तक का फसल क्षति कर दिया गया है। किसानों द्वारा वन विभाग को फसल नष्ट होने के स्थिति में मुआवजा जल्द से देने का आग्रह किया।

## डालसा द्वारा चलाया जा रहा है सौ दिनों का विशेष जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मुख्यत महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग एवं निःशक्त पर केंद्रित होगा। साथ ही विचाराधीन बंदी जो निर्धनता के कारण वकील का सेवा लेकर जमानत नहीं कर पा रहे हैं या अपील नहीं कर पा रहे हैं उनकी पहचान की जाएगी। दिव्यांग के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाया जाएगा। इस 100 दिनों के विशेष जागरूकता अभियान द्वारा महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों आदि को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में जागरूकता फैलाना है। इसी क्रम व्यवहार न्यायालय सरायकेला तथा चांडिल अनुमंडल सहित विभिन्न प्रखंडों में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार, प्रिंसिपल जज फॅमिली कोर्ट राजीव कुमार सिन्हा,ए डीजे प्रथम अमित शेखर ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमार क्रांति प्रसाद, सीजेएम मंजू कुमारी, एसीजेएम कविताांजलि टोप्पो, एसडीजेम सुशील कुमार पिंगुआ ,व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी ,जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स शामिल हुए।

# विश्वकर्मा बाबा के जागरण में नृत्य नाटिका ने सबका मन मोहा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोलमुरी के गाराबासा स्थित सी पी स्कूल के हॉल में विश्वकर्मा बाबा का जागरण का आयोजन हुआ। जागरण में विश्वकर्मा बाबा का भव्य दरबार सजाया गया था। यजमान बंटी अग्रवाल ने पूजा की और महेश बाबाजी ने पूजा करायी। मदन लाल अग्रवाल द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय भजन गायक सुमित शर्मा सोनू और राधा रानी की टीम ने श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया। अतिथि कलाकार महावीर अग्रवाल मुन्ना ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। जागरण कार्यक्रम में अमित साहू ग्रुप के कलाकारों ने भगवान हनुमान व राधा-कृष्ण की झांकी का सजीव मंचन कर नृत्य नाटिका पेश की। नृत्य नाटिका ने सबका मन मोहा। इस धार्मिक मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी मुकेश मित्तल, शंभू खन्ना, आनन्द बिहारी दूबे, मोहन अग्रवाल, सोहन अग्रवाल, मदन अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्तगण विश्वकर्मा बाबा के दरबार में हाजरी लगायी तथा सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अंतराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन सरायकेला जिला कमेटी का पुनर्गठन



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम गोपाल गुप्ता (मध्य प्रदेश) प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष शंकर मित्तल एवं कोल्हान के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी की उपस्थिति में सरायकेला जिला कमेटी का पुनर्गठन अग्रसेन ठाकुरबाडी भवन में आहूत बैठक में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शंकर मित्तल ने की। पुनर्गठित कमेटी में अध्यक्ष संजय चौधरी, सचिव संजय साहू एवं कोषाध्यक्ष असित गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम गोपाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्य समाज ने अपनी उद्यमशीलता से पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल सहित प्रदीप चौधरी, उमेश गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, अरुण सेक्सरिया, विष्णु अग्रवाल, संजय साहू, दीपक साहू, असित गुप्ता, दीपक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## मंगल कालिंदी ने बेलटांड़ में किया गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** युवा सांस्कृतिक मंच द्वारा पटमदा के बेलटांड़ में बनाये गए भव्य पूजा पंडाल का मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, मिलन दास, रामपद महतो व राधारमण दास के अलावे पुरोहित शक्तिपद मुखर्जी, युवा सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष महावीर महतो, सचिव विश्वामित्र दास, कोषाध्यक्ष परमेश्वर गोप, आशीष दास, अजय मंडल, अंकुर महतो, प्रदीप कुंभकार, सनातन मंडल, असीम गोराई, उपेंद्र महतो, महेश्वर दास आदि मौजूद थे। उद्घाटन के पश्चात विधायक मंगल कालिंदी ने गणेश भगवान की आराधना करते हुए मंगल कामना की। दूसरी ओर झामुमो नेताओं ने बांसगड़ गांव में आयोजित गणेश पूजा में शामिल होकर फीता काटकर मंडप का उद्घाटन किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता राजू कर्मकार व दीनू रजक आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# शहादत मांगे प्रतिशोध

**जम्मू** कश्मीर के अनंतनाग इलाके में, आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान, राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग अफसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष, राज्य पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट्ट और राइफलमैन रवि कुमार जिस तरह 'शहीद' हुए, वह अत्यंत त्रासद और मर्माहत घटना है। ऐसी शहादतों का खालीपन भरना बेहद मुश्किल होता है, क्योंकि एक सैनिक या जवान को प्रशिक्षित करने में अनथक मशक्कत और ढेरों संसाधन लगते हैं। चार परिवारों के आंगन में 'शहीदों' के पार्थिव शरीर रखे थे और परिजन न चाहते हुए भी शोक-संतप्त हैं। जिन बच्चों ने कुछ समय पहले ही अपनी आंखें खोली हैं, वे पिता के साये से अनाथ हो चुके हैं। उनकी नियति शायद यही थी! आतंकवाद और ऑपरेशन इन व्यथाओं को महसूस ही नहीं कर सकते। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का सफाया कर दिया गया है, हमारा राजनीतिक नेतृत्व बार-बार यही दावे करता है, लेकिन यह विराट अद्र्धसत्य है। आतंकवादी नई रणनीति, नई साजिश और नई चुनौतियों के साथ अचानक हमले करते हैं। शहादत पर देश को गर्व हो सकता है, मां भारती सुरक्षित रहती है, लेकिन घरों के चिराग भी बुझते हैं। आतंकवाद को क्या हासिल होता है? क्या इसे ही जेहाद कहते हैं? बेशक कश्मीर में आतंकवाद की बुझती, आखिरी लौ हो सकती है, लेकिन पाकपरस्त लश्कर-ए-तैयबा और उसके छद्म नाम वाले आतंकी गुट 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के दहशतगर्द अपने नापाक मंसूबों में तो कामयाब रहे हैं। बेशक 95 फीसदी आतंकवाद, उनके नेटवर्क, घुसपैठ और पाकिस्तान का छाया-युद्ध समाप्त हो रहा है, लेकिन शेष 5 फीसदी के उन्मूलन में हमें न जाने कितनी शहादतें देनी पड़ेंगी? इस घटना के साथ संघ शासित क्षेत्र के 'पीर पंजाल' इलाके पर फोकस हो गया है, क्योंकि वह आतंकी गतिविधियों के नए इलाके के तौर पर उभर रहा है। 'पीर पंजाल' में ही जनवरी, 2021 से 30 मई, 2023 के बीच 24 सुरक्षाकर्मी 'शहीद' हुए और 75 नागरिक मारे जा चुके हैं। अगस्त माह तक यह आंकड़ा अधिक हो सकता है, क्योंकि कश्मीर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ें थमी नहीं हैं। कम जरूर हुई हैं। राजौरी जिले के इस इलाके में घने जंगल और कुदरती गुफाएं हैं। वे आतंकियों के लिए 'पनाहगार' साबित हो रहे हैं। इस इलाके में सुरक्षा स्थितियां बेहतर मानी जाती थीं, लेकिन 2020 के बाद यह आतंकियों का नया गढ़ बन गया है और आतंकी गतिविधियां लगातार जारी रही हैं। पाकिस्तान की सीमा भी करीब लगती है। घने जंगलों के कारण ऑपरेशन चलाने में दिक्कतें होती हैं। चूंकि आतंकी घात लगाए बैठे रहते हैं, लिहाजा हमारे सैनिक और जवान गोलीबारी के सहज निशाने पर रहते हैं। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह का मानना है कि पाकिस्तान को पूरी तरह अलग-थलग कर देना चाहिए। कैसे किया जा सकता है? हमारे क्रिकेट, कूटनीतिक और कुछ कारोबारी संबंध तो हैं। उन्हें खत्म करेंगे, तो पाकिस्तान अलग-थलग किया जा सकता है। लेकिन फारूक अब्दुल्ला और सैफुद्दीन सोज सरीखे कश्मीरी नेता पुराना राग अलापते रहे हैं कि पाकिस्तान से बातचीत करनी चाहिए। संवाद से ही आतंकवाद का सफाया किया जा सकता है, अमन-चैन आ सकता है, लेकिन मुठभेड़ों से आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारा मानना है कि शहादतों की प्रतिक्रिया में पलटवार किए जाने चाहिए। सेना और सुरक्षा बल प्रतिशोध लें। ऐसा वे कर भी रहे होंगे, क्योंकि हमारे सैनिकों और जवानों के हाथ पूरी तरह स्वतंत्र हैं। बेशक बीते साल में 1.88 करोड़ पर्यटक कश्मीर की सरजमीं पर आए, बेशक जी-20 देशों की बैठक भी वहीं आयोजित की गई, बेशक कश्मीर में 'तिरंगा' ऊंची इमारतों पर लहराता है, लेकिन पाकपरस्त आतंकी गुट लगातार रणनीति बदलते रहे हैं, ताकि सुरक्षा-व्यवस्था को चकमा दिया जा सके। वैसे सेना के ही जनरलों का कहना है कि पंजाब और नेपाल के रास्ते भी आतंकी कश्मीर में घुस रहे हैं। हालांकि स्थानीय स्तर पर आतंकी गुटों में भर्तियां, पत्थरबाजी, गिरोह बहुत कम हुए हैं, लेकिन अब भी हैं और उन्हीं से आतंकवाद जिंदा है।


आतंकवादी नई रणनीति, नई साजिश और नई चुनौतियों के साथ अचानक हमले करते हैं। शहादत पर देश को गर्व हो सकता है, मां भारती सुरक्षित रहती है, लेकिन घरों के चिराग भी बुझते हैं। आतंकवाद को क्या हासिल होता है? क्या इसे ही जेहाद कहते हैं? बेशक कश्मीर में आतंकवाद की बुझती, आखिरी लौ हो सकती है, लेकिन पाकपरस्त लश्कर-ए-तैयबा और उसके छद्म नाम वाले आतंकी गुट 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के दहशतगर्द अपने नापाक मंसूबों में तो कामयाब रहे हैं। बेशक 95 फीसदी आतंकवाद, उनके नेटवर्क, घुसपैठ और पाकिस्तान का छाया-युद्ध समाप्त हो रहा है, लेकिन शेष 5 फीसदी के उन्मूलन में हमें न जाने कितनी शहादतें देनी पड़ेंगी? इस घटना के साथ संघ शासित क्षेत्र के 'पीर पंजाल' इलाके पर फोकस हो गया है, क्योंकि वह आतंकी गतिविधियों के नए इलाके के तौर पर उभर रहा है। 'पीर पंजाल' में ही जनवरी, 2021 से 30 मई, 2023 के बीच 24 सुरक्षाकर्मी 'शहीद' हुए और 75 नागरिक मारे जा चुके हैं। अगस्त माह तक यह आंकड़ा अधिक हो सकता है, क्योंकि कश्मीर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ें थमी नहीं हैं। कम जरूर हुई हैं।


## कुछ अलग

# 'इंडिया' की अदालत में मीडिया

**'कभी** तेरे नाम से ही खबर पर ऐतवार होता था, आज तेरे लिखे पे नफरत फैलाने का इल्जाम है।' पत्रकारिता ने अपने महत्त्व को इतना गिरा दिया है कि अब बहस का विषय बनकर कोई एंकर कठघरे में खड़ा है। विपक्षी एकता के नाम पर बन चुका गठबंधन लोकतंत्र की गांठ से मीडिया के एक हिस्से को अलहदा करके आखिर कहना क्या चाहता है और यह परिस्थितियां क्यों पैदा हुईं कि 'कल तक जो हाशियों के बाहर कर रहे थे, आज अपनी ही महफिल से कट गए।' मोदी सरकार के खिलाफ चुनावी चौपाल में हो रहे फैसलों का एक नज़ला अगर मीडिया पर गिर रहा है तो यह पत्रकारिता के गिरते मानदंड की चेतावनी भर नहीं, बल्कि भविष्य की मांद में एक खतरनाक आदेश पलने लगा है। मीडिया बनाम राजनीति का वर्तमान मुकाबला केवल 14 एंकरों का बहिष्कार नहीं कर रहा, बल्कि लोकतंत्र के तमाम स्तंभों के बीच जर्जर होते विश्वास, आपसी संतुलन और पारस्परिक भूमिका के क्षरण का भी संदेश दे रहा है। इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ सालों में मीडिया खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपनी भाषा, शब्दावली, नैतिकता, संयम, विवेक, स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक चरित्र को कहीं तो चोट पहुंचाई है, जिससे संपूर्ण पत्रकारिता में अस्थिरता, मौका परस्ती और कारपोरेटीकरण का बोलबाला हो गया। आश्चर्य यह कि कुछ चेहरे हाई प्रोफाइल या पंच सितारा पत्रकार बनकर, मीडिया व्यापार की पेशकश में कारिंदे हो गए। कुछ राजनीतिक बिचौलिए और कुछ समाज के भीतर नफरत के बीज बोने के माहिर हो गए। पिछले सालों में जो मीडिया परिदृश्य उभरा है, उसमें पत्रकारिता ने अपनी गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा में अत्यंत गिरावट के साक्ष्य सौंपे हैं। आज अगर विपक्षी गठबंधन की अदालत में मीडिया जगत के 14 चिन्हित चेहरे अछूत घोषित हो रहे हैं, तो यह असाधारण घटनाक्रम है और जिसके प्रभाव में पत्रकारिता के मनोबल को कहीं न कहीं चोट पहुंचेगी। विडंबना यह है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पार्टियां जहां सत्तारूढ़ हैं, वहां भी पत्रकारिता से अपेक्षाएं भिन्न या स्वतंत्र नहीं हैं। मीडिया स्वतंत्रता की कीमत या तो किसी आपराधिक केस में उलझ कर चुकानी पड़ रही है या सरकारी विज्ञापनों से किनारे लगाकर मिलती है। लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ने 2014-15 से दिसंबर 2022 तक प्रिंट मीडिया को 3138 करोड़ तथा इलेक्ट्रॉनिक को 3260 करोड़ के विज्ञापन बांटे हैं। जाहिर है इस धन का आबंटन मीडिया की छाती पर नहीं, घुटने टेकने की वजह से कहीं अधिक हुआ है। लेकिन यही परिदृश्य अब राज्य सरकारें भी बना रही हैं। दिल्ली में आप सरकार अगर छह सौ करोड़ के विज्ञापन बांट कर अपना प्रचार करती है, तो मीडिया के बीच कतारबद्ध होने की वजह भी है।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एकला चलो राह पर मैदान में उतर चुके हैं

# एकला चलो की राह पर गहलोत

रमेश सर्राफ


चुनाव के लिए गठित किसी भी कमेटी की कमान सचिन पायलट को नहीं दी गई है। चुनाव कमेटियों में उन्हें मात्र एक सदस्य के तौर पर ही शामिल किया गया है। सचिन के अधिकांश समर्थकों को भी कमेटियों से दूर रखा गया है। यह कर गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान में कांग्रेस के वही एक छत्र नेता हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी।


**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव होने में अब मात्र दो माह का समय रह गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एकला चलो राह पर मैदान में उतर चुके हैं। पूरे चुनाव की कमान अपने हाथों में थाम कर व्यूह रचना में जुट गए हैं। अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट को चुनाव रणनीति से पूरी तरह दूर कर दिया है। चुनाव के लिए गठित किसी भी कमेटी की कमान सचिन पायलट को नहीं दी गई है। चुनाव कमेटियों में उन्हें मात्र एक सदस्य के तौर पर ही शामिल किया गया है। सचिन के अधिकांश समर्थकों को भी कमेटियों से दूर रखा गया है। यह कर गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान में कांग्रेस के वही एक छत्र नेता हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कोर कमेटी, कोऑर्डिनेशन कमेटी, चुनाव कम्पेनिंग कमेटी, मेनिफेस्टो कमेटी, स्ट्रेटजी कमेटी, मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी, पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशन कमेटी और प्रोटोकॉल कमेटी सहित कुल आठ कमेटियों का गठन किया है। इनमें कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को तो शामिल किया गया है। मगर उनके समर्थकों को विशेष तवज्जो नहीं दी गई। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कोर कमेटी का संयोजक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को बनाया गया है। इस कमेटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीया, मोहन प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को शामिल किया गया है। इस कमेटी में पायलट को छोड़कर बाकी सभी गहलोत समर्थक हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें समर्थन न होने से पायलट अकेले पड़ गए हैं। दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के पूर्व नेता, कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों को शामिल किया गया हैं। इसमें कई मंत्री व प्रमुख नेताओं को भी जगह दी गई है। इस कमेटी में कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल को भी शामिल किया गया है। उन्होंने पिछले साल 25 सितंबर को कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन द्वारा बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की



बैठक का बहिष्कार करवाया था। धारीवाल को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा उस घटना पर कारण बताओ नोटिस भी दिया गया था। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उसके उपरांत भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सबसे निकटवर्ती मंत्री शांति धारीवाल को उक्त महत्वपूर्ण कमेटी में शामिल करवा कर यह बता दिया है कि कांग्रेस में वही होगा जो वह चाहेंगे। कैंपेनिंग कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बनाया गया है। मेघवाल बीकानेर संभाग में गहलोत के कट्टर समर्थक नेता माने जाते हैं। पूर्व में वह भाजपा विधायक व संसदीय सचिव रह चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस टिकट पर 2013 और 2018 का विधानसभा चुनाव लड़ा था जिसमें 2013 में हार गए थे। मंत्री बनने से पहले उन्हें प्रदेश कांग्रेस का उपाध्यक्ष भी बनाया गया था। पहले सचिन पायलट को चुनाव कम्पेनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा थी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दलित नेता गोविंदराम मेघवाल का नाम आगे कर पायलट का पत्ता साफ कर दिया। मेनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी को बनाया गया है। इस कमेटी में 21 सदस्यों को शामिल किया गया है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को एक्स ऑफिस मेंबर के रूप में इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। पंजाब के प्रभारी व बाड़मेर से आने वाले जाट नेता हरीश चौधरी को स्ट्रैटेजिक कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश को मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 22 लोगों को शामिल किया गया है। मीडिया एंड पब्लीसिटी कमेटी का राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 21 लोगों को शामिल किया गया है। मुरारीलाल मीणा की गिनती कट्टर पायलट समर्थकों में होती है। दौसा जिले से आने वाले मुरारीलाल मीणा समाज के प्रभावशाली नेता है तथा पायलट के समर्थन में मुखर होकर बात रखते हैं। प्रोटोकॉल कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया को बनाया गया है इस कमेटी में 21 सदस्य शामिल है। कोटा के सांगोद से विधायक व पूर्व मंत्री भरतसिंह प्रमोद जैन भाया के भ्रष्टाचार को लेकर अक्सर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते रहते हैं। भारत सिंह के विरोध के बावजूद प्रमोद जैन भाया को कमेटी का अध्यक्ष बनाकर गहलोत ने भरतसिंह की बोलती बंद कर दी है। हाल ही में गठित की गई चुनाव कमेटियों में अशोक गहलोत ने अपने विश्वास के नजदीकी लोगों को शामिल करवाया है। मुरारीलाल मीणा को छोड़कर बाकी सभी कमेटियों के अध्यक्ष गहलोत की पसंद के हैं। मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव गहलोत भी कैंपेनिंग कमेटी के सदस्य बनाए गए है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष ने भीलवाड़ा में बड़े किसान सम्मेलन को संबोधित किया था। मगर सचिन पायलट वहां भी अनुपस्थित रहे थे। कुछ महीने पहले तक बगावती रुख अपनाये हुए सचिन पायलट को कांग्रेस आला कमान ने कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाकर चुनाव तक शांत रहने के लिए तो मना लिया था। मगर राजस्थान में अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में सचिन पायलट को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें जहां भी मौका मिलता है वह पायलट के पर कतर देते हैं। कांग्रेस आला कमान के समझाने पर सचिन पायलट ने राजस्थान लोक सेवा आयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार, शिक्षक भर्ती में घोटाला, पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवा वर्ग के पक्ष में पांच दिनों तक अजमेर से जयपुर तक पदयात्रा निकालने के बाद शुरू किए गए जन आंदोलन को भी समाप्त कर दिया था। लेकिन मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से लगता है कि राजस्थान कांग्रेस में पायलट को कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं मिलने वाली है। अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर कहा जाता है। वह कब कौन सी बाजी पलट दे किसी को नहीं पता होता है। जब कांग्रेस आलाकमान ने उनका नाम कांग्रेस अध्यक्ष के लिए घोषित कर दिया था तब उन्होंने अचानक विधायकों से बगावत करवा कर सचिन पायलट के मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों की अवहेलना कर कांग्रेस अध्यक्ष के बजाय मुख्यमंत्री ही बने रहना बेहतर माना।

# कानूनी बाध्यता के बगैर अप्रभावी है जी-20


जी-20 की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि साल 2008 के आर्थिक संकट को मैनेज करना था। तब आर्थिक संकट को काबू करने में इस समूह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं जी-20 ने आईएमएफ और वल्ड बैंक में कुछ सार्थक बदलाव भी किए। इसके बावजूद जलवायु परिवर्तन जैसे मसले हैं जिन पर पेरिस समझौते के बाद भी कुछ नहीं हुआ। जिस तरह यूनाइटेड नेशन्स में बातचीत होती है, लेकिन उनके पास धन है जिसका इस्तेमाल कुछ मामलों में किया जा सकता है। जी-20 में ऐसा नहीं है। ऊपर से देखें तो जी-20 की बैठक में खूब तडक़-भडक़ नजर आती है। 20 बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के प्रमुखों का जुटना, एजेंडा तय करना, लेकिन गहराई से देखें तो अभी तक जी-20 से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। इस तरह के आर्थिक प्लेटफॉर्म तभी ज्यादा कामयाब होते हैं जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव कम हों। अभी ऐसी स्थिति है कि यह तनाव बहुत ज्यादा हावी है। बड़ी शक्तियां आपस में एक-दूसरे के साथ काम करने को तैयार नहीं हैं।


**द्विपक्षीय** समझौतों को छोड़ कर सामूहिक तौर पर जी-20 के सदस्यों पर कोई बाध्यता नहीं है कि वो जी-20 के मंच पर किए अपने वादों को निभाएं ही। जी-20 के पास भी ऐसा कोई साधन नहीं है, जिसके तहत इन वादों को लागू करने के लिए कुछ किया जा सके। जी-20 की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि साल 2008 के आर्थिक संकट को मैनेज करना था। तब आर्थिक संकट को काबू करने में इस समूह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं जी-20 ने आईएमएफ और वल्ड बैंक में कुछ सार्थक बदलाव भी किए। इसके बावजूद जलवायु परिवर्तन जैसे मसले हैं जिन पर पेरिस समझौते के बाद भी कुछ नहीं हुआ। जिस तरह यूनाइटेड नेशन्स में बातचीत होती है, लेकिन उनके पास धन है जिसका इस्तेमाल कुछ मामलों में किया जा सकता है। जी-20 में ऐसा नहीं है। ऊपर से देखें तो जी-20 की बैठक में खूब तडक़-भडक़ नजर आती है। 20 बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के प्रमुखों का जुटना, एजेंडा तय करना, लेकिन गहराई से देखें तो अभी तक जी-20 से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। इस तरह के आर्थिक प्लेटफॉर्म तभी ज्यादा कामयाब होते हैं जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव कम हों। अभी ऐसी स्थिति है कि यह तनाव बहुत ज्यादा हावी है। बड़ी शक्तियां आपस में एक-दूसरे के साथ काम करने को तैयार नहीं हैं। उन्हें साथ लाना बड़ी चुनौती होती जा रही है। वैश्विक तनाव का प्रभाव केवल जी-20 पर हुआ है, ऐसा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी डेडलॉक है क्योंकि रूस-चीन एक तरफ हैं और पश्चिमी देश एक तरफ हैं। कोविड के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन ने काम नहीं किया, क्योंकि चीन ने वहां अड़ंगे लगाए। डब्ल्यूटीओ काम नहीं कर रहा। जी-20 एक नया संगठन है, जिसमें आर्थिक हालात को सुधारने की बात की गई है, लेकिन इसका कोई खास असर विश्व पर नहीं हुआ। वर्ष 1999 में गठन के बाद से समूह के अधिकांश साझे बयान बस बयान तक ही सीमित रह गए। जैसे रोम में साल 2021 शिखर सम्मेलन के दौरान जी-20 नेताओं ने कहा था कि वे सार्थक और प्रभावी कार्यों के साथ ग्लोबल वार्मिंग को सीमित करेंगे, विदेशों में कोयला बिजली संयंत्रों के वित्तपोषण को समाप्त करेंगे। बाद में साल 2022 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने बताया कि दुनिया भर में कोयला आधारित बिजली उत्पादन एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। कोयले में निवेश 10 प्रतिशत बढक़र 150 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। इससे कार्बनजनित प्रदूषण में बढ़ोत्तरी हुई है। मई में हिरोशिमा में जी-7 नेताओं द्वारा निरंतर जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने में तेजी लाने पर सहमति जताने के बावजूद जी-20 की ओर से रोडमैप पर सहमति नहीं बन पाई। वर्ष 2021 में, जी-20 ने एक बड़े टैक्स सुधार का समर्थन किया जिसमें प्रत्येक देश के लिए कम से कम 15 प्रतिशत का वैश्विक न्यूनतम कर शामिल था। इसने नए नियमों का भी समर्थन किया जिसके तहत अमेजन जैसे बड़े वैश्विक व्यवसायों को उन देशों में कर का भुगतान करना होगा जहां उनके उत्पाद बेचे जाते हैं, भले ही वहां उनके कार्यालय न हों। ग्लोबल टैक्स एग्रीमेंट एक बड़ा कदम था, लेकिन यह अब तक लागू नहीं हुआ। साल 1999 से पहले कुछ सालों से एशिया आर्थिक संकट से जूझ रहा था, जिसे देखते हुए जर्मनी में जी-8 देशों की बैठक हुई और जी-20 का गठन किया गया। इसमें सभी मजबूत अर्थव्यवस्था वाले 20 देशों के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को बुलाया गया। संगठन का मकसद वैश्विक आर्थिक मुद्दों पर आपसी चर्चा कर हल निकालना था। साल 2008 की वैश्विक मंदी के बाद यह निर्णय लिया गया कि इस बैठक में सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी हिस्सा लेंगे। जी-20 समिट दुनिया के 20 देशों द्वारा मिलकर बनाया गया एक शक्तिशाली ग्रुप है। साल 1999 में इसकी स्थापना की गई। इसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों द्वारा मिलकर आपसी सहयोग के लिए बनाया गया था। इसमें भारत, चीन, अमेरिका, रूस, जर्मनी, जापान के अलावा ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, इंडोनेशिया, साउथ अफ्रीका, सउदी अरब, तुर्किये, मेक्सिको, साउथ कोरिया, यूरोपीय संघ और अर्जेंटीना शामिल हैं।




यूरोपियन यूनियन सहित कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठन इसके आमंत्रित सदस्य हैं। दिखने में जी-20 बहुत ताकतवर वैश्विक संगठन नजर आता है। इसके सदस्य देशों के पास मिलाकर दुनिया की 80 प्रतिशत जीडीपी, 60 प्रतिशत आबादी और 75 प्रतिशत ग्लोबल ट्रेड है। ऐसे में इस सम्मेलन में लिया गया फैसला दुनिया की इकोनॉमी पर बड़ा असर डाल सकता है, लेकिन फैसले पर अमल हो, इसकी कोई गारंटी नहीं है। यही वजह है कि जी-20 अपने अस्तित्व में आने के बाद से लेकर अभी तक विश्व को कोई ठोस दिशा नहीं दे सका है। इसके सदस्य देश आपस में द्विपक्षीय या त्रिपक्षीय आधार पर कोई समझौता अपने देशों के फायदे के लिए बेशक कर लें, किन्तु उसका वैश्विक लाभ मिलता नजर नहीं आता है। उदाहरण के तौर पर भारत ने अमरीका, यूएई सहित अन्य देशों से निजी तौर पर ऐसे ही समझौते किए हैं। जी-20 देशों के समूह के पास बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों की पालना की बाध्यता के लिए जब तक कोई कानूनी उपाय नहीं किए जाएंगे, तब तक भारी-भरकम नजर आने वाले इस संगठन की प्रासंगिकता पूरी नहीं हो पाएगी। इसके विपरीत संयुक्त राष्ट्र संगठन में जब कोई प्रस्ताव पारित किया जाता है तो सभी देशों को उसके मानने की बाध्यता होती है। नहीं मानने की सूरत में उस देश की आलोचना के साथ कई तरह के प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इसका उदाहरण ईरान है। परमाणु शक्ति को लेकर ईरान पर कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। ऐसे ही कानून जब तक जी-20 के निर्णयों को लागू करने के लिए नहीं बनेंगे, तब तक यह संगठन अपने सर्वोच्च उद्देश्य तक नहीं पहुंच सकेगा। इस संगठन को प्रभावी बनाने के लिए इसमें शामिल देशों को सोचना होगा। तभी इन देशों तथा पूरे विश्व को इस संगठन का कोई लाभ हो पाएगा।

## दृष्टिकोण

# ड्रग्स की राजधानी बनने से कैसे बचे दिल्ली

**दिल्ली** में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदार्थों की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है। एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार इस कदर फैल चुका है, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं। हालांकि, इतना तो सभी जानते हैं कि किस्म-किस्म के महंगे मादक पदार्थों का सेवन कोई आम इंसान तो करेगा नहीं। इसके लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है इसलिए कोकीन, अफीम जैसे उच्च कोटि के नशीले पदार्थ के खरीदार भी बड़े लोग ही होते हैं। देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह है, जहां सरकार से लेकर ब्यूरोक्रेट लॉबी, बड़े उद्योगपति व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनके रहन-सहन, जीने के तौर-तरीके से सभी वाकिफ ही हैं। फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती। दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं। निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है जिसके के लिए ये कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेटस सिंबल समझने लगे हैं। इसकी गिरफ्त में बहुत कम या ज्यादा समूचे देश का युवा फंसा है। इसकी पहुंच स्कूल-कॉलेजों में हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के एक नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े ओहदेदार का पुत्र था। अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया, ताकि पहचान उजागर न हो। मादक पदार्थ कारोबार में शामिल बड़े लोगों की पहचान कभी सार्वजनिक नहीं की जाती। ये दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं। राजधानी में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है क्योंकि सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कोरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी में बीते 3 साल में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकेन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी।

## देश दुनीया से

# हिंदी सुहागिन, भारत के माथे की बिंदिया

**हिंदी** भाषा को संविधान में मान्यता प्राप्त हुई। परन्तु हिन्दी भाषा की नींव 11वीं शताब्दी में रखी गई। साहित्यकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से इसे काफी समृद्ध किया। तुलसीदास, कबीर दास, सूरदास, तिलक, दयानंद, बंकिम चंद्र चटर्जी तथा महात्मा गांधी जी ने हिंदी साहित्य लिख कर इसे लोकप्रियता दी। हिंदी भाषा को भारतीय जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा समझता, बोलता एवं लिखता है। यह सरल और आम बोलचाल की भाषा है। यह सभी भाषाओं की जननी है। बहुत से शब्द अन्य भाषाओं ने इसी से लिए हैं। हिंदी भाषा ने आरंभ से ही संस्कृतियों को जोडऩे का काम किया है। कबीर, नानक जैसे अनेक संत कवि इसके साक्षी हैं। स्वाधीनता संग्राम में हिंदी ने भारतीय जनमानस को रूढियों और अंधविश्वासों से दूर कर अंग्रेजी औपनिवेशक नीति के खिलाफ एक संगठित मोर्चे के रूप में जोड़ा था। आजादी के लिए संघर्ष के 90 वर्षों तक हिंदी स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा रही है। गांधी और अन्य नेता हिंदी भाषी प्रदेशों से न होते हुए भी उन्होंने हिंदी को देश की भाषा माना। आज हिन्दी की स्थिति संपर्क, संवाद और साहित्य की दृष्टि से अच्छी है, लेकिन शासकीय या राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी को निश्चय ही वो स्थान नहीं मिला है जिसकी वह हकदार है। हिंदी भाषा का हित तभी संभव है जब वह रोजगार, शासन और न्याय की भाषा बन पाए। अटल जी ने हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्रदान की। उन्होंने 4 अक्तूबर 1977, मंगलवार के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा के 32वें अधिवेशन में हिंदी में भाषण दिया था। विश्व पटल पर इस गूंज ने हिंदी भाषा को एक उच्च स्थान दिया। सभी प्रतिनिधियों ने खड़े होकर भाषण का अभिनंदन किया। हिंदी हमारे लिए गौरव की भाषा है। इसे राष्ट्रभाषा कानूनी रूप से करना चाहिए, क्योंकि एक राष्ट्र एक भाषा ही किसी देश की पहचान है और यह उस भाषा के साथ भी न्याय होगा, परंतु विडंबना है कि अब तक सरकारें इसके प्रति उदासीन रही हैं और हैं। हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने में अब तक काम हुआ है जितना, वह है किसी सरोवर की कुछ बूंदों इतना। भारत में हिंदी भाषा के साथ उपेक्षा का व्यवहार हो रहा है। बचपन में जब हिंदी सीखने का समय होता है तो बच्चे कान्वेंट कल्चर ग्रहण करते हैं। ऐसा भ्रम फैलाया जाता है कि अंग्रेजी ही रोजगार दिला सकती है। यह सच है कि नई पीढ़ी में हिंदी के प्रति रुचि कम हुई है। इसकी वजह है कि अब विषय कई हैं और वो सब अंग्रेजी में हैं। हिंदी को वैज्ञानिक ढंग से सीखने की जरूरत है। हमें अपने बच्चों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्राथमिक स्तर से ही हिंदी लिखने व बोलने की आदत डालनी चाहिए। सरकारी कामकाज और लोगों के व्यवहार में हिंदी का प्रयोग समाप्त हो रहा है। यह एक चिंता का विषय है। 'आंख उठा कर देखिए, हिंदी प्रेमी हैं कहां, कितने ही हिंदुओं की, परम फलद आज भी है अंग्रेजी देवी।' दिविक रमेश द्वारा लिखित कविता 'हैरान थी हिंदी' की ये पंक्तियां आज भी हिन्दी के ऊपर सही बैठती हैं: 'खड़ी थी, साहब के कमरे के बाहर, इजाजत मांगती, मांगती दुआ, पीए साहब की तनिक, निगाह की, हैरान थी हिंदी, आज भी आना पड़ा था उसे, लटक कर खचाखच भरी, सरकारी बस के पायदान पर संभाल-संभाल कर, अपनी इज्जत का आंचल, हैरान थी हिंदी।' हिंदी आज कुछ ऐसे तपः पुतों के पुण्य से बची है जो हिंदी को जीवन भर समर्पित रहे, जिन्होंने हिंदी के लिए सच्चे अर्थों में संघर्ष किया, किंतु कभी भी अपने मुंह से अपने कृतित्व का प्रचार नहीं किया। हिंदी को अन्य देशों की भाषा के समान स्थान दिलाना है तो इसको सभी सरकारी संस्थानों, मंत्रालय और दूतावासों की भाषा तथा राष्ट्रभाषा घोषित करना है।


हिंदी भाषा को भारतीय जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा समझता, बोलता एवं लिखता है। यह सरल और आम बोलचाल की भाषा है। यह सभी भाषाओं की जननी है। बहुत से शब्द अन्य भाषाओं ने इसी से लिए हैं। हिंदी भाषा ने आरंभ से ही संस्कृतियों को जोडऩे का काम किया है। कबीर, नानक जैसे अनेक संत कवि इसके साक्षी हैं। स्वाधीनता संग्राम में हिंदी ने भारतीय जनमानस को रूढियों और अंधविश्वासों से दूर कर अंग्रेजी औपनिवेशक नीति के खिलाफ एक संगठित मोर्चे के रूप में जोड़ा था। आजादी के लिए संघर्ष के 90 वर्षों तक हिंदी स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा रही है। गांधी और अन्य नेता हिंदी भाषी प्रदेशों से न होते हुए भी उन्होंने हिंदी को देश की भाषा माना। आज हिन्दी की स्थिति संपर्क, संवाद और साहित्य की दृष्टि से अच्छी है, लेकिन शासकीय या राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी को निश्चय ही वो स्थान नहीं मिला है जिसकी वह हकदार है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ ही दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर (चुन्द्रु धाम) में विगत कई वर्षों से भव्य रूप से मनाते आ रहे गणेश पूजा महोत्सव का इस बार और भी बेहतर तरीके से शुभारंभ किया गया है। 19 सितंबर (मंगलवार) की सुबह 7 बजे चुन्द्रू धाम से कलश में जल भरकर कई हजार की संख्या में श्रद्धालुवो ने भव्य शोभा कलश यात्रा में शामिल होकर पुरे टंडवा नगर का भ्रमण करते हुए पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां पूजा समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। यह पूरी शोभा कलश यात्रा, गणपति बप्पा मोरया, जय श्री राम, एवम् हर हर महादेव के गगन भेदी नारों से गुंजमान रहा। इस कलश यात्रा का सबसे मनमोहक दृश्य तब लगा जब छोटे-छोटे नन्हे मुनहे बच्चे अपने माथे पर कलश उठाकर नगर भ्रमण के दौरान ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार, गणपति बप्पा सुपरस्टार, के नारे लगा रहे थे। कलश यात्रा में टंडवा नगर भ्रमण के दौरान पड़ने वाले सभी चौंक चौराहों पर टंडवा थाना पुलिस पूर्ण रुप से सुरक्षा को लेकर मुस्तैद थी। इस शोभा कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के विधायक किशून कुमार दास शामिल थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सह चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी सत्येन श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक कुमार, चतरा जिला परिषद् अध्यक्षा ममता कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे,टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज चंद्रा, भाजपा नेता विनोद बिहारी पासवान, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सह सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गुप्ता, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुबेश राम, केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा तथा शशि चौरसिया, पचडा पंचायत मुखिया महेश साव सहित कई जनप्रतिनिधि एवम् गण्यमन लोगों ने इस महोत्सव के शुभारंभ में शामिल हुए। इस अवसर पर गणेश पूजा महोत्सव महासमिति के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेट कर उन्हे सम्मानित किया। साथ ही पूजा समिति ने प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों को महोत्सव में शामिल होकर पुरे महोत्सव को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया है। यह महोत्सव का समापन 28 सितंबर को किया जाएगा।

## जिला परिषद के नजीर मो. मेराज, कर्मी सौरभ कुमार व मयूरहंड ब्लॉक के नाजिर निरंजन पांडेय गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला परिषद चतरा के दो सरकारी बाबुओं एवं मयूरहण्ड ब्लॉक नाजीर पर एक महिला के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला के आवेदन पर चतरा सदर थाना में कांड संख्या 300/2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सिमरिया जिला परिषद की दुकान आवंटित करने के नाम पर गैंगरेप करने का लगा है आरोप। पुलिस ने महिला के साथ गैंगरेप करने के आरोपी जिला परिषद के नाजीर मोहम्मद मेराज, जिला परिषद के कर्मी सौरभ कुमार एवं मयूरहंड प्रखंड कार्यालय के नाजिर निरंजन पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से की जा रही है पूछताछ। पुलिस ने पीड़ित महिला को मेडिकल जांच के लिए भेजा सदर अस्पताल।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता सदर प्रखंड के लेम पंचायत स्थित चन्द्रमणि खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फीता काटकर व किक मारकर विधिवत शुभारंभ किया। मंत्री ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस फुटबॉल मैच शुभारंभ के दौरान जिलापरिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, मुखिया चुन्नू सिंह, रामविलास सिंह, बिनोद सिंह, अनिल सिंह, शिवबालक सिंह, प्रभु सिंह, शंकर सिंह, बिपिन सिंह, टूर्नामेंट के अध्यक्ष राजेश सिंह, मनोज सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## अवैध कोयला लदा पकड़ा गया ट्रक वन विभाग से गायब, जांच में जुटे पदाधिकारी

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ वन विभाग परिसर से वन विभाग द्वारा जप्त किए गए अवैध कोयला लदा ट्रक जेएच 19 बी 4994 रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। बदले में गायब ट्रक के जगह दूसरे ट्रक को खड़ा कर जप्त ट्रक का नंबर प्लेट चढ़ा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उपरोक्त खुलासा लातेहार वन विभाग द्वारा पिछले चार-पांच वर्षो से पकड़ी गई वाहनों का राज सात के लिए नीलामी निकालने के बाद हुई। 6 सितंबर को लातेहार डीएफओ कार्यालय में नीलामी की तिथि तय की गई थी। उसमें बालूमाथ निवासी अजीत कुमार सिंह ट्रक संख्या जे एच 19 बी 4994 इंजन नंबर 81 जे 8 4816862 का ऑनलाइन पेपर को देखकर निविदा डाली एवं 9 लाख 61 हजार में अधिकतम डाक बोलकर ट्रक को खरीदा। ट्रक खरीदने के वक्त अजीत कुमार सिंह ने अग्रधन राशि के रूप में 20 हज़ार रुपये जमा किया। और खड़ी ट्रक को देखने वन विभाग परिसर में पहुंचा तो पाया कि जो ट्रक का पेपर ऑनलाइन है वह 2018 मॉडल का गाड़ी है तथा परिसर में जो गाड़ी खड़ी है वह ट्रक 2012 मॉडल का है। इस गाड़ी में इंजन नंबर MAT466385 BwH 20110 अंकित है। अजीत कुमार सिंह ने इसकी लिखित शिकायत डीएफओ को किया। उसके बाद वन विभाग के अधिकारी जांच में जुट गए।

## जदयू जिला अध्यक्ष ने अवैध रूप से लाइसेंस प्राप्त करने वाले दुकानदार पर कार्रवाई करने की मांग

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड के लातेहार जिला अध्यक्ष नेजाम कुरैशी ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर अवैध रूप से दवा दुकान का लाइसेंस प्राप्त करने एवं अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर कार्रवाई की मांग की है। नेजाम कुरैशी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बालूमाथ थाना के विनोद बिहारी गुप्ता द्वारा स्वयं अपने नाम से दवा दुकान का लाइसेंस लिया था। जिसे दिनांक 31 जुलाई 2023 को ड्रग इंस्पेक्टर ने अनियमिता पाए जाने के कारण रद्द कर दिया था। परंतु विनोद बिहारी गुप्ता द्वारा नाम बदलकर उसी दुकान में न्यू आनंद फार्मा के नाम से पुनः लाइसेंस निर्गत करा लिया है। एवम एक ही रूम में होलसेल एवं रिटेल पिता एवं पुत्र के नाम से लाइसेंस लेकर चलाया जा रहा है जो कानून के अनुरूप नहीं है। यह दुकान जिला ड्रग इंस्पेक्टर के मिली भगत से चलाया जा रहा है। वहीं जदयू जिला अध्यक्ष ने कहा है कि बिना डिग्री धारक चिकित्सक खुलेआम अवैध नर्सिंग होम खोलकर धड़ले से इलाज कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकारी अस्पताल में डिलीवरी कराने वाले मरीजों को वहां के नर्स एवं सहिया व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बरगला कर प्राइवेट नर्सिंग होम में कमीशन के लोभ में भेजा जा रहा है।

## अखिल भारतीय यादव महासभा संघ की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में अखिल भारतीय महासभा संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले और प्रखण्ड के यादव समाज के बुद्धिजीवी शामिल हुए। उक्त बैठक में 5 नवम्बर को होने वाला अखिल भारतीय यादव महासभा शताब्दी समारोह सफल पूर्वक मनाने को लेकर बली यादव संयोजक मण्डली अध्यक्ष, संयोजक अरुण कुमार यादव, रंजन यादव, नीलम देवी के नेतृत्व में जिले के यादव समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बलि यदाव ने किया। वहीं संचालन अरुण यादव ने किया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि शताब्दी समारोह बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। मौके पर परमेश्वर यादव, जवाहर यादव, प्रमोद यादव, नरायन यादव, बिनोद यादव, सुरेश यादव, सकलदेव यादव, कुलदीप यादव, बालेश्वर यादव, नरेश यादव, अरुण यादव, भीम यादव, शम्भू यादव, पदुम यादव के अलावे दर्जनों यादव समाज के लोग शामिल थे।

## पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने विनय सिंह भोक्ता मेमोरियल फुटबॉल मैच किक मारकर उद्घाटन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड के काशिलौंग खेल मैदान में मंगलवार को शहीद विनय सिंह भोक्ता मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का उदघाटन पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने फुटबॉल को किक मारकर किया। उदघाटन से पूर्व अतिथियों ने भाजपा नेता विनय सिंह भोक्ता के पांचवी पूण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात उदघाटन मैच यूएमएस पिंजनी बनाम नावाडीह विद्यालय के छात्रा के बीच खेला गया।जिसमें मध्य विधालय पिंजनी ने पेनाल्टी शूट से 3-0 से जीत दर्ज कराया।पूर्व विधायक ने कहा विनय सिंह भोक्ता भाजपा के कदावर नेता थे,इनके दिवगंत होने से पार्टी को बहुत बड़ी छति हुई है। वह फुटबॉल खेल के प्रति काफी उत्साहित रहते थे।पूण्य तिथि के अवसर पर हर वर्ष फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव, मुखिया अनिता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, बसंत यादव, बिनोद साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## जेल गेट में तैनात सुरक्षा कर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप, एसपी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बानपुर निवासी युवक सूरज कुमार यादव पिता कमेशर यादव ने लातेहार मंडल कारा गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।इस संबंध में युवक ने लातेहार पुलिस अधीक्षक को आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र के माध्यम से युवक ने कहा है कि वह मंगलवार सुबह जेल में बंद अपने रिश्तेदार से मिलने गया था तभी गेट की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी उसका हाथ पकड़कर गाली गलौज करने लगे और डंडा से मारने की बात कही सुरक्षा कर्मी पर्ची कटाने के नाम पर पैसे की मांग कर रहे थे। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि सुरक्षा कर्मी उसे हाथ पकड़कर गेट से बाहर कर दिया।

## लातेहार में धूमधाम से मना गणेश चतुर्थी उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गणेश चतुर्थी उत्सव वहीं पहाड़ पूरी मुहल्ले में बहुत ही धुमधाम के साथ पूजा-अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस साल भी हमलोगों ने पूजा आयोजन को लेकर तैयारियां की थी और गणेश जी का पूजा अर्चना कर रहे है। समिति के सभी सदस्यों में अपार उत्साह है , साथ ही सभी श्रद्धालुओं से आपसी सहयोग करने की अपील समिति द्वारा किया गया। पूजा में मुख्य यजमान रामू भगत बैठे हुये थे उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही पूजा स्थल से प्रस्थान करने की अपील की। गणेश पूजा आयोजन में समिती के सचिन कुमार सिंह अध्यक्ष, मोहन राम सचिव, दीपक कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, राकेश सिंह पूजा संरक्षक, नागेंद्र सिंह, मनीष कुमार, अविनाश कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार, सुधीर चौधरी, तूफानी भगत, अमित कुमार, मुकेश कुमार, उमेश भगत, संजय सिंह, प्रमोद उरांव सहित पूजा आयोजन समिति अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को सामुदायिक भवन प्रांगण में पंचमुखी मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई जिसमें आपसी विचार विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष दीपक राज व सोनू सिंह कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सोनी, सचिव रविन्द्र प्रसाद, प्रिंस गुप्ता, अजीत कुमार व रिक्की गुप्ता कोषाध्यक्ष शुभम दुबे, निखिल गुप्ता, मुकेश कुमार व ऋतिक गुप्ता उप सचिव शकील अंसारी, जितेन्द्र वर्मा विकास विश्वकर्मा,रवि भीम रॉकी व नगेन्द्र गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों को अहमियत दी गई। वहीं बैठक में पिछले वर्ष हुए आयोजन में खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं इस वर्ष पूजा को आयोजन को सफल बनाने में लगभग पांच लाख रुपए का बजट तैयार किया गया है। जिसमें मूर्तियों को आकर्षक बनाने को लेकर कोलकाता के मूर्तिकारों द्वारा भव्य निर्माण कराया जाना है। वहीं भव्य पूजा पंडाल के निर्माण के साथ श्रधालुओं की सुविधा के मद्देनजर पूजा स्थल से बाजार के मुख्य चौक चौराहों पर आकर्षक लाइट से सजाए जाने की व्यवस्था कायम करना है। मौके पर संरक्षक विनोद प्रसाद, पंकज गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता पवन सोनी संजय यादव सागर सोहेल कौशल विक्रम रोशन अन्य युवाओं को शामिल किया गया।

## झारखंड आंदोलनकारी कोर कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को पुराने ब्लॉक परिसर में झारखंड राज्य आंदोलनकारी के प्रखंड अध्यक्ष विक्टर करकेटा के नेतृत्व में आगामी 30 सितंबर को झारखंड आंदोलनकारियों की आवश्यक बैठक को लेकर कोर कमेटी का बैठक किया गया। मौके पर केन्द्रीय सचिव सह प्रखंड प्रवक्ता अली हसन अंसारी ने बताया कि आगामी 12 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान रांची में झारखंड राज्य के अलग राज्य करने वाले पुरे राज्य के आंदोलनकारियों का विशाल रैली का आयोजन किया जाना है जिसे लेकर उन्होंने प्रखंड के सभी चिन्हित आंदोलनकारियों से अपील किया है कि आगामी 30 सितंबर को पुराने ब्लॉक परिसर में अपराह्न 11 बजे दिन के बैठक में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भागीदार बने। मौके पर विक्टर करकेटा, दीनानाथ राम, हीरानाथ राम, कृष्णा प्रसाद, उदय प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिजली बिल बकायादारों पर प्राथमिकी की दर्ज करने को लेकर दिया गया आवेदन, 11 लोगों का नाम शामिल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजली बिल के बकायेदारों के प्रति जई तरुण कुमार ने प्राथमिक दर्ज के लिए 11 लोगों के खिलाफ मंगलवार को गिद्धौर थाना में आवेदन दिया है। बताते चले की 11 बकायदारों में राजेश कुमार पिता चंद्र देव दांगी शंकर दांगी पिता चंद्र देव दांगी दोनों ग्राम पंचायत गिद्धौर निवासी हैं। एवं चंद्रदेव यादव पिता बबुनी यादव विष्णु पासवान पिता धनु पासवान बैजनाथ यादव पिता बल्कि यादव कामेश्वर यादव पिता सोबरन यादव उमेश दांगी पिता रामचंद्र दांगी श्रीकांत पासवान पिता वीरेंद्र पासवान कालेश्वर पासवान पिता नारायण पासवान तीर्थ पासवान पिता नारायण पासवान अरविंद यादव सभी ग्राम केंदुंआ पंचायत पहरा थाना गिद्धौर के प्रति बिजली बकाया बिल को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया गया है। इस संबंध में जई तरुण कुमार ने बतलाइए की इनलोंगो के प्रति बिजली बिल एवं फाइन लेकर के 368000 रुपए की राशि इन लोगों के प्रति बकाया था। जिसे लेकर प्राथमिक दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है।

## हटाए गए संजोयक आशुतोष मिश्रा, कमिटी हुआ भंग, मिश्रा पर लगा कई गंभीर आरोप

**➲मैने किसी कंपनी का कोई दलाली नही किया और जो भी वसूली होता है जायज और वाहन मालिकों के सहमति से किया जाता है आशुतोष**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा आम्रपाली कोल परियोजना में वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके पदाधिकायों को विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिकों ने भ्रष्टाचार और ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों का दलाली करने के आरोप लगाते हुए किया संघ के पद से बर्खास्त किया गया। आम्रपाली कोल परियोजना के विंगलात गाँव के मंदिर प्रांगण में विस्थापित - प्रभावित वाहन मालिकों ने सुजीत कुमार के अध्यक्षता में बैठक किया।बैठक का संचालन अजय नारायण देव ने किया।बैठक में मुख्य रूप से इन मुद्दों पर वाहन मालिकों ने निम्नलिखित चर्चा किया। 1. वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में उनके पदाधिकायों द्वारा वाहन मालिकों को बिना कोई सुविधा दिए प्रत्येक ट्रक मालिकों से सुविधा शुल्क के नाम पर 200 रुपया प्रति ट्रिप की वसूली करना। 2. वाहन मालिकों को ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों के खिलाफ बहकाकर भाड़ा बढ़ोतरी के नाम पर आंदोलन करवाना और आंदोलन के आड़ में कंपनियों से मोटी वसूली करके आंदोलन को विफल करने का भी आरोप लगाया गया। 3.वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके टीम द्वारा बिना ट्रक ऑनर के सहमति के 150 रुपया पर ट्रक पार्किंग चार्ज लेना। 4. अवैध तरीके से धन संग्रह करने के लालच में वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में उनके कार्यकर्ता द्वारा बिना वाहन मालिकों के सहमति के लाल कार्ड, ग्रीन कार्ड, पिला कार्ड सदस्यता के नाम पर लगभग 4 हज़ार ट्रक से प्रति ट्रक 1000 रुपये की वसूली करने का भी आरोप लगया गया। 5. संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके टीम पर वाहन मालिकों के साथ शडयंत्र करके झुठा आंदोलन के आड़ में और संघ का धौंस दिखाकर कोयला डीओ होल्डर और ट्रांस्पोर्टिंग कंपनियों से अपने रिश्तेदारों को कम भाड़ा तोड़कर कोयला लिफ्टिंग का कार्य भी दिलाने का आरोप लगा।वहीं बैठक में उपस्थित तमाम वाहन मालिकों ने जब वाहन मालिक संघ के कार्यकर्ता से इन तमाम आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा तो सभा मे उपस्थित वाहन मालिक संघ के उप सचिव बद्री साव और इंदर साव ने इन सभी आरोपों को गलती मानकर स्वीकार भी किया। और ट्रक वाहन मालिकों के द्वारा इसके एवज में लिए गये निर्णय को भी स्वागत करने की बात कही। बैठक में उपस्थित चतरा जिला के एसोसिएशन अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह ने सभी मंथन के बाद वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष और उनकी टीम की कार्य प्रणाली को गलत ठहराते हुए कहा कि । वाहन मालिक जब अपने स्वेक्षा से 200 रुपये सुविधा शुल्क दे है थे तब बिना किसी सहमति के प्रति ट्रक 150 रुपया पार्किंग और प्रति ट्रक 1000 रुपया सदस्यता शुल्क क्यों लिया गया। बैठक में उपस्थित सैकड़ो विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिकों ने भी सभा मे अपना- अपना विचार रखा। वहीं विस्थापित रैयत परिवार से उपस्थित अरबिंद नारायण दास, अमलेश नारायण दास, महेश वर्मा, विजय साहू, सूरज उरांव, महेश वर्मा, महेश गंझू, सुरेंद्र साव, आदित्य साव, आशीष चौधरी, हुलास यादव, संजीत यादव, प्रकाश यादव , संजीव कुमार एवं अन्य सभी ने एक स्वर में वाहन मालिक संघ और संयोजक आशुतोष मिश्रा और उनके टीम के कार्यप्रणाली को भृष्टाचार और अवैध वसूली में संलिप्त बताया एवं उन्हें बर्खास्त करते हुए विगत 15 दिनों के अंदर नए संघ का निर्माण करने पर अपनी सहमति जताई। जिसपर सभी विस्थापित-प्रभावित ट्रक वाहन मालिकों ने सहमति जताते हुए वाहन मालिक संघ के संयोजक और उनके टीम को कार्यमुक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार से भी सेकड़ो ट्रक वाहन मालिक उपस्तिथि थे।

## रक्त दान महादान, भाजपा नेता उमेश भारती रक्त दान कर गरीब परिवार को दिया जीवन दान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा के जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री एवं अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष उमेश भारती ने रक्तदान कर दो बच्चों और एक मां की जिंदगी का भविष्य बचा लिया है ।सदर अस्पताल में सदर प्रखंड के ढाडा पंचायत की एक महिला सरिता देवी प्रसव के लिए भर्ती है ।अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में दो दो बच्चे मां के पेट में देखने के बाद डॉक्टर ने सरिता देवी का परिजनों को सूचना दिया कि पेशेंट को बहुत ही ब्लड की कमी है जिसके कारण इसका ऑपरेशन कर बच्चों को स्वस्थ एवम् सुरक्षित प्रसव कराने में परेशानी हो रही है। सिस्टर ने सलाह दिया कि ऑपरेशन करके ही सुरक्षित प्रसव हो सकता है। सरिता देवी के परिजनों ने कई लोगों से अपने बच्चों को जन्म के देने को लेकर सदर अस्पताल के बाहर गुहार लगा रही थी इस बीच लोगों अस्पताल के बाहर लोगों ने सूचना उमेश भारती को दिया सुचना पाते ही उमेश भारती ने सदर अस्पताल पहुंचा तो सरिता देवी को काफ़ी गंभीर हालत में देख कर डॉक्टर को बेहतर इलाज के लिए कहा ।इस बीच चंद मिनटों में आनन-फानन में ब्लड बैंक से संपर्क कर खुद अपना ब्लड देकर दो बच्चों एवं बच्चों की मां को बेहतर भविष्य के लिए रक्तदान किया ।इस नेक कार्य के लिए समाज के सैकड़ो लोगों ने उमेश भारती को आभार व्यक्त किया।

## हल्के बारिश से किसान ले रहे हैं राहत कि सांस



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड में पिछले दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश से यहां के किसानों नें राहत महसूस कर रहे हैं। इनमे धान की खेती को लेकर थोड़ी आस जगी है।रुक रुक के हो रही बारिश से धान के खेतों में कुछ-कुछ जान आने लगी है। हालांकि इस वर्ष की बारिश की बेरुखी से अपेक्षाकृत धान की खेती होना असम्भव लग रहा है।किसानों द्वारा लगाए गए थोड़ी बह्यहुत धान के पौधे पानी के अभाव में सूखे पड़ने लगे थे। परंतु मंगलवार को गिद्धौर में रुक रुक के हो रही बारिश से किसानों में धान खेती के प्रति आस जगी है।व लोगो ने राहत की सांस लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गणपति की प्रतिमा विराजते ही बप्पा मोरिया से गूंजा बरही शहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को विघ्नहर्ता गणेश जी महाराज की प्रतिमा की स्थापना हर्षोल्लास के साथ किया गया। गणेश प्रतिमा स्थापना के पूर्व श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कर प्रतिमा को हजारीबाग रोड अफीम कोठी स्थित भव्य पूजा पंडाल में लाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल की थाप पर खूब रंग जमाया। वहीं घर आएं हैं हमार बप्पा मोरिया, विघ्नहर्ता देवा की जयघोष से शहर गूंजयमान रहा। गणपति महाराज जी का प्रतिमा पूजा स्थल पर विरजते ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए आतुर हुए। शंखनाद और ढोल नगाड़े के साथ गणपति महाराज की पूजा प्रारंभ किया गया। पूजा आसान पर बैठे यजमान राहुल राणा, विक्की कुमार, मनीष कुमार से पुरोहित पंडित परमानंद पांडे ने विधि विधान के साथ गणेश पूजन करवाया। उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अजित राम ने बताया कि पिछले 12 साल से सार्वजनिक गणेश पूजा समिति अफीम कोठी की ओर से गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि मूर्ति स्थापना के पश्चात तीन दिनों तक गणेश जी की पूजा की जाएगी तथा शुक्रवार को प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। साथ ही बताया कि संध्या महाआरती के समय मुख्य अतिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीओ पूनम कुजुर, डीएसपी नजीर अख्तर, जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव उपस्थित रहेंगे। बता दें कि बरही में मात्र एक ही स्थान पर गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके कारण गणपति पूजा पंडाल खास आकर्षक का केंद्र है। श्रद्धालुओं के आवागमन और गणपति के भक्ति गानों से भक्ति का ब्यार बह रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों में गणेश उत्सव की धूम रही। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अजीत राम,सचिव अशोक राम, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, उप कोषाध्यक्ष सोनू कुमार सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।




### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की दूसरी बैठक संपन्न

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में प्रदीप जैन की अध्यक्षता में दूसरी बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत मां दुर्गे की जयकारों के साथ किया गया। उपस्थित समस्त लोगों ने जय माता दी का जयकारा लगाया। बैठक में पूजा को ऐतिहासिक रूप से बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। वही बताया गया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही बैठक में बताया गया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें करीब 500 से भी अधिक असहाय, गरीब एवं रिक्शा चालकों के बीच कंबल एवं वस्त्र का वितरण किया जाएगा साथ ही सभी को खिचड़ी महाभोग का प्रसाद खिलाया जाएगा।लॉटरी ड्रा का कूपन बाजारों में उपलब्ध हो गया है। लॉटरी ड्रा में प्रथम पुरस्कार स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार 49 इंच की एलइडी टीवी, तृतीय पुरस्कार इनवर्टर, चतुर्थ पुरस्कार फ्रिज, पंचम पुरस्कार वाशिंग मशीन, छठा पुरस्कार साइकिल, वही 20 लोगों को सांत्वना पुरस्कार मे मिक्सर प्रदान किया जाएगा। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा साथ ही कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा पंडाल के समीप दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन किया जाएगा। वही सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि बाजारों में लॉटरी ड्रा का कूपन उपलब्ध हो गया है। श्रद्धालुओं से विशेष आग्रह है कि आप सभी लॉटरी ड्रा का कूपन अवश्य ले। ड्रॉ की तिथि 27 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। ड्रॉ पूजा पंडाल के समीप किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, दिलीप जायसवाल, शिवदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रदीप जैन,बाल गोविंद निषाद, गुड्डन सोनकर, रविंद्र गुप्ता, निशिकांत सिन्हा, प्रकाश सिंह, पवन रावत खण्डेलवाल, बैजनाथ गुप्ता, मोहन गुप्ता, राजेश सिन्हा, दिलीप सोनी, किशोर सोनी, रितेश खण्डेलवाल, संजय यादव, लक्ष्मण निषाद, अमन कुमार, सतीश गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रेम निषाद सहित कई लोग मौजूद थे।



### रंजन चौधरी को सेवा रत्न सम्मान-2023 से किया गया सम्मानित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग द्वारा शहर के प्रधान कैफेटेरिया सभागार में मंगलवार को आयोजित क्लब के चौथे स्थापना दिवस समारोह सह प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्र यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, खेल, समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों के साथ समाजसेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को फ्रसेवा रत्न सम्मान- 2023 से सम्मानित किया गया । लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग के द्वारा विधायक मीडिया प्रतिनिधि को यह सम्मान हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, क्लब के डीजी कमल जैन और रीजन चेयरपर्सन राजीव आनंद के द्वारा संयुक्त रूप से भेंटकर सम्मानित किया गया । ज्ञात हो की विधायक मीडिया प्रतिनिधि समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। विधायक मनीष जायसवाल के साथ रहकर जहां शिद्दत से अपने कामों को करते हैं वहीं आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के मदद को 24 घंटें तत्पर रहते हैं। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कमियों को भी समय-समय पर उजागर कर्जन जरूरत के हित में सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हैं। रंजन चौधरी समाज की विसंगतियों और जरूरी ज्वलंत मुद्दों पर आलेख लिखते हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से भी समाज को हरसंभव जागरूक करने का सकारात्मक कार्य करते हैं । रंजन चौधरी मूलतः बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत सिमुलिया के रहने वाले हैं। वे एक युवा समाजसेवा, युवा पत्रकार, युवा पर्यावरणविद्ध भी हैं। इन्होंने अपनी पढ़ाई हजारीबाग से ही की है। इन्होंने आईएससी और बीएससी (जन्तु विज्ञान) अन्नदा कॉलेज से और एमएससी (जन्तु विज्ञान) से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से की है।




## गणेश पूजा पंडाल का विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के छत्तर में श्री श्री गणेश पूजा समिति द्वारा गणेश महोत्सव के शुभ अवसर पर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा पूजा पंडाल का फीता काटकर उदघाटन किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने भगवान गणेश के सामने माथा टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किये। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि भगवान गणेश विध्नहर्ता है। यही कारण है कि भगवान गणेश पूजा का हिन्दू धर्म मे बेहद महत्वपूर्ण है। कहा कि पूजा पाठ एवं धार्मिक आयोजनों से समाज मे एकजुटता आती है।उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन करने से हमारे रीति रिवाज भी सुरक्षित रहते है और आपसी मेलजोल बढ़ता है।



## बरही अनुमंडलीय अस्पताल का एक्स-रे मशीन खराब, मरीजों की परेशानी बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल का एक्स- रे मशीन में कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले तीन-चार दिनों से एक्स-रे मशीन खराब पड़ा है। जिससे मरीजों को परेशानी बढ़ी है। प्रति दिन कई गरीब तबके के मरीज इसका लाभ लेने बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन एक्स-रे मशीन खराब होने पर वंचित हो रहे हैं। मरीजों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एक्सरे 100 रुपए में किया जाता है। जबकि निजी लैब में एक्सरे के दाम तीन गुना तक महंगे देने पड़ते हैं। ऐसे में रोगियों को एक्स-रे करवाने के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ते हैं। बता दे की तीन राजमार्गों का संगम स्थल बरही है। जहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। ऐसे में एकमात्र सहारा बरही अनुमंडलीय अस्पताल ही है। जहां एक-रे मशीन की जरूरत हमेशा पडते रहती है। वहीं इस संदर्भ में अस्पताल के डीएस प्रकाश ज्ञानी से पूछे जाने पर बताया कि एक्स- रे मशीन में सी आर में त्रुटि है। जिसके वजह से एक्स-रे तीन चार दिन से बंद है। मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इसकी सूचना टेक्नीशियन को दे दी गई है, जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा।




## सिरका कामगारों ने वर्कशॉप व कर्मशाला के विश्वकर्मा देव प्रतिमा का किया विसर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल सिरका कोलियरी क्षेत्र के न्यू वर्कशॉप, पुराने वर्कशॉप, कर्मशाला के दर्जनों कामगारों ने अबीर, गुलाल लगाकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली। झूमते, नाचते कामगारों ने कोलयरी की उन्नति, मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा, निर्माण का वरदान भी मांगा। प्रतिमा विसर्जन अरगड्डा नोनाहीटाड़ दामोदर घाट पर हुआ। मौके पर लक्ष्मी चरण महतो, ललन यादव, मनोज पाल, शनि महतो, सुखदेव, कमलेश प्रसाद, राजेंद्र बेदिया, घनश्याम महतो, विष्णु राम, काली बेदिया समेत कई कामगार उपस्थित थे।



## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.हिंदी एवं अंग्रेजी का अलग-अलग हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.हिंदी हस्तलेखन प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान नीमंसा कुमारी,द्वितीय स्थान रोशन कुमार तथा तृतीय स्थान पर रंजना कुमारी ने प्राप्त की। सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सूरज राणा,द्वितीय स्थान पर सुनीता कुमारी मंडल तथा तृतीय स्थान पर मनीषा कुमारी रही।अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर टिंकू कुमार, द्वितीय स्थान पवन कुमार तथा तृतीय स्थान पर कृष कुमार एवं आनंद कुमार ने रहा सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सूरज राणा,द्वितीय स्थान शिखा कुमारी तथा तृतीय स्थान पर मोहम्मद हसनैन अंसारी रहा।सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के निर्देशक सत्येंद्र प्रसाद प्राचार्य दिनेश कुमार भारती एवं शिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए बच्चों को कहा की अच्छी अच्छी हैंडराइटिंग व्यक्ति का व्यक्तित्व का निखार आता हैं। अच्छी हैंडराइटिंग बनाने का सही समय कक्षा पहली से पांचवीं तक होता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक दिन एक पेज अंग्रेजी एवं एक पेज हिंदी का राइटिंग अवश्य लिखना चाहिए।



## प्रेस क्लब बरकट्ठा का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष गोपाल व सचिव रामकृष्ण चुने गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पंचायत सचिवालय में प्रेस क्लब बरकट्ठा प्रखंड ईकाई का चुनाव संपन्न हुआ. जानकारी हो की मतदान सिर्फ सचिव पद के लिए हुआ. अन्य पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये. अध्यक्ष पद के लिए दो सदस्य गोपाल प्रसाद एवं धनंजय पाठक ने नामांकन किया था. धनंजय पाठक के नाम वापस लेने पर गोपाल प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये. उपाध्यक्ष पद पर ईश्वर यादव निर्विरोध चुने गए.

सचिव पद के लिए तीन सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया. जिसमें अजय यादव ने अपना नामांकन वापस ले लिया.पंकज कुमार और रामकृष्ण पाण्डेय के बीच मुकाबला हुआ जिसमें एक मत से रामकृष्ण पाण्डेय सचिव चुने गए.उप सचिव के लिए अजीत कुमार एवं केंद्रीय सदस्य के लिए रेयाज खां निर्विरोध चुने गए.जबकी कार्यकारिणी सदस्य में श्याम किशोर पाण्डेय निर्वाचित हुए.



## कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिये सौंपा गया मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के विकास के लिए विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष,प्रमुख प्रतिनिधि एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से मिलकर

संचालित योजनाओं के जानकारी देते हुए,विष्णुगढ़ प्रखण्ड में चार कोल्ड स्टोरेज निर्माण कराने की माँग की। इस संबंध में मुखिया उत्तम कुमार महतो ने पंचायत सुदृढ़ीकरण की राशि खर्च की जानकारी माँगी,जिस पर पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने साफ शब्दों में कहा कि इस राशि को खर्च करने के लिए मुखिया स्वतंत्र है,सिर्फ वित्तीय नियम का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। आगे जानकारी देते हुए निशा उरांव ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकारों का स्वतंत्रता पूर्वक उपयोग करें,इस संबंध में पंचायती राज पूरी तरह प्रयासरत है ।

इस मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो,प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने पंचायती राज निदेशक निशा उराव को कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिए लिखित आवेदन सौपा।



## कुलाधिपति को विश्वविद्यालय में राजनैतिक नही, शैक्षणिक चर्चा करनी चाहिए : बीपी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत दीप प्रज्वलित कर राज्यपाल ने किया। काफी हर्ष का माहौल था। स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग के पूर्व सांसद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को आमंत्रित किया गया था। स्थापना दिवस कार्यक्रम का हॉल विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मी और अंगीभूत कॉलेज के अलावे अतिथियों से भरा हुआ था। इसी बीच राज्यपाल श्री राधाकृष्णन का संबोधन स्थापना दिवस के अवसर पर शुभारंभ हुआ जिसमें पहले तो उन्होंने मंच को राजनीतिक मंच बना दिया जिसमें हजारीबाग के भाजपा विधायक को एक स्थान दे दिया जो प्रोटोकॉल के खिलाफ है। दूसरी ओर राज्यपाल ने भारतीय जनता पार्टी के चंद्रयान 3,कोरोना महामारी और प्रधानमंत्री मोदी के अलावे भाजपा पार्टी की जमकर तारीफ की और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को इकोनामिक रहित करार दिया। राज्यपाल ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की असफलता का परिणाम इनकी आर्थिक नीति को बताया। पूरे बयान पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से निवेदन किया है कि पॉलिटिकल भाषण से उन्हें परहेज करना चाहिए। क्योंकि राज्यपाल किसी खास पार्टी के नहीं होते हैं वह एक संवैधानिक पद है। जिन्हें सभी राजनीतिक पार्टियों के आदर्श का पालन करते हुए उनका सम्मान करना चाहिए। श्री मेहता ने कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना 1992 में की गई थी, उसके लिए उन्होंने काफी मशक्कत की थी।

## नगर परिषद सिरका के वार्ड 15 में सौ स्ट्रीट लाइट लगना शुरू



**सिरका :** नगर परिषद रामगढ़ के वार्ड 15 सिरका में पार्षद प्रिया देवी के अगुवाई व निगरानी में मंगलवार से सीसीएल बिजली खंबों पर स्ट्रीट लाइट लगना आरंभ हो गया हैं। इस संबंध में समाजसेवी नीरज पासवान ने बताया कि स्ट्रीट लाइट बाल मंडली, एमपीआई समेत जरूरी अंधकार पोल व सड़क स्थलों पर लगाया जाएगा। जिससे लोगों एंव राहगीरों को रोशनी की सुविधा मिले। साथ ही चोरी, अनहोनी और गलत अपराधों की रोकथाम निगरानी में सहायता मिल सकें। आवश्यक स्थल के सौ जगहो पर लाइट लगेगी। मौके पर जमादार समीम अख्तर समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

## तूफान चौक गिददी पंडाल में भगवान श्री गणेश का हुआ आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** कोयलांचल के तूफान चौक के गिददी ए, रेलीगढ़ा पंडालो में मंगलवार से प्रथम पूज्य देवता श्री गणेश, रिद्धि- सिद्धि के साथ भक्तों को दर्शन देना आरंभ कर चुके हैं। पहले दिन ब्राह्मण द्वारा यजमानों को विधिवत पूजन करवाई गई। गिददी तूफान चौक में भगवान श्री गणेश के पूजा पंडाल में पूजन आरंभ होने से पूर्व वर्षा हुई। जिसे भक्तों ने भगवान का गर्मी से राहत दिलाने वाला आशीष रूप माना। लोगों ने बताया कि तूफान चौक में भगवान श्री गणेश की पूजा करने से प्रभु सभी के विघ्न, परेशानियां, बाधाओ को हरते हैं। साथ ही सुख, शांति, समृद्धि का भक्तों को आशीर्वाद मिलता हैं। भक्तजनों के सहयोग, दान से पूजा संपन्न किया जाता हैं। सभी भक्त मिलजुल कर भगवान के इस महान उत्सव को बड़े ही उत्साह के साथ वर्षो से मानते आए हैं। पूजा समिति के द्वारा भक्तों के बीच हलवा पुड़ी, खीर, खिचड़ी का भी भोगों का वितरण तीन से चार दिनों के पूजन अंतराल में किया जाता हैं। गजानन के महोत्सव से पूरा क्षेत्र भक्ति में वातावरण में बदल चुंका हैं।

## झारखंड के सम्पूर्ण विकास के लिए परिवर्तन जरूरी : टाईगर जयराम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में टाइगर जयराम महतो के आगमन के साथ झारखंडी खतियान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित करम महोत्सव गोविंदपुर तथा हुरलुंग में मुख्य वक्ता के रूप में जनजागरण सभा को सम्बोधित किया। आयोजित करम महोत्सव में जयराम महतो खूब झूमे।इसके पश्चात युवाओं के साथ सैकड़ो बाइक काफिले के साथ बीती रात को करीब दस बजे पूर्व आयोजित कार्यक्रम करम महोत्सव जोबर में अपने चिरपरिचित अंदाज में एसयूवी की छत पर चढ़कर स्थानीय विधायक,साँसद एवं राज्य की वर्तमान हेमन्त सोरेन की सरकार पर जमकर बरसते हुए कहा कि झारखंड के निर्माण हुए 23 वर्ष हो गये अभी भी लोगो को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है। झारखंड के अधिकांश प्रवासी मजदूर विष्णुगढ़, बगोदर, सरिया,बरकट्ठा, तोपचांची,डुमरी के गरीब होते है, और यहाँ के विधायक,साँसद इनकी सुध भी नही लेते।हमारा झारखंड खनिज संपदा से भरा-पूरा है,देश का 49 प्रतिशत खनिज झारखंड से प्राप्त होता है। जो राज्य इतना सम्पन्न हो उस राज्य के नागरिकों को दूसरे प्रदेशों में नौकरी करनी पड़े शर्म की बात है। आप सभी अगर हमे दो साँसद भी दे दे तो भारत की संसद में अपने झारखंड और झारखंडियों की हितो के लिए प्रधानमंत्री मोदी से आँखों मे आँखे डालकर बात करेंगे। 2024 चुनावी साल है,आपके समर्थन से परिवर्तन होगा और झारखंड नई करवट लेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिप सदस्य प्रकाश पटेल,पूर्व मुखिया राजेंद्र महतो,उमेश महतो,महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, समेत हजारों जयराम समर्थक उपस्थित रहे।



## विष्णुगढ़ में गणपति उत्सव पर भव्य मेले का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बेड़ाहरियारा पंचायत अंतर्गत ग्राम रमुआँ के देवी मंडा प्राँगण में पूर्व की भाँति गणपति बप्पा के शुभागमन के साथ पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया।चंद वर्षो में गणपति महोत्सव प्रखण्ड के अलावे अन्य जिलों में भी अपनी प्रसिद्धि हासिल कर ली दूर दूर से लोग मेले का लुत्फ एवं गणपति बप्पा के दर्शन के लिए लोग सपरिवार आते है।मेले में लोगो के खाने पीने से लेकर बच्चो के खिलौने,तरह-तरह के झूले,रास्तो में लगी लाइटों की झालरें,फूलों से सजी मंदिर से सम्पूर्ण परिसर शोभायमान और गुलजार रहता है।डीएमटी क्लब पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर कुमार कसेरा अपने सहयोगियों संग मेले की विधि व्यवस्था,मेला परिसर को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपनी अहम भूमिका अदा करते है,यहाँ तक कोई भी दर्शनार्थी बिना महाप्रसाद लिये खाली हाथ ना लौटे इसका भी विशेष ख्याल रखा जाता है।यह पूजा स्थल अपने आप मे विष्णुगढ़ के इतिहास को समेटे हुए है। यहाँ कभी राजा विष्णु सिंह(लक्ष्मण कुँवर) का निवास स्थल हुआ करता था,इस वजह से यह प्राँगण और भी खास हो जाता है। गणपति महोत्सव के आगाज से मानो वर्षो पहले अपनी याद को यह स्थल पुनर्जीवित कर गया हो।आज बड़े अफसोस के साथ इस पावन घड़ी में कहना है,कि कभी इस प्राँगण से सटे बड़की बाँध की खूबसूरती,स्वच्छता लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती थी,परन्तु आज के समय मे बड़की बाँध जलकुम्भी से पटा पड़ा है,जो चांद में एक धब्बे के समान है। विष्णुगढ़ की हृदय स्थली रही इस पावन भूमि पर चुने गए जनप्रतिनिधियों की नजरें इनायत होनी चाहिए,बड़की बाँध जैसे जनप्रतिनिधियों से कह रहा हो,नजरे इनायत हो गर आपकी तो हम पर एक एहशान कर देना पुनः मुझे पुनः निर्मल कर दो यह एहशान जरूर कर देना। रात्रि में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवीयो के द्वारा दीपप्रज्वलन कर इसी प्राँगण में बाल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन का किया गया,जिसमे प्रखण्ड के अलावे अन्य जिलों से आये छोटे-छोटे प्रतिभागियो ने रात्रि में शमा बाँध दिया।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 8 वर्षीय बालक के अपहरण व हत्या मामले का उद्भेदन, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद निवासी अब्दुस समद उर्फ अलसमद (पिता मोहम्मद रिजवान)के जघन्य हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस बाबत कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने मंगलवार शाम को अपने कार्यालय में पत्रकारवार्ता कर इस पुरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बालक विगत 14 सितंबर की शाम से अब्दुस समद लापता था। जिसको लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 169/ 23 सनहा दर्ज कराया गया था। इसके बाद 17 सितंबर को 8 वर्षीय अब्दुस समद का शव जलवाबाद मदीना मस्जिद के पीछे एक बंद पड़े मकान से उसका शव बरामद किया गया था। जिसके बाद इस जघन्य हत्याकांड को लेकर एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था. जिसमें कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम में तकनीकी शाखा, कोडरमा को भी रखा गया। वहीं 17 को जलवाबाद मदीना नगर स्थित मुस्ताक आलम के निर्माणाधीन मकान से अपहृत अब्दुस समद उर्फ अलसमद का शव बरामद किया गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फूटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दो नाबालिग बालक की संलिप्ता पाई गई । जिससे पुछताछ के क्रम में इन्होनें अपना दोष स्वीकार करते हुए कहा कि ये दोनों अपहृत अब्दुस समद उर्फ अलसमद को उसके घर के पास से बुलाकर उनके हीं घर से पीछे करीब 150 मी0 दूरी पर एक बंद निर्माणाधीन मकान में ले जाकर अपहृत अब्दुस समद उर्फ अलसमद के गले में रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दिये तथा शव को छुपाने के लिए उसी निर्माणाधीन मकान के एक अंदर के कमरे में प्लास्टिक के तिरपाल से ढक दिये। कांड में संलिप्त दोनों नाबालिग दोनों को पकड़ा गया. एवं इनके निशानदेही पर मृतक अब्दुस समद उर्फ अलसमद का दाहिना पैर का एक हवाई चप्पल एवं घटना में प्रयुक्त रस्सी बरामद किया गया है। पूछताछ के क्रम में दोनो नाबालिग बच्चे बताये कि मृतक अब्दुस समद उर्फ अलसमद के अभिभावक से पैसा मांगने के उद्देश्य से एवं पूर्व दुश्मनी को लेकर हत्या कर दिये।

**कौन कौन थे छापामारी दल में**

कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, इकबाल हुसैन, कुंदन कुमार, अब्दुला खां, संजय शर्मा, ऋषिकेश कु0 सिन्हा, मुकेश कुमार, तकनीकी शाखा, कोडरमा के टीम के सदस्य एवं सशस्त्र बल की भूमिका रही. मौके पर दल में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य लोग शामिल थे।

## तूफान चौक गिददी पंडाल में भगवान श्री गणेश का हुआ आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** कोयलांचल के तूफान चौक के गिददी ए, रेलीगढ़ा पंडालो में मंगलवार से प्रथम पूज्य देवता श्री गणेश, रिद्धि- सिद्धि के साथ भक्तों को दर्शन देना आरंभ कर चुंके हैं। पहले दिन ब्राह्मण द्वारा यजमानों को विधिवत पूजन करवाई गई। गिददी तूफान चौक में भगवान श्री गणेश के पूजा पंडाल में पूजन आरंभ होने से पूर्व वर्षा हुई। जिसे भक्तों ने भगवान का गर्मी से राहत दिलाने वाला आशीष रूप माना। लोगों ने बताया कि तूफान चौक में भगवान श्री गणेश की पूजा करने से प्रभु सभी के विघ्न, परेशानियां, बाधाओ को हरते हैं। साथ ही सुख, शांति, समृद्धि का भक्तों को आशीर्वाद मिलता हैं। भक्तजनों के सहयोग, दान से पूजा संपन्न किया जाता हैं। सभी भक्त मिलजुल कर भगवान के इस महान उत्सव को बड़े ही उत्साह के साथ वर्षो से मानते आए हैं।

## बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट 20 को स्वच्छ जागरूकता व ब्लीचिंग वितरण करेगा



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट छोटकाचुंबा कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। अवसर पर बताया गया कि आगामी 20 सितंबर को पंचायत मंझलाचुंबा अंतर्गत छोटका चुंबा में बिरसा स्मृति के द्वारा स्वच्छ जागरूकता अभियान व निशुल्क ब्लीचिंग पाउडर का वितरण होगा। इसमें लोगों की भागीदारी की अपील की गई हैं। अवसर पर विरेंद्र गंझू, प्रेम रविदास, कोषाध्यक्ष विजेंद्र मुंडा, रविंद्र मुंडा, विजय मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, काली सिंह, राजेंद्र मुंडा आदि मौजूद थे।

## डालसा चलाएगा 100 दिनों का जागरूकता कार्यक्रम

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ जिले में चार चरणों में 100 दिवसीय जागरूकता व आउटरीच अभियान चलाएगी। इस अभियान की शुरुआत जिले में 17 सितंबर से हो चुकी है।इसके तहत जिले के गांवों में पहुंचकर डालसा की टीम देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान करेंगे। उन्हें तस्करी, दुर्व्यवहार, बाल श्रम, बाल विवाह, पोक्सो आदि का शिकार बनने से रोकने के लिए बाल संरक्षण योजना से जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक ब्लॉक में शिविर का आयोजन कर महिलाओं को सशक्त करने, घरेलू तथा यौन अपराधों से बचाने वह उचित मामलों में पीड़ित प्रतिकार दिलवाने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा विकलांग, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, एससी, एसटी के अधिकारों की जानकारियां दी जाएगी। अभियान के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा उपकारा रामगढ़ में भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई बंदी बिना अधिवक्ता के ना रहे और समय पर अपना-अपना जमानत आवेदन या अपील दायर कर सके।

## मांडू चट्टी पंचायत धारणीय टोला में शिव मंदिर निर्माण भूमि पूजा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत धारणीय टोला मे शिव मंदिर निर्माण भूमि पूजा के समारोह में मुख्य अतिथि तिवारी महतो , विशिष्ट अतिथि मुखिया अनीता देवी , अतिथि अमरेंद्र कुमार गुप्ता मनोज मोदी सरजीत कुमार सिंह भोला गुप्ता अशोक कुमार साहू प्रदुमन साहू अजय कुमार तलेसर साहू महेश प्रसाद यादव परशुराम यादव धनेश्वर हसदा राजेश हसदा मनोहर गुप्ता नागेश्वर प्रजापति नागेश्वर ठाकुर धनेश्वर साहू अमित कुमार सितन भुईयां गोपी भुईयां उपस्थित हुए । मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा नारियल फोड़ा गया एवं वृक्षारोपण कर मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया गया । इस मंदिर निर्माण का कमेटी में बालेश्वर उर्फ छोटेलाल भुईयां कार्यकारणी अध्यक्ष, अध्यक्ष राजकुमार , उपाध्यक्ष कचन भुईयां , कोषाध्यक्ष रंजीत भुईयां, उपकोषाध्यक्ष सुबोध भुईयां , करण कुमार बेदिया , साह सचिव प्रमोद भुईयां है साथ ही श्री शिव मंदिर निर्माण का भूमि पूजन ललन पंडित के द्वारा एवं राम प्रसाद पंडित के द्वारा प्रवचन का शुरू किया गया व? शिव मंदिर निर्माण में पांच पुजारी बैठे हैं इस मौके पर सुबोध भुईयां आरती देवी करण बेदिया बिना देवी संतोष भुईयां सिमां देवी आदि मौजूद थे ।

## रामगढ़ के पंकज महतो ने पूजा पंडाल का फीता काट कर उद्घाटन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री श्री गणेश पूजा समिति न्यू गुप्ता क्लब साहू मोहल्ला कोइरि टोला रामगढ़ द्वारा आयोजित भव्य गणेश पूजा महोत्सव के मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो थे मुख्य अतिथि ने पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पंकज महतो ने कहा की गणेश पूजा हम लोग भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं साथ ही साथ सभी तरह के पूजा अनुष्ठान शुभ कार्य शुरू करने से पहले भगवान गणेश की पूजा करते हैं और मंगल कामना करते हैं गणेश भगवान हमारे सारे कार्य पूर्ण करें सुख समृद्धि लाए मौके पर कमेटी के अध्यक्ष बबलू साव,सचिव संजीव कुमार ,उपाध्यक्ष उमेश साव, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, शिवदेव कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## अरगड्डा के सत्यम क्लब पूजा भवन में श्री गणेश 19 वर्षो से भक्तों को दे रहे दर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा के न्यू कॉलोनी चौहान मोहल्ला में सत्यम क्लब के द्वारा बनाए गए पंडाल में देवताओं में प्रथम श्री गणेश ने मंगलवार को भक्तों को दर्शन दिया। गणेश चतुर्थी पर पूजन के लिए लड्डू, पेड़ा, बताशा, फल, फूल, मिष्ठान के साथ बाबा के भक्तजनों ने भोग लगाया। जयकारे के बीच पुष्पांजलि, आरती हुई। पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल भुईयां ने बताया कि बीते 19 वर्षो से गणेश चतुर्दशी महोत्सव मनाया जा रहा हैं। चार दिनों तक संध्या 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जबकि आगामी 21 सितंबर संध्या 7 बजे जागरण का आयोजन होगा। पंडाल का उद्घाटन गोपाल मुंडा व अनिल भुईयां ने किया। इधर भूली क्वार्टर सिरका में भी छोटे पंडाल में भगवान श्री गणेश की पूजा आरंभ हुई। मौके पर अजय चौधरी, कीर्ति कुमारी, खुशी, छोटी, अभिषेक, मनमीत, मलिंगा आदि भक्तजन उपस्थित थे।

## दिगवार स्थित श्री गणेश पूजा पंडाल में पहुंचे विधायक जेपी पटेल, की पूजा अर्चना



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कुजू क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने उन्होंने दिगवार एवं रामानगर में मौके पर तैयार किए गए भव्य पंडाल का अवलोकन करते हुए भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की। पंडित राकेश पाण्डेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। इसके पूर्व विधायक सहित अन्य प्रमुख लोगों को पूजा समिति के संरक्षक सह वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज महतो रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरी ने भी पूजा में शामिल होकर क्षेत्र की खुशहाली का वरदान मांगा। मौके पर वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, अनुपम गिरी, पन्नालाल गिरी, जगदीश महतो, धनु महतो, अरुण कुशवाहा, सुरेंद्र रविदास, टीकू रविदास, राजू रविदास, धनु करमाली, चंदन कुशवाहा, संजय साहू, परमेश्वर महतो, मुकेश कुशवाहा, कैलाश गिरी, पंकज कुशवाहा, शशि कुशवाहा, रवि कुशवाहा, गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष मनोहर कुशवाहा, सचिव सुरेंद्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार, संगठन मंत्री रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## करमा महोत्सव व दुर्गा पूजा को लेकर पार्षद एवं कुंदरू मुखिया पंचायत में चलाया सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत मे करमा महोत्सव एवं दुर्गा पूजा को देखते हुए विभिन्न सड़कों का सफाई अभियान जोर-जोर से किया गया इसमें मुख्य रूप से रामगढ़ जिला पार्षद धनेश्वर महतो पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा के द्वारा सड़कों पर कई जगह पर पसरा हुआ गंदगी का ढेर पड़ा हुआ था जिसकी सफाई अभियान चला कर सड़कों को साफ सुथरा किया गया।इस मौके पर जिला पार्षद ने बताया कि पर्व त्यौहार के देखते हुए अपनी निजी जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर के द्वारा सड़कों की सफाई की जा रही है गांव के विभिन्न गली मोहल्ले को त्योहार को देखते हुए सफाई करना बहुत जरूरी था सफाई अभियान में ग्रामीणों का भी साथ मिल रहा है उधर मुखिया ने बताया कि झारखंडी लोक संस्कृति का ऐतिहासिक त्यौहार करमा महोत्सव एवं देश का महत्वपूर्ण त्यौहार दुर्गा पूजा दशहरा को देखते हुए जगह-जगह पर चौक चौराहा में गंदगी पड़ी हुई थी जिसकी सफाई की जा रही है सड़कों की साफ सफाई होने के बाद दुर्गा पूजा अथवा करमा महोत्सव में ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा छोटी बड़ी वाहनों की आवाजाही में किसी प्रकार का अतिक्रमण महसूस नहीं होगा गांव की साफ सफाई होने से गंदगी नहीं रहेगा और कचरे का ढेर तथा पानी का जल जमाव कहीं पर ना हो नहीं तो डेंगू मच्छरों का पनपने का डर रहेगा तथा इंसान के लिए जानलेवा मच्छरों के काटने से विभिन्न तरह के बीमारियां फैल सकती है, मुखिया ने गांव के हर टोला मोहल्ला में ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गांव के लोगों को भी अपनी जिम्मेवारी के साथ साफ सफाई करना चाहिए तथा पास पड़ोस में किसी प्रकार का गंदगी फैलने से रोके जल- जमाव को रोके तभी हमारा गांव पंचायत एक स्वस्थ पंचायत बन सकता है।इस मौके पर आजसू रामगढ़ प्रखंड सचिव जगदेव महतो, उप मुखिया मोहरा महतो वार्ड सदस्य प्रदीप नायक, संदीप कुमार, तुलसीदास महतो, दिनेश रविदास पूर्व वार्ड सदस्य कमली देवी,उमेश नायक, सुरेश महतो, नरेश रविदास संजय मुंडा, मिटकू रविदास ,अरविंद महतो जटानंद महतो ,राम चरण महतो, प्रकाश महतो, रामकुमार केसरी, रामेश्वर महतो बुद्धू महतो सहित कई दर्जन ग्रामीणों का सफाई अभियान में सहयोग रहा।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं श्री पारसनाथ जिनालय में दसलक्षण पर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ स्तिथ श्री दिगंबर जैन मन्दिर एवं रांची रोड स्तिथ श्री पारसनाथ जिनालय मे दसलक्षण पर्व के पहले दीन उत्तम क्षमा धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया । दोनो मंदिरो मे दसलक्षण पर्व विधान का मांडला मांडा गया, मुख्य कलस एवेम 4 अन्य कलस स्थापित किया गया । मांडला जी मे ासठ धातु के आठ अष्ट मंडल स्थापित किया गया । प्रथम अभिषेक रामगढ़ अमराव देवी पाटनी, उत्तम पाटनी, नरेंद्र छाबड़ा, हीरामणि देवी चुरीवाल, विद्याप्रकाश पदम चंद छाबड़ा, अरुणा जैन ,रांची रोड राजेश सेठी , शांतिधारा रामगढ़ अमराव देवी गंगवाल, देवेंद्र गंगवाल, रांची रोड बिमल कुमार सेठी , मुख्य मंगल कलश स्थापना रामगढ़ मीना पाटनी , रांचीरोड मिथलेश विनय जैन , चार अन्य कलश उषा पाटनी, प्रिय पाटनी, नम्रता अहमेरा, मनीषा पाटनी ने किया रांची रोड मे सुभाष पाटनी,बीरेंद्र गंगवाल,



सुरेश सेठी,विनोद सेठी , अष्ट मंडल स्थापना रेखा पाटनी, सरिता छाबड़ा, उषा अजमेरा, बीना बागड़ा, ममता बागड़ा, प्रतिमा सेठी, बंटी पाटनी,नम्रता अजमेरा, दीप प्रज्वलन अरूणा जैन ने किया महा आरती महेंद्र बागड़ा बीना बागड़ा परिवार, पंच मेरु स्थापना देवेंद्र गंगवाल, योगेश सेठी, राजेन्द्र चुरीवाल, राजेन्द्र पाटनी, ईशान पाटनी , उत्तम क्षमा धर्म पंडित दीपक शास्त्री ने बताया संसार में प्रत्येक मानव प्राणी के लिए क्षमा रूपी शास्त्र इतना आवश्यक है कि जिनके पास यह क्षमा नहीं होती वह मनुष्य संसार में अपने इष्ट कार्य की सिद्धि नहीं कर सकता है।क्षमा यह आत्मा का धर्म है, इसलिए जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं, उन्हें हमेशा इस भावना की रक्षा करनी चाहिए। क्षमावान् मनुष्य का इस लोक और परलोक में कोई शत्रु नहीं होता है। क्षमा ही सर्व धर्म का सार है। क्षमा ही सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप आत्मा का मुख्य सच्चा भंडार है। जैसे कि उत्तम क्षमा गुण गण सहयारी।

## बिजली पोल तार व ट्रांसफार्मर को लेकर विधायक ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को लिखा पत्र

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार फोर लेन एन एच 33 में गंगा धर्म कांटा से लेकर परमेश्वर सिंह के घर तक बिजली पोल, तार व ट्रांसफार्मर के लिए स्थानीय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रामगढ़ विद्युत अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। लिखे गए अनुशंसा पत्र में विधायक जेपी पटेल ने कहा है कि बिजली पोल, तार व ट्रांसफार्मर के अभाव में प्रभावित क्षेत्र के लोग आज भी ढिबरी युग में जीने को विवश है। इस पर उचित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द लोगों को सभी आवश्यक सामानों को उपलब्ध कराते हुए विद्युत व्यवस्था बहाल कराएं। विधायक द्वारा निर्गत अनुशंसा पत्र को लेकर मंगलवार को भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को सौंपते हुए जल्द से जल्द व्यवस्था बहाल कराने का आग्रह किया।



## गोला प्रखंड क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया एवं टाइफाइड के रोकथाम हेतू उपायुक्त को दिया गया आवेदन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया एवं टाइफाइड तेजी से अपना पाँव पसार रहा है। पुरे क्षेत्र में अभी तक कई लोग इससे ग्रसित हो चुके हैं। धीरे धीरे यह विकराल रूप धारण करते जा रहा है। इसी समस्या के रोकथाम को लेकर जिला काँग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर अख्तर व जिला काँग्रेस कमेटी के महासचिव राम विनय महतो ने इस जानलेवा बीमारी से लोगों को बचाव को लेकर रामगढ़ उपायुक्त को एक आवेदन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि गोला प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है यहाँ वर्षा ऋतु के इस मौसम में जहाँ तहाँ जल जमाव हो रहा है, जिसके कारण डेंगू, मलेरिया के चपेट में कई लोग आ चुके हैं जिसकी रोकथाम का कोई उपाय नजर नहीं आ रहा है। आवेदन के माध्यम से कहा गया है कि समय रहते इस पर जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति भयावह हो सकती है। बिमारियों से रोकथाम हेतू जनहित को लेकर पूरे क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव करने की माँग की गई है।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में 11वीं जेपीएससी को लेकर झारखंड स्पेशल पेपर के नए बैच की शुरुआत आज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूपीएससी व जेपीएससी की तैयारी कराने वाली देश की प्रतिष्ठित संस्थान चाणक्य आईएएस एकेडमी के कौशल्या प्लाजा स्थित हजारीबाग शाखा में 11वीं जेपीएससी की तैयारी को लेकर झारखंड स्पेशल पेपर के नए बैच की शुरुआत आज से की जाएगी। उक्त जानकारी संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि झारखंड स्पेशल पेपर जेपीएससी परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी के मद्देनजर झारखंड स्पेशल पेपर के नए बैच की शुरुआत संस्थान में आज से की जा रही है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्पेशल पेपर में झारखंड का संपूर्ण इतिहास के साथ साथ प्रमुख आंदोलन, संस्कृति, साहित्य व साहित्य से जुड़े व्यक्तित्व, झारखंड से जुड़ी भूमि क़ानून/अधिनियम, झारखंड की नृत्य, संगीत, पर्यटन स्थल समेत झारखंड से संबंधित व्यापक जानकारियां विषय विशेषज्ञों के माध्यम से अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी।

## रांची के सिठियो में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दूरदराज के इलाकों में रहने वाले गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के मकसद से मोजिबुर रहमान मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल प्रबंधक ने निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया।रांची के सिठियो में आयोजित चिकित्सा शिविर में भारी संख्या में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।इस कैंप का आयोजन डॉ. रूमाना रहमान और डॉ.एम के अनवर की देखरेख में किया गया।वहीं इस अवसर पर महिला विशेषज्ञ डाक्टर रूमाना रहमान ने महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।डा. रूमाना ने बताया कि कैंप में जांच के लिए आई महिलाएं अनीमिया ग्रस्त थी। महिलाओं में माहवारी अनियमितता, कमजोरी एवं हड्डी जोड़ के दर्द की समस्या अधिक पाई गई।हस्पताल प्रबंधन ने मरीजों में मुफ्त दवाएं भी वितरित की।डाक्टर एम के खुर्शीद ने कहा कि रांची में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और टायफाइड जैसी संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। इन बीमारियों से निजात के लिए मोजिबुर रहमान मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के प्रबन्धक यहां कैम्प लगाने का फैसला लिया। कैम्प में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और टायफाइड इत्यादी बीमारीयों का जांच किया गया तथा मरीजों को मुफ्त दवा दी गई।

## बिजली काटो अभियान का ट्रेड यूनियन नेताओं द्वारा भारी विरोध, बेरंग लौटे अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** बिजली काटो अभियान के तहत उप कार्मिक प्रबंधक मनीष अंबाष्ठ पुरे दल बल के साथ रेलीगड़ा दो तल्ला कॉलोनी में कॉलोनी स्थित लोगो के घरों में घुसकर बिजली काटने का प्रयास किया । लेकिन कॉलोनी वासियों के विरोध का सामना करना पड़ा तब लोगो ने ट्रेड यूनियन के नेताओं को इसकी सूचना दी, खबर मिलते ही सीएमयू के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय, बीसीकेयू के क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी, अध्यक्ष धनेश्वर तुरी, रासो सिंह, करुण सिंह एवम अन्य नेता वहां पहुंच गए और जमकर प्रबंधक के तानाशाही रवैया के खिलाफ नारेबाजी कर सभी अधिकारी कर्मचारी को हटाया गया। बढ़ता विरोध देख सभी अधिकारी कर्मचारी वहां से चले गये।इस पर उपस्थित नेताओ ने कहा की अरगडा प्रबंधक बिल्कुल निरंकुश एवं तानाशाह हो गई है, वर्तमान प्रबंधक पूरे क्षेत्र में अधौगिक अशांति फैला रही हैं साथ इनके कृत्यों से पूरे क्षेत्र में भय एवम तनाव का वातावरण व्याप्त है। प्रबंधन सभी श्रमिक संगठन के द्वारा दिए गए पत्र के बौजुद वार्ता करने को तैयार नहीं है और बिना मजदुर संगठन से वार्ता किए क्षेत्र का माहौल बिगड़ रही है, गिद्दी सी में अब प्रबंधन कौन अपराधी है कौन शरीफ इसका सर्टिफिकेट बांट रही है। जबकि सभी मजदुर संगठनों ने प्रबंधन के हर कार्यक्रम का बहिष्कार किया हुआ है। कल गिद्दी सी में सभी मजदुर संगठनों के नेताओ की बैठक है जिसमे इस निरंकुश एवम तानाशाह प्रबंधन से निपटना है इस पर फैसला लिया जाएगा और हम लोग आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे। साथ ही मजदूर नेताओ ने प्रबंधन को सतर्क किया की पुरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है यदि प्रबंधन सही रास्ता अख्तियार नही करती है ।

## झारखंड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी : मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत महथा बगीचा में झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मध्य निषेध मंत्री बेबी देवी शामिल हुई, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी एवं गोमिया पूर्व विधायक जोगेंद्र महतो शामिल हुए। अतिथियों द्वारा फाइनल मैच का शुभ उद्घाटन किया एवं दोनों पक्ष के खिलाड़ियों से परि चय प्राप्त करते हुए किक मारकर खेल का शुभारंभ किया इस मौके पर मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया तथा खेल मैदान में खूब आतिशबाजी भी की गई बैलून का गुब्बारा छोड़ा गया। खेलकूद समारोह को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी और खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रखंड स्तर पर खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा ,उन्होंने कहा कि गांव में खिलाड़ी को पहचानने की आवश्यकता है बेहतर खिलाड़ी एक न एक दिन अच्छा प्रदर्शन कर अपना मंजिल हासिल कर सकता है।

## पिंक पेबबल्स सिद्धि विनायक में 24 व 25 सितंबर को लगाएगी मेगा फैशन एग्जीबिशन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को सिटी सेंटर 17 डिग्री के सभागार में पिंक पेबबल्स कमेटी जिसमें 29 हजार महिलाएं शामिल हैं, इस संस्था की पांच महिलाओं ने एक आर्कषक मेगा फैशन एग्जिबिशन का आयोजन किया है। इसी संदर्भ में प्रेस वार्ता कर संस्था की पूजा सांवरिया ने बताया कि की 24 और 25 सितंबर को सिद्धि विनायक होटल धनसार में दो दिवसीय मेगा फैशन एग्जिबिशन सह सेल लगाया जाएगा। जिसमें विभिन्न ब्रांडों के ज्वेलरी और डायमंड ज्वैलरीज, करेंट लाइफस्टाइल के लेटेस्ट ईस्टर्न एंड वेस्टर्न कॉस्ट्यूम तथा अन्य महिलाओं द्वारा घर में निर्मित उपयोगी प्रॉड्ट्स के स्टॉल्स लगाए जाएंगे जिसमें बहुत सारे प्रोडक्ट्स धनबाद के लिए बिलकुल नए होंगे। एग्जिबिशन में केरल के फेमस विभिन्न ड्राई फरूट्स कोलकाता के खूब सूरत मनभावन कॉटन एवं विभिन्न साड़ीयां जो देखते ही पसंद आयेगी, सूरत से गोल्ड ज्वेलरी की रांची से खूबसूरत किडसवेयर,अन्य स्थानों की ज्वेलरीज, एंड डायमंड ज्वेलरी और स्थानीय ऑर्गेनिक अगरबत्ती, नेचुरल ब्यूटी प्रॉडिट्स, तंजोर आइटम्स, बेकरी आइटम्स के साथ लाइफ स्टाइल से जुड़ी अनेक स्टॉल्स लगेंगे। एग्जिबिशन के दोनो दिन कौंटिया ज्वेल्स खरीदारी पर एक लकी ड्रा निकलेंगे। प्रेस वार्ता में स्मृति चौधरी, मेघा मोदी, पूजा सावरिया थी।

## डीएवी कोयला नगर में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर के सभागार में शिक्षकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोविड के बाद से बच्चों में पढ़ाई के प्रति निरस्त और अरुचि को दूर करने के लिए सीबीएसई के द्वारा विभिन्न मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर में हैप्पी टीचर हैप्पी क्लासरूम विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में विपिन शर्मा रिटायर्ड प्रिंसिपल चिन्मया विद्यालय जमशेदपुर एवं परिधि सिंह चिन्मया विद्यालय जमशेदपुर ने अपना योगदान दिया। प्रशिक्षको ने अपने उत्कृष्ट प्रशिक्षण कौशल से सभी शिक्षकों को लाभान्वित किया। कार्यशाला के आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने विषय विशेषज्ञों को पुष्प कुछ देकर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं देव गण के बाद कार्यशाला प्रारंभ हुई।

## फुटबॉल टूनामेंट का समापन कार्यक्रम संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांगाटांड वदाही गॉव में आज मंगलवार को सोगेन क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूनामेंट कार्यक्रम का आज समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि झामुमो के केन्द्रीय सदस्य धरनीधर मंडल एवं विशिष्ट अतिथि कदैंया मुखिया अजीमुदीन अंसारी को कमिटी के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गयाञ। मौके पर रामेश्वर महतो,शंकर महतो,लेवा मरांडी,प्रकाश मरांडी,चंदन मरांडी,इस्लाम अनवर,गुरुचरण बास्की,शिशिर मंडल,अशोक मंडल आदि उपस्थित थे ।

## जमुआ में झारखण्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का स्थापना दिवस आज

**गिरिडीह/जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जमुआ में आज 7वां स्थापना दिवस मनाया जएगा। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव आशीष कुमार ने दिया। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा जमुआ के डीएवी पब्लिक स्कूल निकट रेलवे स्टेशन के पास मनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, विशिष्ट अतिथि जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षा पदाधिकारी, प्रमुख मिस्टू देवी,उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी, एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप निराला समेत प्रखण्ड के सभी निजी विद्यालय के प्रबंधक उपस्थित रहेगें।

## बीसीसीएल सीएमडी के आवास में मनी गणेश पूजा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल सीएमडी के आवास में भी पूरे भक्ति भाव श्रद्धा के साथ गणेश पूजा मनाया गया। गणेश पूजन में बीसीसीएल वरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा गणेश जी सिद्धि विनायक है और उनके आशीर्वाद से ही हम लोग किसी भी कार्य में सफल होते हैं। धनबाद एवं बीसीसीएल पर उनकी कृपा बनी रहे, यही हम लोग मनोकामना करते हैं।

## डेंगू के रोकथाम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# हर एक गली मुहल्ला में नियमित फॉगिंग के निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय में डेंगू के रोकथाम, सावधानियां एवं बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जिले में एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव, वार्ड वाईज फॉगिंग और साफ सफाई कराने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। उन्होंने लोगों से भी जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए आसपास पानी जमा नहीं होने देने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की।



इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि शहर में कहीं पर भी पानी एकत्रित न हो। रूके हुए पानी को समय पर निकालना आवश्यक है। एडीज मच्छर साफ और स्थिर पानी में ही पनपता है। उपायुक्त ने साथ ही साथ स्वयं लोगों को अपने अपने घरों में भी साफ सफाई रखने की अपील की ताकि लोग सुरक्षित रहें। उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि डेंगू प्रभावित व स्लम बस्ती जैसे संभावित एरिया को चिन्हित किया जाए और वहां पर नियमित रुप से फोगिंग करवाई जाए। लोगों को डेंगू से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर जागरुक किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों लक्षण होने पर उन्हें टेस्ट करवाने के लिए भी प्रेरित किया जाए। जिन किन्ही व्यक्ति को संबंधित लक्षण हो वैसे लोग अपने नजदीकी सीएचसी, पीएचसी, सदर अस्पताल में जा कर जांच करवा सकते हैं या फिर 9308826913 नंबर पर सम्पर्क कर ब्लड सैंपल दे सकते हैं। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, एडीएम लॉ एंड आर्डर कमलाकांत गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन,एसएनएमएमसीएच अधीक्षक डॉ अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त धनबाद, वीबीडी रमेश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## बंगाल के कानून मंत्री मलय घटक से मिले मुख्तार अहमद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने पश्चिम बंगाल के कानून मंत्री मलय घटक से उनके आवास पर भेंट की। इस दौरान झारखंड मे होने वाले आगामी लोक सभा चुनाव के संदर्भ मे विचार विमर्श हुआ। ज्ञात हो की टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने इंडिया पार्टी गठबंधन के समक्ष झारखंड के दो सीटों की मांग रखी है जिसमे धनबाद भी शामिल है। इस विषय पर रांची स्थित प्रदेश कार्यालय मे प्रदेश सचिव सह कार्यालय प्रभारी दया नंद प्रसाद सिंह के नेतृत्व मे पूर्व मे एक बैठक हुई थी। श्री सिंह ने बताया की बैठक मे सामुहिक रूप से यह निर्णय लिया गया है की धनबाद लोक सभा से टीएमसी का प्रतिनिधित्व कर रहे मुख्तार अहमद को मौका दिया जाना चाहिये क्योंकि सांसद पद के लिये वो एक योग्य एवं प्रबल दावेदार हैं। इसी के मद्देनजर मंत्री मलय घटक से मुख्तार अहमद की बात चीत हुई है। शीघ्र ही कोई सकारात्मक घोषणा की जाएगी।

## टुंडी विधायक ने चहारदिवारी निमॉण कार्य का किया शिलान्यास



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्कमित मध्य विद्यालय पथलचपड़ा में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से विद्यालय के चहारदिवारी निमॉण कार्य का शिलान्यास टुंडी के लोक प्रिय विधायक सह सतारूढ़ दल के सचेतक माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ. इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास तिवारी, सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, प्रखंड सचिव नवल केवट, हरिचरण निराला, रमेश पाण्डेय, योगेन्द्र मुरमू, सुरेश बढ़ई, बसंत महतो, मोती महतो, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रशासन के दावों के विपरीत मरीजों को निजी एंबुलेंस का लेना पड़ रहा है सहारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** स्थानीय प्रशासन लाख दावा कर ले परंतु आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे 108 एंबुलेंस का लाभ समय पर बिरनी के लोगों को नहीं मिल पा रही है। आलम यह है कि गरीब मरीजों भी को निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है। आए दिन बिरनी प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर पर तत्काल एंबुलेंस नहीं मिलने पर आम नागरिकों को निजी एम्बुलेंस लेना पड़ रहा है। मरीज के स्वजन 108 नंबर




पर फोन करते हैं तो कहा जाता है कि बिरनी में जो एम्बुलेंस है उसमें तकनीकी खराबी है, यदि आप 1 घंटा इंतजार करेंगे तो राजधनवार से एम्बुलेंस भेजा जाएगा परन्तु वह भी समय पर नहीं पहुंचती है। कभी कभी तो यहां तक कहा जाता है कि एंबुलेंस व्यस्त हैं, कोई भी एंबुलेंस खाली नहीं है। एंबुलेंस कब मिलेगा यह भी नहीं बताया जाता है। जरूरतमंद तत्काल एंबुलेंस नहीं मिलने से गंभीर मरीजों को मजबूरी में निजी एंबुलेंस किराए पर लेना पड़ रहा है। बता दें कि प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झारखण्ड सरकार की ओर से दो 108 एम्बुलेंस प्रदान किया गया है, परन्तु दोनों हीं एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी होने के वजह से अस्पताल परिषर में खडी है। एम्बुलेंस ड्राइवर ने जानकारी देते हुए कहा कि एक एम्बुलेंस का टायर खराब है वहीं दूसरे में मोबिल नहीं है जिस वजह से एम्बुलेंस कहीं नहीं जा सकती है।

## अवैध उत्खनन महुदा के मुचीराइडीह में सीआईएसएफ ने मारा छापा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** महुदा थाना क्षेत्र के मुचीराइडीह में बिना रोक ठोक चल रहा था अवैध खदान। सीआईएसएफ ने मारा छापा। बताया जाता हैं की महुदा थाना से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी मुचीराइडी फटक से दक्षिण की और मात्र पांच सो मित्र की दूरी पर घने जंगलों में कंपनी के खदानों से कोयला की खनन हो रही थी । जिसमे प्रति दिन दो हजार बोरी कोयला की निकासी हो रही थी। जिसकी सूचना जैसे ही सीआईएसएफ के अधिकारी को हुई। समय गवाए सीआईएसएफ ने मुचीराइड में छपे मारी कर कई टन कोयला जप्त किया। इस संबंध में महुदा छेत्र के सीआईएसएफ इंस्पेक्टर नीलम एक्का ने बताया कि इस तरह की कोई छापेमारी नही हुई है।

# डेंगू से बचाव के लिये हो उचित प्रबंध : ब्रजेंद्र प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रथम धनबाद जिला 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की झारखंड के अन्य जिलों की तरह धनबाद में भी डेंगू के कई मरीजों की पहचान हुई है। ऐसी सूचना मिल रही है की दिनों दिन डेंगू का कहर बढ़ते जा रहा है और लोग उससे पीड़ित हो रहे हैं।

अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए अलग से बेड का प्रबंध किया



जाए तथा उनके लिए विशेष वार्ड बनाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग खासकर जिला के सिविल सर्जन और पीएमसीएच के अधीक्षक से मांग किया है कि डेंगू के मरीजों पर खास ध्यान देने का निर्देश दिया जाए ताकि जिला में ज्यादा लोग परेशानियों का शिकार ना हो सके।

जो भी औषधि की जरूरत है उसे पूर्ण मात्रा में उपलब्ध भी कराया जाए। उपायुक्त से मांग किया है की डेंगू के मरीजों की देखभाल तथा उनके इलाजों पर चिकित्सकों को खास ध्यान देने का निर्देश दें ताकि धनबाद जिला में डेंगू अपना पैर प्रसार नहीं सके।

## उपायुक्त ने की डीएमएफटी द्वारा संचालित विभिन्न कार्यो के प्रगति की समीक्षा

### जल व सड़क से संबंधित समस्याओं की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पथ निर्माण विभाग, स्पेशल डिविजन, लघु सिंचाई, पीएचईडी, आरईओ, रूरल डेवलपमेंट, स्पेशल डिविजन, जरेडा, जुडको समेत अन्य विभाग द्वारा चल रहे कार्यों की उपायुक्त द्वारा क्रमवार समीक्षा की गई।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारी से लंबित एस्टीमेट, टेंडर प्रक्रिया, एग्रीमेंट



प्रक्रिया, कार्य अवधि, एनओसी समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। सभी विभागों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों द्वारा कार्य में आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि जरूरत पड़ने पर समस्याओं के समाधान हेतु विभागों से राज्य स्तर पर भी बात की जाएगी। उपायुक्त वरुण रंजन ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी योजनाओं को विभाग समय से पूरा करें। साथ ही उन्होंने पीएचईडी के पदाधिकारी को जल मीनार की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पानी की कोई भी परियोजना में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि जिस प्रकार की भी गड़बड़ी, मशीन खराबी आदि हो तो उसे तुरंत दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि जहां भी सड़के खराब है, जहां मरमती की आवश्यकता है उसकी भी एक रिपोर्ट तैयार कर अगली मीटिंग में प्रस्तुत करें ताकि समय से आम जनता का कार्य हो सके। साथ ही छोटी-छोटी आधारभूत संरचना की कमी के कारण आम जनता को परेशान ना होना पड़े। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, डायरेक्टर डीआरडीए मुमताज अली अहमद समेत संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहें।

**योजनाओं के लंबित एस्टीमेट जल्द उपलब्ध करने के निर्देश**

## झरिया विधायक ने गणेश पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल के गणेश पूजा में डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान में 35 वार्षिक गणेश महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। सुबह पूजा अर्चना करने झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, सिम्फ़र डिगवाडीह वैज्ञानिक आशीष मुखर्जी पहुचे। जजमान की भूमिका में गोगा पांडेय एव पत्नी अंजू पांडेय रही। वहीं पुजारी संजय पांडेय सहित दर्जन भर पुजारियों ने पूजा अर्चना किया है। गणपति बप्पा की पूजा में सैकड़ों भक्तों का तांता लगा रहा है। वही पूजा पंडाल का उद्धघाटन झरिया विधायक ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कमिटी के लोगों को आश्वासन दिया है की हर तरह का सहयोग दी जायेगी।

# पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में पीएम अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन

## विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 160 आवेदकों को किया गया शॉर्टलिस्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद में पीएम अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। आज के आयोजन में डॉक्टर कविता सिंह प्राचार्य, पीके मेमोरियल कॉलेज उपस्थित थे। जिनका स्वागत पौधा देकर नियोजन पदाधिकारी द्वारा किया गया। नियोजन पदाधिकारी सह सहायक शिक्षा सलाहकार आनंद कुमार के द्वारा एक्ट में उपलब्ध प्रावधानों एवं सुविधाओं के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार, आवेदक, आवेदिकाओं एवं उपस्थित नियोजकों को अवगत




कराया गया।

इस एक्ट के अंतर्गत आने वाले 30 या 30 से अधिक मानव बल वाले प्रतिष्ठान में 2.5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक कुल मानव बल का अप्रेंटिस (शिक्षु) रखना अनिवार्य है, अन्यथा इस एक्ट का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर दंड का भी प्रावधान है।

अप्रेंटिसेस को एस्टीपेंड के रूप में 5000 से 9000 प्रति माह देने का प्रावधान है जिसमें 75 फ़ीसदी प्रतिष्ठा एवं 25 फ़ीसदी सरकार द्वारा नियमानुसार दिया जाना है। इस अप्रेंटिसशिप मेला में पांच नियोजकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा लगभग 600 आवेदकों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 160 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

पीएम अप्रेंटिसशिप मेला में नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, किशोर कुमार सिंह, प्रशांत गोयल, विवेक कुमार, संजय कुमार, अमित कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेल रोको आंदोलन के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** धनबाद मंडल के गोमो और पारसनाथ स्टेषनों के मध्य कतिपय संगठनों द्वारा दिनांक 20.09.2023 से रेल रोको आंदोलन के मद्देनजर संरक्षा की दृष्टिकोण से कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द तथा कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

ऽरद्द ट्रेनें -

1.गाड़ी सं. 02832 भुवनेष्वर-धनबाद स्पेषल - 19.09.2023 को रद्द

2.गाड़ी सं. 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेषल - 19.09.2023 को रद्द

3. गाड़ी सं. 12444 आनंद विहार-हल्दिया एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

4. गाड़ी सं. 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

5. गाड़ी सं. 13404 भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

6. गाड़ी सं. 15021 शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

7. गाड़ी सं. 15028 गोरखपुर-हटिया एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

8. गाड़ी सं. 15662 कामाख्या-रांची एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

9. गाड़ी सं. 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

10. गाड़ी सं. 18186 गोड्डा-टाटा एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

11. गाड़ी सं. 28182 कटिहार-टाटा एक्सप्रेस - 19.09.2023 को रद्द

12. गाड़ी सं. 02831 धनबाद-भुवनेष्वर स्पेषल - 20.09.2023 को रद्द

13. गाड़ी सं. 03544 गोमो-आसनसोल मेमू स्पेषल - 20.09.2023 को रद्द

14. गाड़ी सं. 13305 धनबाद-सासाराम इंटरसिटी - 20.09.2023 को रद्द

15. गाड़ी सं. 13306 सासाराम-धनबाद इंटरसिटी - 20.09.2023 को रद्द

16. गाड़ी सं. 13545 आसनसोल-गया मेमू एक्सप्रेस - 20.09.2023 को रद्द

17. गाड़ी सं. 13546 गया-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस - 20.09.2023 को रद्द

18. गाड़ी सं. 13553 आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस - 20.09.2023 को रद्द

19. गाड़ी सं. 13554 वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस - 20.09.2023 को रद्द।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता व डॉ. रामेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड-सह-प्रभारी मंत्री, लोहरदगा और डॉ. रामेश्वर उराँव, मंत्री वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा आज 301.753 लाख रूपये की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें पथ निर्माण, गार्डवाल, डीप बोरिंग एवं पाईप लाईन निर्माण, पेभर ब्लॉक एवं सीढ़ी निर्माण, चेकडैम निर्माण की योजनाएं शामल हैं। मंत्रियों द्वारा 300.96 लाख रूपये की योजनाओ का उद्घाटन किया गया। इनमें पथ निर्माण, चेकडैम निर्माण और बिरसा प्रशिक्षण केंद्र की योजनाएं शामिल हैं। माननीय मंत्रियों द्वारा जिला परिषद परिसर में विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इनमें 420.928 लाख रूपये की लागत की परिसंपत्तियां शामिल हैं जिसका लाभ 10265 लाभुकों को मिला। इन विभागों में जिला पशुपालन/गव्य विकास विभाग की ओर से चार लाभुकों के बीच 02 गाय की योजना, एवं दो लाभुकों को बकरा विकास योजना का लाभ दिया गया। जेएसएलपीएस की ओर से 57 स्वयं सहायता समूहों के बीच 17.1 लाख रूपये की चक्रीय निधि और 797 स्वयं सहायता समूहों के बीच 396 लाख रूपये की सामुदायिक निवेध निधि का वितरण किया गया। श्रम विभाग की ओर से संचालित योजना में मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष अंतर्गत कुडू के लाभुक आरती उराँव को 1.50 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। कृषि विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच पावर स्प्रेयर मशीन का वितरण किया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में सदर प्रखण्ड के बाघा पंचायत के दो अनुसूचित जनजाति लाभुकों को चार पहियान वाहन की चाभी माननीय मंत्री द्वारा सौंपी गयी। भूमि संरक्षण विभाग की ओर से माही आजीविका सखी मंडल,तिगरा और हरियाली महिला मंडल किस्को के बीच ट्रैक्टर एवं अन्य उपकरण वितरण किया गया।

# हमारी संस्कृति, सभ्यता ही आदिवासियों की पहचान है : डॉ. रामेश्वर उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा कैरो प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों के बीच मांदर वाद्ययंत्र का वितरण किया गया। वित्त मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मांदर झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है यह हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है और हमारे ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में समूह गायन में, कलात्मक संगीत,नृत्य के लिए इसका उपयोग मुख्य तौर पर किया जाता है। इसके बिना त्योहार, अखाड़ा, गायन, वादन, नर्तन, झांकी, नाटक का सौंदर्य अधूरा होता है। इसलिए हमारे आदिवासी धार्मिक, सांस्कृतिक को बचाए रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण मेरे द्वारा किया जा रहा है जिससे हमारा पारंपरिक प्रकृति पर्व कर्मा पूरे जिले में हर्षोललास के साथ मनाया जा सके। इस वर्ष पूरा लोहरदगा जिला करमा पर्व का शुभ अवसर पर मांदर की थाप पर संगीतमय होगा। कर्मा पूर्व संध्या भी सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे। हमारे जिले में हमारे पारंपरिक स्थल अखड़ा की कमी थी जिससे देखते हुए मेरे विधायक मद से युद्ध स्तर पर अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है और जिले के लगभग सभी ग्रामों में अखड़ा का निर्माण किया जा चुका है।

# अवैध बालू लदा दो हाइवा, एक स्कार्पियो को पुलिस ने जब्त कर 6 व्यक्तियों को लिया हिरासत में






**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में सेन्हा चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप से देर रात बालू लदा दो हाइवा ट्रक को पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा दलबल के साथ करवाई किया गया। बालू लदा हाइवा ट्रक को रोक कर लोडेड बालू का कागजात की मांग की गई। तो कागजात के अनुसार हाइवा ट्रक में क्षमता से अधिक बालू लोड होने के कारण जब्त किया गया है। बताया जाता है कि जब्त हाइवा ट्रक जे एच 07 जी 8523 एवं जे एच 07 जी 7208 में सिसई थाना क्षेत्र के नागफेनी नदी से बालू लाद कर लोहरदगा ले जाया जा रहा था। उसी दौरान स्कार्पियो वाहन जे एच 01 एफ एफ 7639 को भी जब्त करते हुए चालक सहित 6 लोगों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है। वही बताया जाता है कि पूछताछ के पश्चात खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जब्त वाहन चालक एवं मालिक के विरुद्ध कारवाई आरम्भ कर दिया गया है

# अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित मेढो कोयल नदी से गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा जप्त कर ट्रैक्टर को सेन्हा थाना लाया गया है। वही बताया जाता है कि जब्त ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं ट्रैक्टर टोली में नम्बर अंकित नही है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने कहा जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया है। जिसे जब्त ट्रैक्टर का चालक एवं मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत खनिज संपदा चोरी एवं राजस्व क्षतिपूर्ति को लेकर नियम संगत कारवाई किया जाएगा। विदित हो कि क्षेत्र में अवैध बालू दोहन एवं राजस्व क्षति को लेकर पुलिस के सहयोग से विभाग लगतार कारवाई कर रही है। उसके बाबजूद धड़ले से बालू माफिया अवैध बालू ढुलाई में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं। वहीं सरकार द्वारा एनजीटी लगाए जाने के बाबजूद बालू माफियाओं द्वारा नियम का धज्जियां उड़ाया जा रहा है। थाना प्रभारी का कहना है की खनन विभाग के अधिकारी के निर्देशानुसार बालू माफियाओं के प्रति सख्त से सख्त नियम संगत कारवाई किया जाएगा।

# कराटे विजेता ने खेल पदाधिकारी से मिल मैट, कीट अन्य सामग्री उप्लब्ध कराने का किया मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत रा.उत्क्र.उच्च विद्यालय जिंगी के कराटे खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने जिला खेल पदाधीकारी उपवन बड़ा से मुलाकात की।विद्यालय के इन्हीं छात्र-छात्राओं के समूह ने पिछले दिनों राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 8 से 12 सितंबर तक आयोजित खेल कराटे लीग चैंपियनशिप 2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड सहित कई मेडल पर कब्जा जमाया था।जिला खेल पदाधिकारी उपवन बडा बच्चों से मिलकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों को किसी भी परिस्थिति में हार न मानने की सीख देते हुए कहा कि मेहनत जारी रखें। सफलता के लिए नियमित रूप से खेलते रहना और सीखते रहना बेहद जरूरी है। कम उम्र में बच्चों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में अभी कई मंजिलें तय करनी हैं। बाद में विद्यालय के प्र.प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी से खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयास की जानकारी ली। प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने उन्हें बताया कि कराटे खेल के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं होने के बावजूद बच्चों की लगन और कड़ी मेहनत से यह परिणाम हासिल हुआ है। उन्होंने खेल विभाग से मैट, किट, ड्रेस, पंचिंग बैग, इत्यादि जरूरी सामग्री विद्यालय में उपलब्ध कराने की मांग की। जिला खेल पदाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि बच्चों की प्रतिभा काब्ले तारीफ है। अपने स्तर से उनमे निखार लाने के लिए जो संभव होगा,वह जरूर करेंगे। मौके पर कोच देवंती कुमारी, कराटे मेडलिस्ट रानी कुमारी, टाना भगत, सूरज उरांव, अदनान अंसारी, रौशनी कुमारी, अमृता कुमारी, सूरजमुनी कुमारी, अंशु तिग्गा इत्यादि मौजूद थे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माता व बहनों को दिया उपहार : मनीर उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन है आज नई संसद भवन में प्रवेश कर पहली कार्वाही माता एवं बहनों की सशक्तिकरण के लिए कार्य किया जाना या दर्शाता है कि हम जब भी गृह प्रवेश करते हैं तो बतौर शगुन हम कुछ अपने माता एवं बहनों को देते हैं और यह महिला आरक्षण का तोहफा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने दिया है। देश के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा वह ऐतिहासिक क्षण था। लोकसभा में विधेयक पास होने के बाद गुरुवार को इसे राज्य में पेश किया जाएगा। विधेयक के पास होने और कानून बनने के बाद लोकसभा और विधानसभा में बहुत कुछ बदल जाएगा। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक पास होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। और भी अधिकारों में बढ़ोत्तरी होगी। परंतु इससे अधिनियम के पेश हो जाने से विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है जबकि इसका सर्वसम्मति से बिल पास हो जाना चाहिए था। इसका मूल कारण यह है कि यह अधिनियम कानून नहीं बन पाया अबतक । जब कांग्रेस की सरकार तो इसे आसानी से पास किया जा सकता था परंतु उनकी कभी महिलाओं एवं गरीब को लेकर सकारात्मक रवैया नहीं रहा आज जब मोदी जी के अधिनियम पास हुई है तो अलग-अलग रूप से विपक्ष अपना बात रख रहा है जो की बिल्कुल निराधार है धारा 370 तीन तलाक जैसे कानून में बदलाव दृढ़ इच्छाशक्ति से हुई थी उसी प्रकार यह भी हुई है। विपक्ष चुनावी वर्ष के फायदे का आरोप लगा रही है तो क्या कोई भी दल चुनावी वर्ष में देश हित के लिए निर्णय लेना बंद कर देगी इस तरह के भ्रामक बातें कांग्रेस एवं उनके साथी दलों का शुरू से यह कार्य रहा है कांग्रेस ने इतनी धारा 370 के हटने पर भी विरोध की थी और आज भी कर रही है देश समझदार है वह ऐतिहासिक फसलों में मोदी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।यह अधिनियम पास होकर कानून बनती है तो कई और योजनाओं का लाभ मिलेगा महिलाएं सशक्त होंगी तो हमारा घर, समाज, राज्य, देश सभी सशक्त होंगे।

# देसी पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार, जेल




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में सोमवार को पुलिस अधीक्षक लोहरदगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम बिडनी थाना से सेरेंगदाग जिला लोहरदगा में एक अज्ञात व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है, उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, थाना प्रभारी सेरेंगदाग एवं सेट 76 सशस्त्र बल के एक विशेष टीम गठित कर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए,मोहम्मद साहब भट्ट उम्र करीब 26 वर्ष पिता नूर मोहम्मद शकीन खड़िया पाड़ा गौसनगर थाना एवं जिला गुमला के पास से एक देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है,इसके संबंध में सेरेंगदाग थाना कांड संख्या 8/23 दिनांक 17 सितंबर 2023 धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ गुमला थाना में कई मामले दर्ज है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अवैध बालू परिचालन में संलिप्त 6 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिचालन मामले में पुलिस कारवाई करते हुए सेन्हा मेन चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप से दो हाइवा एवं एक स्कार्पियो को जब्त करते हुए 6 युवक को हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करते हुए जांचोपरांत जेल भेजा गया। बताया जाता है कि अवैध बालू खनन में संलिप्त हाइवा चालक कतरी निवासी अबियल खान के 28 वर्षीय पुत्र अफसर खान पतगच्छा निवासी स्वर्गीय हीरू महतो के 27 वर्षीय पुत्र भूलन महतो दोनों ट्रक चालक तथा स्कार्पियो जे एच 01 एफ एफ 7639 के मालिक एवं चालक उमरी निवासी श्यामलाल प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार लाल डूमरडीह निवासी अनिल उराँव के 35 वर्षीय पुत्र विकास कुमार लोहरदगा थाना क्षेत्र के ईटा निवासी बुधु उराँव के 30 वर्षीय पुत्र परनु उराँव तथा बालमोहन बड़ाइक को हाइवा ट्रक के पीछे पीछे पुलिस का रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कारवाई करते हुए तीनो वाहन को जब्त कर हिरासत में लिए गए सभी युवक की पूछताछ के दौरान अवैध बालू में संलिप्त होने की पुष्टि पर ओहरदगा जेल भेज दिया गया।

# पांच दिवसीय गणेश उत्सव का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** देवस्थल प्रांगण शांति नगर लोहरदगा में गणेश उत्सव आज दिनांक 19 सितंबर 2023 की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य सूरज मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है। जजमान के रूप में चंदन कुमार, स्पात्तिक एवं दिनेश वर्मा समेत कई भक्तजन शामिल हैं। वैदिक मंत्र व भक्ति संगीत के साथ आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। देवस्थल प्रांगण की साज सज्जा, विद्युत सज्जा देखने में बेहद आकर्षक लग रहा है। आसपास क्षेत्र के धर्मावलंबी पूजन के उपरांत प्रसाद ग्रहण का आशीर्वाद ले रहे हैं। संध्या महाआरती में भी महिला पुरुष, बच्चों की संख्या देखने को मिल रही है। युवाओं की भी भागीदारी इस वर्ष बढ़-चढ़कर देखने को मिल रही है। शांति नगर क्षेत्र में यह पांचवा वर्ष निरंतर गणेश उत्सव का त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। 19 सितंबर से 23 सितंबर तक 5 दिन का गणेश उत्सव आयोजित है। गणेश पूजन में समिति के अध्यक्ष दिव्यांशु कुमार, शुभम गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार व राजीव कुमार, संजय महतो, बैजनाथ प्रसाद गुडुस, शंकर गुप्ता, मंजू देवी, बबीता गुप्ता, ज्योति वर्मा, चंद्रिका यादव, अनुराधा देवी, धीरज प्रसाद, संजय साव, राजेश गुप्ता, बिट्टू कुमार, मोनित कुमार समेत युवा वर्ग, मातृशक्ति एवं अभिभावकों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

# नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय मैदान में करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से लगभग 80 खोड़हा दल पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ आदिवासी महिला पुरुष शामिल हुए। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम का अरु और कल्हेपाट का पहान पुजार द्वारा तथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। तथा कार्यक्रम में आये हुए सभी खोड़हा दल के लोगो का आदिवासी परम्परा के अनुसार स्वागत किया गया। मौके पर मौजूद सेन्हा प्रखंड जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि करम आदिवासीयों का बहुत ही पुराना त्यौहार है। अपना पर्व त्यौहार को संरक्षित करना है। और आदिवासी समाज के सभी पहान पुजार तथा समाज के अगुवा और भाई बहनों को इसे संरक्षित करने की जरूरत है। क्योंकि करमा, जितिया, सरहुल पर्व से ही आदिवासी धर्म और समाज का पहचान होता है। आदिवासी समुदाय लोग प्राकृतिक का उपासक हैं। और उसी का पूजा भी करते हैं। जिसके लिये असिवसी समाज के हम सभी लोगों को अपना धर्म, संस्कृति, परम्परा और रीति रिवाज को बचाना है. जिस तरह हमारे पूर्वजों ने समाज मे रीति रिवाज के अनुसार धर्म और संस्कृति को बनाया है। उसी तरह हमे भी उसका पालन करते हुए निभाना है। वही करमा पर्व पूर्व संध्या में आये हुए सभी खोड़हा दल के लोगों को सान्त्वना पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया।

# ओम प्रकाश सिंह ने पूर्व महाधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा के निधन पर किया अशोक व्यक्त



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने झारखंड के पूर्व महाधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता और झारखंड के कानून विदों में अग्रणी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने कहा है वे एक सफल अधिवक्ता के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में बढ़कर भाग लेने वाले व्यक्ति थे। शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता देवाशीष कार, अनिल पांडे, प्रवीण भारती, तरुण देवरिया, लाल दीपक नाथ शाहदेव, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सामाजिक कार्यकर्ता संजय बर्मन, भाजपा नेता अजय पंकज युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनिष शिखर, विश्वजीत नाथ शाहदेव, मिथुन तमेडा, शशिभूषण सिंह, अतुल सराफ आदि शामिल हैं।

## खेल आपसी भाईचारगी को प्रगाढ़ करता है : सुखदेव भगत

# गगेया में आयोजित सैनिक सम्मान फुटबॉल टूर्नामेंट में झालझमीरा की टीम हुआ चैंपियन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के गगेया प्रोजेक्ट स्कूल के मैदान में नव युवक संघ गगेया के द्वारा चार दिवसीय सैनिक सम्मान फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह के फाइनल मैच झालझमिरा और शिवराजपुर घाघरा के बीच खेला गया जिसमें टाई ब्रेकर में 3-2 से झालझमिरा चैंपियन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की थी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत कर उन्हें मंच तक लाया गया। फाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि फुटबॉल खेल में जीवन का फलसफा समाहित है। फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है ।हमारे क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में काफी जुनून है। खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। झारखंड से भी काफी खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता एवं अनुशासन में रखकर खेलना होगा। लोहरदगा जिला में सैकड़ो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता है। अच्छे-अच्छे खिलाड़ी सामने आ रहे हैं बस हम सुबो को उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। जिला फुटबाल संघ जिले के ग्रामीण स्तर के बेहतर खिलाड़ियों को सामने लाने के लिए सतत प्रयास रहती है। खेल से आपसी भाईचारा और प्रगाढ़ होता है ।श्री भगत ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति का आभार प्रकट किये। इस दौरान पूर्व एवं वर्तमान दर्जनों सैनिकों को मंच के द्वारा स्वागत किया गया।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उच्च पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग, झारखण्ड-सह-प्रभारी मंत्री, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज जिला योजना समिति, लोहरदगा की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पिछली बैठक में कार्यवाही संपुष्ट की गई। साथ ही समिति के छह उप समितियों का गठन के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें ग्रामीण विकास एवं कृषि विभाग कार्यक्रम उप समिति, नगरीय विकास उप समिति, लोक स्वास्थ्य,परिवार कल्याण एवं पेयजल आपूर्ति तथा सिंचाई विकास कार्यक्रम उप समिति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़े वर्ग एवं कमजोर वर्ग के विकास तथा महिला एवं बाल विकास उप समिति,शिक्षा एवं रोजगार निर्माण एवं उपलब्धता उप समिति और सड़क परिवहन विकास निदेश क्षेत्र में स्थित भूमि के उपयोग के निर्धारण सांसद एवं विधायक क्षेत्रीय विकास योजना के विकास कार्यो का प्रबोधन उप समिति शामिल है। प्रत्येक उप समिति में अधिकतक पांच सदस्य हैं। उच्च च चिकित्सा आआ बैठक में कार्यकारिणी समिति से वर्ष 2023-24 की पारित वार्षिक कार्य योजना के आवंटन उपलब्ध के आलोक में प्राथमिकता निर्धारणोपरांत वार्षिक कार्य योजना अंतर्गत कुल 93 योजनाओं व उनके लागत पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा एलडीएम को निदेश दिया गया कि जिन बैंकों की शाखाएं किसी भवन के उपरी तल्ले में स्थित हैं वहां के दिव्यांग और वृद्ध बैंक खाताधारकों के लिए लेन-देन की व्यवस्था ग्राउंड फ्लोर पर की जाय। बैठक में पाखर व बगडू में जर्जर सड़क, सलगी में निर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन के हस्तांतरण, कस्तूरबा बालिका विद्यालय कैरो तक पहुंच पथ,कुडू स्थित सीएचसी में की स्थिति,कुडू क्षेत्र में डिग्री कॉलेज,पेशरार में अधूरा निर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र और एंबुलेंस की व्यवस्था, सेन्हा के डांडू में स्वास्थ्य केंद्र में बिजली समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं, किस्को के खंबन गांव में बिजली की समस्या, सलगी के रोचो ग्राम में स्टेडियम की मांग,सभी प्रखण्ड में आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजलापूर्ति की स्थिति, शहरी जलापूर्ति की स्थिति, स्ट्रीट लाईट की स्थिति आदि समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया गया।

# नदी से युवक का शव बरामद झारखंड पुलिस में था तैनात

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही गांव की है, जहां झारखंड पुलिस में कार्यरत गुमला जिला में पोस्टिंग बुद्धदेव उरांव पिता चिलगु उरांव का शव सदर प्रखंड स्थित हरमू कोयल नदी से बरामद की गई। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को 9:30 बजे के आसपास और घर से निकला था, और 18 सितंबर को परिवार वालों को सूचना मिली की कोयल नदी में उसकी लाश मिला है पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया,इस मामले में अभी तक घटना की पुष्टि कैसे हुई पता नहीं चल पाया है, हालांकि इस मामले में पुलिस घटना के पीछे राज का पता करने में जुटी है।

# सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की हुई मौत परिवार छाया मातम

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना के सेरेंगहातु में घर के समीप खड़े तो बच्चो को तेज रफ्तार वाहन द्वारा धक्का मारने से हुए दोनों घायल। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु ढोड़हा के समीप परमेश्वर साहु का 14 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार साहू अपना 6 वर्षीय भगिना के साथ घर के समीप खड़ा था। उसी दौरान भंडरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही चार पहिया वाहन के चालक द्वारा विपरीत दिशा में जा कर घर के समीप खड़े दोनों बच्चों को धक्का मार दिया। जिससे दोनों बच्चा घायल हो गए वही दोनों घायल बच्चो को परिवार के सदस्यों द्वारा आनन फानन में इलाज के लिये राँची ले जाया जा रहा था। परिवार वालो का कहना है की गाड़ी से धक्का लगने के कारण दोनों बच्चों का स्थिति चिंताजनक बना हुआ है। वही इलाज के लिये राँची ले जाने के दौरान घायल दोनों बच्चों का रास्ते में मौत हो गई। जिसे परिवार में मातम छा गया है।

## चलते चलते एक नजर

### ब्राउन शुगर बेचने वाली महिला समेत 8 लोगों को हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनेश कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में एक महिला समेत 8 लोगों को दोषी पाते हुए उम्र कैद और आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। मालूम हो कि लोअर बाजार थाना के कलाल टोली के रहने वाले स्व हाजी नेसार के भाई मो मक़सूद के छोटे बेटे जैफ आलम की बीते 7 दिसम्बर 20 18 को कर्बला चौक के नजदीक दोषी करार सभी आरोपियों द्वारा मिल कर हत्या कर दी गई थी। सभी दोषियों ने रॉड इत्यादि से मार कर उसकी हत्या कर्बला चौक के पास ही कर दिया था । बताया जाता है कि मृतक जैफ मारवाड़ी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान कर्बला चौक साबिर पान दुकान के पास के रहने वाले और तीन लड़के डोरंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले सभी लोग ब्राउन शुगर बेचने का काम करते थे। इसी का विरोध जैफ ने किया था। इसी विरोध में आकर महिला भी लड़कों के साथ मिलकर मारपीट की थी। महिला ने दुपट्टा से जैफ का गला फांसी लगा दिया था । इन सभी के खिलाफ में लोअर बाजार थाना में एक मामला दर्ज हुआ था सभी की गिरफ्तारी हुई और एजेसी दिनेश कुमार की अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। सज़ा पाने वालों में मो साबिर,पत्नी निखत परवीन, बेटा साजिद उर्फ माचिस,आसिफ उर्फ माबो,छोटका उर्फ परमाणु के अलावा डोरंडा यूनुस चौक का दानिश ,विक्की और मो इरशाद उर्फ रैडर शामिल है। इस केस के सरकारी वकील (पीपी) परमानंद यादव पैरवीकार थे।

### संत समाज के प्रेरणा स्रोत थे स्वामी सत्यमित्रानंद गिरीः अवधेशानंद

**हरिद्वार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत माता मंदिर के संस्थापक और पद्म भूषण से अलंकृत ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रांनद गिरी महाराज का प्रकटोत्सव जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज की अध्यक्षता व सभी अखाड़ों के सानिध्य में भारत माता मंदिर में समारोह पूर्वक मनाया गया.इस अवसर पर संत महापुरुषों ने सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान संतों ने नए संसद भवन के निर्माण और संसद सत्र में महिला आरक्षण बिल लाए जाने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई भी दी। स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रांनद गिरी महाराज संत समाज के प्रेरणा स्त्रोत और महान तपस्वी व विद्वान संत थे। उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए मानव सेवा में योगदान का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। संसद के नए भवन और महिला आरक्षण बिल लाए जाने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा संत समाज को विश्वास है कि नया संसद भवन देश में कल्याणकारी योजनाओं का गवाह बनेगा। संसद में लाए जा रहे महिला आरक्षण बिल को लेकर भी केंद्र सरकार की प्रशंसा करते हुए स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि सनातन संस्कृति में नारी को पूजनीय माना गया है और महिलाओं के सशक्त होने से देश भी सशक्त होगा। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज त्याग एवं तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार और शिक्षाएं सदैव समाज का मार्गदर्शन करती रहेंगी। भारत माता मंदिर ट्रस्ट के सचिव आईडी शास्त्री, महंत स्वामी ललितानंद गिरी महाराज व भारत माता मंदिर के ट्रस्टियों ने सभी संत महापुरूषों एवं अतिथीयों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### जैन धर्मावलंबियों का पर्यूषण पर्व शुरू, 29 को होगा समापन



**खूंटी :** पर्यूषण पर्व जैन धर्मावलंबियों का एक बड़ा पर्व है। यह पर्व भगवान महावीर के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मो, जियो और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है। इस पर्व में जैन समाज के लोग इन 10 दिनों तक व्रत, उपवास, त्याग एवं तप करते हैं। इस दौरान जैन समाज के लोग दसों दिन धार्मिक गतिविधियों में लीन रहते हैं। इस संबंध में रोहित जैन ने बताया कि खूंटी में जैन मंदिर के निर्माण के बाद यह पहला पर्यूषण पर्व मनाया जा रहा है। इस बार पर्यूषण पर मुख्य रूप से जैन समाज के भरत और उनकी टीम खूंटी आई है। भरत की देखरेख में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये जायेंगे। रोहित जैन ने बताया कि इन दस दिनों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम, जिसमें धार्मिक तंबोला, कौन बनेगा करोड़पति, चलो शिखरजी की यात्रा, धार्मिक अंताक्षरी सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी कार्यक्रम पूर्ण धार्मिक रहेंगे।पर्यूषण पर्व यानी उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकींचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य ही पर्व का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इसके बाद क्षमा वाणी पर्व मनाया जाएगा, जिसमें सभी लोग एक दूसरे से साल भर की हुई गलती के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगेगे। मंगलवार को धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन किया गया, जिसमें ममता जैन, रिंकू जैन, अनुराधा जैन, मनीष जैन, ममता जैन, निक्की जैन, शालु जैन, रुचि जैन, पिंकी जैन, मेघा जैन, रश्मि जैन, संगीता जैन आदि ने भाग लिया। इसमें प्रथम विजेता रश्मि जैन और द्वितीय विजेता संगीता जैन रही।

### संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश होने पर पीएम मोदी को बधाई : देवेगौड़ा



**नई दिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने संसद के वरिष्ठ सदस्य होने के नाते युवा सहयोगियों को सलाह दी कि संसद का उपयोग बहस के लिए किया जाना चाहिए, न कि विरोध प्रदर्शन के लिए. उन्होंने कहा कि सदन में जानकारीपूर्ण चर्चा के लिए सांसद हमेशा तैयार होकर आएं. उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय दलों को एक राष्ट्र और उसके लोकतंत्र के लिए भारत की प्रगति में छोटे, क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय सदस्यों के योगदान को समझना और स्वीकार करना चाहिए.महिला आरक्षण बिल पर पूर्व प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को बधाई दी है. उन्होंने कहा,मैं प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देना चाहता हूं, कम से कम उन्होंने कैबिनेट में निर्णय लिया है.यह मामला 1996 से लंबित था. मेरे नेतृत्व वाली यूनाइटेड फ्रंट ने 1996 में महिला आरक्षण मुद्दे को उठाया था.जेडीएस नेता ने कहा, ÷संसद को गरीबों, किसानों, पीड़ितों और अल्पसंख्यकों को कभी नहीं भूलना चाहिए. उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई संसद का 90 प्रतिशत समय ऐसे लोगों की जरूरतों और उनके विकास पर चर्चा करने में गुजरेगा.÷ कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य देवेगौड़ा ने अपने बयान में कहा, ÷हम पुरानी इमारत की ढेर सारी यादें और अपने लोकतंत्र की भावना नई इमारत में ले जा रही हैं. कर्नाटक के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह राजनीति में इतने लंबे समय तक रहेंगे और अपने जिंदगी में नया संसद भवन भी देखेंगे. यह इस देश की निरंतर प्रगति और इसके लोकतंत्र की गहराई का संकेत है.

## कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह हत्याकांड को लेकर तनाव

# कनाडा की हरकत पर सख्त हुआ भारत

## भारत ने कनाडाई राजदूत को किया निष्कासित, कहा 5 दिन में छोड़ दें देश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर का हत्या का आरोप भारत पर लगाते हुए एक टॉप भारतीय राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया. वहीं, भारत ने भी ईट का जवाब पत्थर से देते हुए कुछ ही घंटों बाद एक सीनियर कनाडाई राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है. विदेश मंत्रालय की तरफ से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है. राजयनिक को 5 दिनों के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है.दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कनाडाई संसद को संबोधित करते हुए कहा कि सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ हो सकता है. उन्होंने सीधे तौर पर भारत पर आरोप लगा दिए. सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि कनाडा की विदेश मंत्री ने भी यही बातें कहीं. इसके बाद भारत ने बयान जारी कर कनाडा के आरोपों को खारिज कर दिया. भारत ने कहा कि कनाडा का हत्या का आरोप लगाया बेहद ही बेतुका और राजनीति से प्रेरित है.विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया,भारत में कनाडा के हाई कमिश्नर को आज बुलाया गया. उन्हें बताया गया कि भारत ने नई दिल्ली में मौजूद एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को देश छोड़कर जाने को कहने का फैसला किया है. राजनयिक को पांच दिनों के भीतर भारत छोड़कर जाने को कहा गया है.विदेश मंत्रालय ने आगे कहा,ये फैसला हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दिखाता है.

### कौन था हरदीप सिंह निज्जर, जिस पर मचा है बवाल ?

हरदीप सिंह निज्जर प्रतिबंधित अलगाववादी ग्रुप सिख फॉर जस्टिस से जुड़ा हुआ था. वह गुरुपतवंत सिंह पन्नू के बाद इस ग्रुप का दूसरे नंबर का नेता था. इस साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई. निज्जर जालंधर के भारसिंह पुरा गांव का रहने वाला था. वह 1996 में कनाडा चला गया था. कनाडा में उसने पलंबर के तौर पर काम की शुरुआत की. लेकिन जल्द ही वह खालिस्तानी गतिविधियों में शामिल हो गया.निज्जर कनाडाई नागरिक बन गया था. यही वजह है कि उसकी हत्या के बाद से ही कनाडा में कुछ सिख अलगाववादी संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह हत्या की जांच करे. कनाडा के पीएम ने भी निज्जर की हत्या को लेकर संसद में कहा कि उनकी जमीन पर कनाडाई नागरिक की हत्या संप्रभुता का उल्लंघन है.

### भारत-कनाडा विवाद में कांग्रेस ने दिया सरकार का साथ

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की जून, 2023 में हुई हत्या में भारतीय एजेंटों की भूमिका वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भारत सरकार का समर्थन किया है. भारत सरकार ने भी कनाडाई पीएम के आरोपों को बेतुका और प्रेरित करार देकर खारिज कर दिया है. कांग्रेस के कम्युनिकेशन्स इन्चार्ज जयराम रमेश ने कहा है कि देश के हितों और चिंताओं को हर वक्त सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए. उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स पर लिखा,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हमेशा मानना रहा है कि आतंकवाद के ख़िलाफ़ हमारे मुल्क की लड़ाई में कोई समझौता नहीं होना चाहिए, विशेषकर तब, जब आतंकवाद भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए खतरा बन जाए.देश के हित और चिंताएं हर वक्त सबसे ऊपर रखी जानी चाहिए.

### गांव-गांव में अमृत कलश यात्रा का आयोजन


एजेंसी

**बागपथ :** बागपत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दर्जनों गांवों में अमृत कलश यात्रा निकाली गयी और ग्रामीणों को जल संचय के प्रति जागरूक किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान के दूसरे दिन जिले के विभिन्न गांवों में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बच्चे, बूढ़े, जवान, सभी आयु वर्ग के लोग जुड़े जिनमें स्कूल के विद्यार्थी, ग्राम प्रधान, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, नेहरू युवा केन्द्र बागपत के युवा स्वयंसेवक आदि ने सहभागिता दी। अभियान के दूसरे दिन सुल्तानपुर हटाना, खेड़की, बरवाला, जलालपुर, बडावद, इदरीशपुर, सूजती, पिचकोरा, जिवाना, हलालपुर, बदरखा, बासोली, डूंडाहेडा, सैदपुर कलां, महरमपुर, गोठरा, भगौट, फुलेरा, सैडभर, सांकलपुट्ठी, मुकारी आदि गांवों में कलश यात्रा निकाली गई।जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग इस अभियान की सफलता में कार्य कर रहे है। ग्राम पंचायत स्तर के बाद इस अभियान को नगर निकाय और पालिका स्तर पर संचालित किए जायेगा ।

### छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में है विश्वस्तरीय उपकरण व सुविधाएं : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**रायपुर :** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को राजधानी स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान इंस्टिट्यूट में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभांवित मरीजों तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री बघेल का अभिनंदन कर आभार जताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के सलाहाकार रूचिर गर्ग तथा डॉ. प्रीति नागरिया, डॉ. स्मिथ श्रीवास्तव, डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।मुख्यमंत्री बघेल ने आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके तहत प्रदेश के दूरस्थ वनांचल तक सुगम इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। हमारे लिए यह गर्व की बात हैं कि आज छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों में भी ऐसे उपकरण और ऐसी सुविधाएं हैं, जिनकी तुलना विश्वस्तर पर की जा सकती है।



## पुराने संसद भवन के विदाई समारोह के अवसर पर बोले पीएम मोदी


# पुरानी संसद भवन को संविधान सदन के रूप में जाना जाए

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुराने संसद भवन के विदाई समारोह के अवसर पर कहा कि ये सेंट्रल हॉल हमारी भावनाओं से भरा हुआ है. हमें भावुक भी करता है और हमें हमारे कर्त्तव्यों के लिए प्रेरित भी करता है. यहीं, संविधान सभाओं की बैठकें हुई. संविधान ने आकार लिया. यहीं तिरंगा और राष्ट्रगान अपनाया गया. संसद में 4000 से अधिक कानून पास हुए.अनुछेद 370 से मुक्ति का कानून बना. 1952 के बाद दुनिया के करीब 41 राष्ट्राध्यक्षों ने इस सेंट्रल हॉल में हमारे सभी सांसदों को संबोधित किया है. हमारे सभी राष्ट्रपति के द्वारा 86 बार यहां संबोधन दिया गया है.यहां से हम नए संकल्स के साथ प्रस्थान कर रहे हैं.नए भविष्य का श्रीगणेश करने

**नए संसद भवन में हम सब मिलकर नए भविष्य का श्रीगणेश करेंगे**

जा रहे हैं.संसद के विशेष सत्र के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि नए संसद भवन में हम सब मिलकर नए भविष्य का श्रीगणेश करेंगे. आज हम यहां विकसित भारत का संकल्प दोहराना, फिर एक बार संकल्प बद्ध होना और उसका परिपूर्ण करने के लिए जी जान से जुटने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं. इससे पहले पीएम मोदी ने सभी देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं.पीएम मोदी ने कहा कि मेरा एक एक सुझाव है कि जब हम नई संसद में जा रहे हैं तो इसकी (पुरानी संसद भवन) गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। इसे सिर्फ पुराना संसद भवन बनाकर नहीं छोड़ देना चाहिए। मेरा आग्रह है कि यदि आप सहमत हैं तो इसे संविधान सदन के नाम से जाना जाए।



**ट्रांसजेंडर को न्याय देने वाले कानूनों का भी निर्माण किया:** पीएम मोदी ने कहा कि संसद ने बीते वर्षों में ट्रांसजेंडर को न्याय देने वाले कानूनों का भी निर्माण किया. इसके माध्यम से हमने ट्रांसजेंडर को भी सद्भाव और सम्मान के साथ नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाकी सुविधाएं देने की दिशा में कदम बढ़ाया है.

**कश्मीर शांति और विकास के रास्ते पर चल पड़ा है:** अनुछेद 370 का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने इस सदन में अनुच्छेद-370 से मुक्ति पाने, अलगाववाद एवं आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने का महत्वपूर्ण कदम उठाया. इस काम में माननीय सांसदों और संसद की बहुत बड़ी भूमिका है. जम्मू कश्मीर में इसी सदन में निर्मित संविधान लागू किया गया. आज जम्मू कश्मीर शांति और विकास के रास्ते पर चल पड़ा है और नई उमंग, नए उत्साह, नए संकल्प के साथ वहां के लोग आगे बढ़ने का कोई मौका अब छोड़ना नहीं चाहते.

# छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला सुकमा में एक लाख इनामी मिलिशिया कमाण्डर सहित छह नक्सलियों ने पुलिस व सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।आत्म समर्पित सभी नक्सली कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल थे। नक्सलियों के आत्म समर्पण करने से पुलिस को फायदा मिलेगा। आगे नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में सीआरपीएफ 131 वाहिनी के आमसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। सुकमा पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार देर शाम को छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन अभियान नीति के तहत विश्वास विकास एवं सुरक्षा की भावना से एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा



रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर छह सक्रिय नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया। जिसमें मिलिशिया कमाण्डर एलमागुण्डा आरपीसी एक लाख इनामी सुक्का, मिलिशिया सदस्य मंगा, मिलिशिया सदस्य, सन्ना, मिलिशिया सदस्य लखमा, डीएकेएमएस सदस्य नंदा डीएकेएमएस सदस्य कोसा ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में सीआरपीएफ 131 वाहिनी द्वितीय कमान अधिकारी मौली मोहन कुमार, एएसपी उत्तम प्रताप सिंह के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहे है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की पुनर्वास योजना के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएँ प्रदान किया जाएगा।

# गणेशोत्सव की धूम, घर-घर में विराजित हो रहे भगवान गणेश

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मंगलवार को गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में गणेशोत्सव की धूम है। घर में पधारो गजानंद जी, म्हारे घर में पधारो... इन स्वरों के साथ आम लोगों के साथ ही राजनेता भी अपने घरों और पार्टी दफ्तरों में भगवान श्री गणेश की विभिन्न रूपों में बनी प्रतिमाओं की स्थापना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी सुबह बाजार जाकर भगवान गणेश की प्रतिमा ली और अपने घरों में स्थापित की। घरों के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। यह सिलसिला देर रात तक जारी है। गणेशोत्सव का पर्व 10 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पार्वती नंदन की विशेष आराधना की जाएगी।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हर साल अपने घर में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करते हैं। इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर वे गणेश जी की लेने के लिए एक आम भक्त की तरह बाजार पहुंचे। उन्होंने परिवार के साथ भोपाल के प्लेटिनम प्लाजा के पास मूर्तिकार रवि प्रजापति द्वारा निर्मित विघ्नहर्ता गणपति की प्रतिमा लाकर निवास में प्रतिष्ठापित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह, पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री निवास में विधि विधान पूर्वक गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। मुख्यमंत्री ने सपरिवार भगवान गणेश की पूजा अर्चना की.गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी हर साल की तरह अपने निवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की है। सुबह वे ढोल नगाड़ों की थाप के साथ भगवान गजानन को सिर पर रखकर अपने निवास ले गए। सभी ने गणपति से प्रदेश के लिए मंगल कामना की। चुनावी वर्ष होने के कारण राजनीतिक दल भी हिंदू वोटरों को साधने के लिए गणेश उत्सव का त्योहार धूमधाम से मना रहे हैं। प्रदेश की दोनों प्रमुख पार्टियों कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने कार्यालय में भगवान गणपति की प्रतिमाओं की स्थापना की है।

# मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ के 1359 आंगबाड़ी केंद्रों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह (01 से 30 सितंबर) के तहत 155 करोड़ रुपये की लागत से 1,359 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 50 करोड़ रुपये की लागत से 171 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास और 2.90 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को यूनिफॉर्म (साड़ी) के लिए डीबीटी माध्यम से 29 करोड़ रुपये की धनराशि का



हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खीर खिलाकर अन्न प्रासन भी कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि 1977 से 2017 तक करीब हजारों बच्चे जापानी इन्सेफेलाइटिस से मौत के मुंह में समा गए थे। 2018 के बाद से उनकी मौत में लगातार कमी आई। अब हम इस बीमारी को पूरी तरह से समाप्त करने में सफल हुए हैं। यह हमारी केवल बीमारी के खिलाफ लड़ाई नहीं थी, इसमें कुपोषण को दूर करने, पौष्टिक आहार नहीं मिलने, प्रदूषित जल के अलावा वहां की परिस्थितियों से भी लड़ाई थी लेकिन जब सभी विभागों ने मिलकर अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूरी कीं तो आज परिणाम सबके सामने है। यह भारत के भविष्य इन बच्चों को बचाने का भी अभियान रहा और हम उसमें सफल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बजट की कमी नहीं है। हर ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत के पास निधि है। हर नगर निकाय के पास भी पैसा है। विधायक निधि, सांसद निधि में पैसा है। उद्योगों में सीएसआईआर की निधि है। इन सभी को अगर हम जोड़कर मिशन मोड में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दें तो हर आंगनबाड़ी का अपना एक केंद्र अपना एक भवन हो सकता है। इस मौके पर महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण से महिलाओं के सपनों को मिलेगी उड़ान

एजेंसी

**वाराणसी :** नए संसद भवन में पहले दिन मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) लोकसभा में पेश हो गया। विधेयक को लेकर महिलाओं में उत्साह है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत कर स्वदेशी जागरण मंच काशी महानगर की संयोजिका कविता मालवीय ने कहा कि देश और प्रदेश की राजनीति में महिलाओं का कद बढ़ेगा। सशक्त होने के साथ उनके सपनों को भी उड़ान मिलेगी। कविता मालवीय ने कहा कि महिला सांसदों की संख्या भी बढ़ेगी। लोकसभा की 545 सीटों में से लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इसी तरह राज्यसभा के 246 सीटों में 82 पर महिलाओं की भागीदारी होगी। नारीशक्ति वंदन विधेयक से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। कविता मालवीय ने कहा कि सियासत में महिलाओं की भागीदारी से मतदान प्रतिशत भी बढ़ जायेगा। महिला केंद्रित योजनाओं की संख्या भी बढ़ेगी। पुरातत्व वेत्ता डॉ माधुरी शर्मा ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत किया और कहा कि इससे महिलाएं सशक्त होने के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। एलआईसी का कार्य करने वाली जाह्नवी सिंह ने कहा कि महिलाओं को अधिकार मिलेगा, महिलाएं सशक्त होंगी तो देश के उत्थान में भागीदारी भी बढ़ेगी।